राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 328
लखनऊ, गुरुवार 30 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नौ थीम पर विकास कार्य कर समृद्ध बनेंगी ग्राम पंचायतें 10

युवाओं के सपनों से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई रियायत नहीं : केशव 03


**–: सर्राफा बाजार :–**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,43,660/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,31,700/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,07,780/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### अगस्त से दो बड़े टीकाकरण अभियान शुरू

**लखनऊ।** योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण का भी सशक्त माध्यम बना रही है। अगस्त माह में विद्यालयों के माध्यम से दो विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किए जाएंगे, जिससे बच्चों को गंभीर संक्रामक बीमारियों के विरुद्ध दोहरा सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जा सके। पहले चरण में 3 से 7 अगस्त तक टीडी/टीडीएपी (टिटनेस, डिप्थीरिया एवं काली खांसी) तथा दूसरे चरण में 18 से 28 अगस्त तक एमआर (मीजल्स–रूबेला) टीकाकरण अभियान संचालित होगा। अभियान के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में परिषदीय विद्यालयों, सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत पात्र बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।

### स्वतंत्र ऑडिट के लिए सांसद ने राज्यसभा में दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ. सैयद नासिर हुसैन ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के खातों और कार्यप्रणाली की व्यापक एवं स्वतंत्र जांच (ऑडिट) कराने की मांग को लेकर राज्यसभा में नियम 267 के तहत कार्यस्थगन नोटिस दिया है। नासिर हुसैन ने अपने नोटिस में सरकार से मांग की है कि सदन की नियमित कार्यवाही स्थगित कर इस महत्वपूर्ण विषय पर तत्काल चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन और कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सार्वजनिक सवालों को देखते हुए उसके खातों का एक व्यापक, स्वतंत्र और निष्पक्ष ऑडिट कराया जाना आवश्यक है।

### इराक में अमेरिका- सऊदी अरब के संयुक्त हमले में 20 लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक में अमेरिका और सऊदी अरब के साझा हवाई हमलों में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। इन हमलों में ईरान से जुड़े लॉजिस्टिक्स और हथियारों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस घटना के बाद बगदाद में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। दूसरी ओर, तेहरान ने जॉर्डन में मौजूद अमरीकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी मिसाइल हमले करने का दावा किया है। इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेस (पीएमएफ) ने टेलीग्राम पर एक बयान जारी कर पुष्टि की कि अमेरिका और सऊदी अरब के हमलों में कम से कम 20 जवान शहीद हुए हैं और 32 घायल हैं। समूह के अनुसार, ये हमले बगदाद, वासित, निनवे, बसरा, किरकुक, कर्बला और दियाला समेत सात प्रांतों में स्थित उनके सैन्य ठिकानों पर हुए। इससे उनके मुख्यालयों, वाहनों और हथियारों को भारी नुकसान पहुंचा है।

# पेपर लीक पर लोकसभा में सख्त कानून पास

## पेपर लीक के संगठित अपराध पर अब 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर रोक लगाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार का लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 बुधवार को लोकसभा से ध्वनिमत से पारित हो गया। करीब नौ घंटे चली चर्चा के बाद विपक्ष के हंगामे के बीच सदन ने विधेयक को मंजूरी दी। संशोधित कानून में संगठित तरीके से पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ और परीक्षा माफिया के खिलाफ दंड को पहले से अधिक कठोर बनाया गया है। गंभीर मामलों में अब अधिकतम 10 वर्ष तक की कैद और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है।



**संशोधित कानून की प्रमुख बातें**

- पेपर लीक और संगठित परीक्षा अपराधों पर अधिकतम 10 वर्ष तक सजा।
- दोषी पाए जाने पर 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान।
- परीक्षा माफिया, तकनीकी नेटवर्क और संगठित गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई।
- परीक्षा प्रक्रिया में शामिल दोषी अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी।
- सरकार का दावा– कानून से सार्वजनिक परीक्षाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

**हंगामे के बीच ध्वनिमत से विधेयक पारित**

विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने परीक्षा प्रणाली, छात्रों के आंदोलन और सरकार की जवाबदेही का मुद्दा उठाया। उन्होंने हाल के छात्र प्रदर्शनों, पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उनके कुछ बयानों पर सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई, जिससे सदन में कई बार हंगामा हुआ और कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी द्वारा प्रयुक्त एक शब्द को नियम 380 के तहत कार्यवाही से हटाने का निर्देश भी दिया। चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार परीक्षा माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उनका कहना था कि विपक्ष ने विधेयक के प्रावधानों की बजाय राजनीतिक आरोपों पर अधिक जोर दिया। उन्होंने राहुल गांधी के कुछ आरोपों को तथ्यहीन बताते हुए खारिज किया। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह कानून देश के करोड़ों छात्रों की मांग को ध्यान में रखकर लाया गया है और इससे भर्ती तथा प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता मजबूत होगी। सरकार का दावा है कि संशोधित कानून से संगठित अपराध में शामिल गिरोहों, परीक्षा संचालित करने वाली संस्थाओं के दोषी अधिकारियों और तकनीकी माध्यमों से गड़बड़ी करने वालों पर अधिक प्रभावी कार्रवाई संभव होगी। दोनों सदनों की कार्यवाही शाम को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### वंदे मातरम् को मिला कानूनी संरक्षण, राज्यसभा से संशोधन विधेयक पारित

राज्यसभा ने बुधवार को राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को भी राष्ट्रीय गान जन–गण–मन के समान कानूनी संरक्षण प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया। नए प्रावधान के तहत वंदे मातरम् का अपमान, अनादर करना या उसके गायन में जानबूझकर बाधा डालना दंडनीय अपराध माना जाएगा। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष तक के कारावास, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान किया गया है। विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष ने इसे राष्ट्रीय सम्मान और देश की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए आवश्यक कदम बताया। सरकार का कहना था कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है और उसे उचित कानूनी संरक्षण मिलना चाहिए। वहीं, विपक्ष ने कुछ प्रावधानों को लेकर अपनी आशंकाएं भी व्यक्त कीं और कानून के दुरुपयोग से बचने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश बनाने की मांग की। चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इससे पहले दिन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। विपक्ष ने छात्र आंदोलन और पुलिस कार्रवाई समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा, जिसके कारण सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित भी करनी पड़ी। बाद में कार्यवाही सामान्य होने पर विधायी कार्य निपटाए गए। विधेयक पारित होने के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### सदन में तीखी तकरार, राहुल के बयान पर कई बार रुकी कार्यवाही

पेपर लीक संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन, पेपर लीक और पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि छात्रों पर बल प्रयोग हुआ और गृह मंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए।
राहुल गांधी के कुछ बयानों पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कड़ी आपत्ति जताई और आरोपों को निराधार बताते हुए माफी की मांग की। इसी दौरान राहुल गांधी द्वारा इडियट शब्द के इस्तेमाल पर भी सत्ता पक्ष ने विरोध जताया। स्पीकर ओम बिरला ने नियम 380 के तहत उक्त शब्द को कार्यवाही से हटाने (एक्सपंज) का निर्देश दिया और सदन की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दोपहर में दो बार स्थगित करनी पड़ी। बाद में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चर्चा का जवाब देते हुए विपक्ष पर विधेयक के बजाय राजनीति करने का आरोप लगाया। इसके बाद लगातार शोर–शराबे के बीच सरकार ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित करा लिया।

### कॉमनवेल्थ में चमके गुलवीर, 10 हजार मीटर दौड़ में रजत



### मुक्केबाजी में भारत के आठ पदक पक्के

**एजेंसी, ग्लासगो।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 27 मिनट 49.78 सेकेंड का समय निकालते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। यह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। उधर, मुक्केबाजी में भारत ने बुधवार को आठ पदक पक्के कर लिए। पुरुष वर्ग में अंकुश पंघल (80 किग्रा) और सचिन सिवाच (70 किग्रा) ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में साक्षी चौधरी (51 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) भी अंतिम चार में पहुंच गईं।

# देश की सुरक्षा के लिये हमारी सेना तैयार : राजनाथ

- रक्षा मंत्री ने देश के पहले सैन्य चिकित्सा विभाग का किया उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लखनऊ के कमांड हॉस्पिटल (सेंट्रल कमांड) में देश के पहले समर्पित डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन का वर्चुअल उद्घाटन किया। सेना की मेडिकल सेवाओं के महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तहत स्थापित यह विभाग सैन्य चिकित्सा, शोध, प्रशिक्षण और भविष्य के युद्धक्षेत्रों में चिकित्सा तैयारियों को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह विभाग सैनिकों को आधुनिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में शोध और विशेषज्ञता विकसित करने का केंद्र बनेगा।

उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक दुनिया के सबसे कठिन इलाकों और प्रतिकूल मौसम में तैनात रहते हैं। ऐसे में उनकी जरूरतों के अनुरूप विशेष चिकित्सा प्रोटोकॉल विकसित करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यह विभाग भविष्य के युद्धों और बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप देश की चिकित्सा क्षमता को मजबूत करेगा और सैनिकों का मनोबल भी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक दौर में यह विभाग शोध एवं विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा और नई तकनीकों से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए देश को तैयार करेगा। उन्होंने इसे भविष्य की सुरक्षा जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। रक्षा मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह विभाग आर्मी मेडिकल कॉर्प्स के युवा डॉक्टरों के लिए आधुनिक युद्धक्षेत्र चिकित्सा, बैटलफील्ड नर्सिंग और एडवांस ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण केंद्र बनेगा। साथ ही छात्रों को मिलिट्री मेडिसिन में सुपर स्पेशलाइजेशन करने का अवसर मिलेगा, जिससे सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की वैश्विक पहचान भी मजबूत होगी।



**बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सैनिकों की युद्ध क्षमता व देश की सुरक्षा से जुड़ी है**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इलाज से पहले बीमारी की रोकथाम पर ध्यान देना राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने एआई, वियरेबल डिवाइस, प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स और एडवांस डायग्नोस्टिक्स जैसी तकनीकों के उपयोग से सैनिकों के स्वास्थ्य की रियल टाइम निगरानी और संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की समय रहते पहचान करने पर जोर दिया। उनके अनुसार बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सीधे तौर पर सैनिकों की युद्ध क्षमता और देश की सुरक्षा से जुड़ी है।

## सीएम का वाराणसी में बड़ा ऐलान

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में जहां-जहां महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए छतरी लगाने का कार्य किया जाएगा। सरकार महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करने और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि भदोही जिले का नाम पुनः अब संत रविदास नगर होगा। अखिलेश यादव सरकार ने इस जिले का नाम एक बार फिर बदलकर भदोही कर दिया था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और संत रविदास के सम्मान से जुड़ी पहचान बदलने का प्रयास किया लेकिन डबल इंजन की सरकार इस पहचान को वापस लाएगी।

### विधानसभा सत्र तीन से पेश होगा अनुपूरक बजट



**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र 3 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। महज चार दिनों का यह सत्र इस बार राज्य के विकास और विधायी कार्यों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। भले ही सत्र की अवधि छोटी है लेकिन सरकार ने इन चार दिनों में अनुपूरक बजट पेश करने से लेकर कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पास कराने का बड़ा खाका तैयार कर लिया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्र का पूरा तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिया है।

# भदोही जिले का नाम फिर संत रविदास नगर होगा

- सीएम ने संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में समरसता संकल्प अभियान का किया शुभारंभ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर भाजपा की ओर से आयोजित राष्ट्रव्यापी श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान को संबोधित कर रहे थे। संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में मुख्यमंत्री ने अभियान का शुरूआत कर कहा कि संत रविदास ने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनके विचार समाज को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संत रविदास ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और मां गंगा के तट पर मानव जीवन का सार बताते हुए कहा था, मन चंगा तो कठौती में गंगा। संत रविदास के विचारों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव, समरसता और सेवा की भावना को मजबूत किया जा सकता है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में भी सहायक बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामाजिक समरसता अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य संकल्प के साथ किया जा रहा है। सच्चे भारतीय का दायित्व है कि संत रविदास ने करीब 650 वर्ष पहले जो संदेश समाज को दिया था, उसे जमीनी स्तर पर उतारते हुए कर्म साधना के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि संतों की बात वे लोग स्वीकार नहीं करेंगे, जो समाज को बांटने का काम करते हैं। समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिनके आदर्श बाबर और औरंगजेब रहे हैं। ये लोग समाज को खाई-खाई में बांटकर आपस में लड़ाने का काम करते हैं।

# सीजेआई को गाली देने के आरोपित को जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के दौरान हंगामा करने, मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए अपशब्द कहने और सुरक्षाकर्मियों से कथित मारपीट के आरोप में गिरफ्तार कानून के छात्र प्रबल प्रताप सिंह को दिल्ली की एक निचली अदालत ने जमानत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपी का आचरण निंदनीय है, लेकिन जमानत का निर्णय कानून के स्थापित सिद्धांतों के आधार पर किया जाएगा।

न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने 27 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट जैसी सर्वोच्च संस्था की गरिमा किसी एक व्यक्ति के अमर्यादित व्यवहार से कम नहीं हो सकती। अदालतों को ऐसे मामलों में भी संस्थागत संयम बनाए रखना चाहिए। अदालत ने उम्मीद जताई कि आरोपी भविष्य में न्यायालय की गरिमा और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेगा।



- अदालत बोली, आचरण निंदनीय, पर कानून के अनुसार मिलेगी राहत

अदालत ने आरोपी को 25 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले में अधिकतम दो वर्ष की सजा का प्रावधान है, पुलिस जांच पूरी हो चुकी है और आगे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आरोपी को लगातार जेल में रखना आवश्यक नहीं है।

पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई 2026 को उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी और लखनऊ विश्वविद्यालय के तृतीय वर्ष के कानून छात्र प्रबल प्रताप सिंह ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के दौरान कथित रूप से अपशब्द कहे, कागजात फेंके, हंगामा किया और सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। घटना के समय वह रायबरेली निवासी एक अन्य कानून छात्र के साथ स्वयं अपना पक्ष रखने के लिए अदालत में उपस्थित था। इस घटना का वीडियो भी सामाजिक मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था।

### मनमोहन सिंह के खिलाफ कोयला ब्लॉक केस खत्म



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ चल रही न्यायिक कार्यवाही समाप्त कर दी है। अदालत ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट द्वारा 2015 में जारी समन रद्द कर दिया। मामला ओडिशा के तलाबीरा–II कोयला ब्लॉक के आवंटन से जुड़ा था। उस समय डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री के साथ–साथ कोयला मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रहे थे। सीबीआई ने जांच के बाद उनके खिलाफ अभियोजन चलाने लायक साक्ष्य नहीं मिलने की बात कहते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने 2015 में डॉ. मनमोहन सिंह, उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला, पूर्व कोयला सचिव पी.सी. पारख और अन्य को समन जारी कर दिया था।


# पीओके प्रदर्शनकारी भारत जैसे दुश्मन : पाक रक्षा मंत्री

- 32 की मौत के बाद बढ़ा तनाव

**एजेंसी, इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चुनावी व्यवस्था के विरोध में जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने प्रदर्शनकारियों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे लोगों को पाकिस्तान भारत की तरह अपना दुश्मन मानता है और ऐसे लोगों से किसी भी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी।

आसिफ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पिछले दो दिनों में



रावलाकोट और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की फायरिंग में 32 प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है, जबकि 50 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं। हिंसा के बाद पूरे पीओके में अतिरिक्त सेना, अर्द्धसैनिक बल और सशस्त्र कांस्टेबुलरी की तैनाती कर दी गई है। प्रशासन ने धारा-144 लागू कर इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं।

**सहूलियत** — योगी सरकार ने दी ग्रामीणों को बड़ी राहत

# छह जिलों की 110 ग्राम पंचायतों में आधार सेवाएं शुरू

- पहले चरण में लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व बलरामपुर के लोगों को मिली सुविधा
- प्रदेश की 57,694 ग्राम पंचायतों में आधार केंद्र खोलने का लक्ष्य, पहले चरण में 5,000 पंचायतें शामिल
- अब तक 1200 से ज्यादा पंचायत सहायकों को दिया गया प्रारम्भिक प्रशिक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अब आधार कार्ड बनवाने, उसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर या बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए ग्रामीणों को शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ी पहल की है। इसके तहत छह जिलों की 110 ग्राम पंचायतों में आधार नामांकन एवं अपडेट सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इस व्यवस्था से अब तक 75,000 से अधिक आधार सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं।

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि योगी सरकार की योजना चरणबद्ध तरीके से सभी ग्राम पंचायतों तक यह सुविधा पहुंचाने की है। इसके तहत प्रदेश की 57,694 ग्राम पंचायतों में आधार केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में 5000 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इससे न केवल ग्रामीणों के समय व धन की बचत होगी, बल्कि पंचायतों की अपनी आय बढ़ाने का भी नया रास्ता खुलेगा।



**डिजिटल पंचायतों की मजबूत नींव**

योजना को गति देने के लिए पंचायत सहायकों को आधार ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 1200 से अधिक पंचायत सहायकों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि शेष का प्रशिक्षण जारी है। वर्तमान में 179 पंचायत सहायकों की ऑपरेटर आईडी सक्रिय हो चुकी है और 157 आधार मशीनों का एक्टिवेशन पूरा कर लिया गया है। इससे ग्राम पंचायत स्तर पर सेवाओं का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व बलरामपुर की 110 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। इन जिलों के ग्रामीणों को अब आधार सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है।

**पंचायतें बनेंगी नागरिक सेवा का केंद्र**

पंचायती राज निदेशक के अनुसार, यह पहल केवल आधार सेवाओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ग्राम पंचायतों को भविष्य में डिजिटल नागरिक सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने की मजबूत आधारशिला बनेगी। इससे ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी और पंचायतों की आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। विभाग ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आधार सेवाओं की शुरुआत एक महत्वपूर्ण कदम है और जल्द ही इसका लाभ प्रदेश के हर गांव तक पहुंचेगा।

# बहराइच-नानपारा मार्ग पर ट्रक व टेंपो में टक्कर

## हादसे में टेंपो चालक की मौत, तीन लोग घायल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बहराइच-नानपारा मार्ग पर बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नानपारा टोल प्लाजा और चीनी मिल के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने सीएनजी टेंपो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र में टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर हुई। नानपारा से बहराइच की ओर आ रहे एक ट्रक ने सामने से आ रहे सीएनजी टेंपो को टक्कर मारी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना नानपारा पुलिस को दी।सूचना मिलते ही कोतवाल राजनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही टेंपो चालक मुकुल गुप्ता की घटनास्थल पर मौत हो चुकी थी। टेंपो में सवार घायलों की पहचान दीक्षा (32), सादिया ढाई साल और अभिषेक (38) के रूप में हुई है। ये सभी लखीमपुर खीरी जिले के रामनगर, एलआरपी चौकी के निवासी हैं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# ब्लॉक स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड पयागपुर के सभागार में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी पयागपुर आशुतोष श्रीवास्तव ने की। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इस दौरान डिप्थीरिया एवं टिटनेस स्कूल आधारित टीकाकरण, एचपीवी टीकाकरण, संचारी दस्तक अभियान, मिजिल्स रूबेला टीकाकरण,राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर सेवाएं, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड कैंप,बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा अन्य जनस्वास्थ्य गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे बीडीओ श्री आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं सक्रिय सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। बैठक में अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी,सीडीपीओ विमला देवी, एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल डब्ल्यूएचओ एफएम अविनाश अवस्थी, बेसिक शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा व श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान और कलश यात्रा का शुभारंभ

- जिले भर के 200 मंदिरों में हुआ संत सम्मान व दीपोत्सव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गुरु पूर्णिमा व श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान और कलश यात्रा के शुभारम्भ अवसर पर भाजपा ने बुधवार को प्रदेश भर में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक अभियान कार्यक्रम किया।जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक और संगठन के पदाधिकारी विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना किये संतों, महंतों और पुजारियों का सम्मान किया। इसी निमित जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय ने मरी माता मंदिर जाकर पूजा अर्चन कर पुजारियों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया तथा सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बनारस के सीर गोवर्धनपुर में संत गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी 'श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' और कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत जन्मस्थली की माटी से भरे 131 कलशों का पूजन और प्रतिनिधियों को वितरण हुआ जो अपने जिले में लाकर वितरण करेंगे संत रविदास के समरसता और समानता के संदेश को देश के 20 हजार से अधिक स्थानों तक पहुंचाना। इस अवसर पर आज बहराइच के जिले भर में लगभग 200 मंदिरो में 65 दीपो का दीपोत्सव तथा भजन कीर्तन किया जायेगा। जिसमें जिसमें जिलाध्यक्ष सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया कि यह अभियान केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज में समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और संत परंपरा के प्रति सम्मान का संदेश भी देगा। जिला और मंडल स्तर तक पार्टी कार्यकर्ता स्थानीय मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर धार्मिक आयोजनों से जुड़ रहे है।

## खबरें एक नजर में

### नवविवाहिता रोशनी की गई जान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। जानकी पुरवा, करनैलगंज निवासी सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रोशनी का विवाह 12 मई 2026 को परसपुर थाना क्षेत्र के पांडेय पुरवा निवासी सूरज पांडेय के साथ धूमधाम से किया था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर रोशनी को प्रताड़ित कर रहा था। सुरेन्द्र कुमार का आरोप है कि 26 जुलाई 2026 की सुबह ससुराल के सभी लोग एक राय होकर रोशनी के साथ मारपीट करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्होंने रोशनी की हत्या कर दी और शव को फांसी पर लटका दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पिता ने तत्काल परसपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। महिला संगठनों ने भी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### जनपद में निपुण संकल्प कार्यशाला 2026 का हुआ भव्य आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप बालक-बालिका को बाल वाटिका से कक्षा 5 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से दक्ष बनाने तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण, आनंददायी एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हरियाली रिज़ॉर्ट में निपुण संकल्प कार्यशाला 2026 का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरान्त छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति एवं भारतीय ज्ञान परम्परा की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने कहा कि निपुण भारत मिशन केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से जनपद के प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण विकसित किया जाएगा तथा प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जाएगा।

### उर्वरक वितरण व्यवस्था पर प्रशासन का सघन अभियान जारी

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद में किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री, कालाबाजारी, स्टॉक में गड़बड़ी तथा अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी उपेन्द्र नाथ खरवार एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए (कृषि) द्वारा संयुक्त रूप से तहसील उतरौला के पेहर बाजार स्थित उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर दो उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए, जबकि एक विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स अमन खाद भंडार, पेहर बाजार, उतरौला पर टीम के पहुंचते ही विक्रेता दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय किसानों ने बताया कि उन्हें यूरिया निर्धारित मूल्य से लगभग ?350 प्रति बोरी अधिक कीमत पर बेची गई थी। विक्रेता के भाई ने बताया कि दुकान संचालक गोंडा गए हैं। विक्रेता की अनुपस्थिति के कारण स्टॉक एवं अभिलेखों का सत्यापन नहीं कराया जा सका। निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री तथा निरीक्षण से बचने के उद्देश्य से दुकान बंद कर भागने को गंभीर अनियमितता मानते हुए संबंधित विक्रेता का उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# रूपईडीहा में श्रद्धा व भक्तिपूर्वक गुरुपूर्णिमा मनाई गई

- गायत्री मंदिर एवं श्री राम जानकी मंदिर में हुए यज्ञ-हवन, पूजन व भंडारे का आयोजन



**रूपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। शांति नगर स्थित गायत्री मंदिर तथा श्री राम जानकी मंदिर में यज्ञ, हवन, पूजन, आरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

दोनों मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। शांति नगर स्थित गायत्री मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के परिव्राजक जगदंबा प्रसाद पांडे के द्वारा विधि-विधान से हवन एवं पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं गायत्री मंदिर रूपईडीहा के संस्थापक देव शंकर शुक्ल सहित माया उपाध्याय, किशोरी विश्वकर्मा तथा गायत्री परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार का संकल्प लिया। वहीं श्री राम जानकी मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यज्ञ, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत भगवान दास जी ने अपने पूज्य गुरु एवं परम गुरु का विधिवत पूजन कर आरती की। इस दौरान उनके गुरु भाई एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर के अनेक भक्तों ने, जो गुरु-शिष्य परंपरा से जुड़े हैं, गुरु चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में श्री राम जानकी मंदिर के व्यवस्थापक नरेश मित्तल, सीताराम अग्रवाल, केदारनाथ अग्रवाल, महेश मित्तल एवं नीलेश मित्तल की विशेष सहभागिता रही। दोनों मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों ने गुरु-शिष्य परंपरा, आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## किसानों को उचित रेट में खाद उपलब्ध कराने के लिए एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** जिले के सभी फुटकर खाद विक्रेताओं ने समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा श्रावस्ती के नेतृत्व में अपर जिला अधिकारी न्यायिक श्री शिव नारायण सिंह को खाद की कालाबाजारी रोकने एवं उचित रेट में यूरिया उपलब्ध कराने हेतु ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि इस समय धान की फसल व गन्ने के फसल में किसानों द्वारा खाद डालना अति आवश्यक है इस बात को ध्यान में रखते हुए किसानों को यूरिया उपलब्ध कराना अति आवश्यक है हम सभी रिटेलर बंधु/फुटकर खाद विक्रेता होने के कारण जिले के सम्मानित खाद होलसेलर से खाद खरीदते हैं होलसेलर द्वारा हम सभी रिटेलर बंधु को समर्थन मूल्य से अधिक रेट से खाद बेचा जाता है।

## गोंडा में डंपर व ई-रिक्शा की टक्कर से सब्जी व्यापारी की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देहात कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने लोडिंग ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में सब्जी व्यापारी पराग दत्त साहू की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार खिरौरा मोहन निवासी पराग दत्त साहू और उनके साथी झगरू मौर्य बुधवार सुबह करीब 5 बजे लोडिंग ई-रिक्शा से गोंडा सब्जी मंडी गए थे। दोनों ताजी सब्जियां खरीदकर आसपास के गांवों में बेचते थे।

सब्जी खरीदने के बाद दोनों वापस गांव लौट रहे थे। सुबह करीब 7 बजे खिरौरा मोहन के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में पराग दत्त साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं झगरू मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पराग दत्त साहू ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। उनकी मौत से पत्नी और बच्चों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

**पुलिस का बयान**

देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। डंपर और चालक की पहचान कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

- समय पर जांच व उपचार का दिया गया संदेश




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें एमबीबीएस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हेपेटाइटिस के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाने का उद्देश्य वायरल हेपेटाइटिस (लीवर की सूजन) के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना तथा इस बीमारी के उन्मूलन की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम Hepatitis Lets Break It Down है, जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस से जुड़े भ्रम, कलंक और जानकारी के अभाव को दूर करते हुए प्रत्येक व्यक्ति तक जांच, उपचार और बचाव का संदेश पहुंचाना है।

## स्वयं सहायता समूहों की प्रोफाईलिंग कार्य में तेज़ी लाएं अधिकारी: सीडीओ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन, प्रोफाईलिंग, विद्युत सखी एक्टिवेशन, आरएफपी एवं सीआईएफ की डिमांड तथा बैंक क्रेडिट लिंकेज की बिंदुवार समीक्षा के उद्देश्य से विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए प्रभारी उपायुक्त स्वतः रोज़गार रवि शंकर पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जुलाई 2026 तक स्वयं सहायता समूह गठन का निर्धारित लक्ष्य 5,639 के सापेक्ष 1,092 समूहों का गठन किया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड महसी, पयागपुर, हुजूरपुर, चितौरा एवं शिवपुर की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों आईएसबी एवं ब्लॉक मिशन मैनेजरों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिया। साथ ही सभी विकास खण्डों को स्वयं सहायता समूहों की प्रोफाईलिंग, विद्युत सखी एक्टिवेशन, आरएफपी, सीआईएफ की मांग तथा बैंक क्रेडिट लिंकेज की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने शासन के महत्वाकांक्षी तिरंगा झण्डा निर्माण अभियान की समीक्षा करते हुए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रेरित कर 12 अगस्त 2026 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में तिरंगा झण्डों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## पागल कुत्ते ने युवक और मासूम पर किया हमला

- दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सलारगंज इलाके में एक पागल कुत्ते ने बुधवार सुबह एक युवक और एक मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, इनायत अली नामक युवक सलारगंज इलाके में फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता है। बुधवार को जब वह फेरी लगा रहा था, तभी अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर उसकी जान बच सकी और कुत्ता भाग गया।इसी इलाके में रहने वाले जूही साहू के 12 साल के बेटे कुश साहू पर मंगलवार शाम हमला हुआ था। कुश अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। मासूम की चीख सुनकर परिवार के लोग डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद कुत्ता उसे छोड़कर भाग गया। परिवार के सदस्य कुश को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार किया गया। इन घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं दोबारा न हो सकें।

## केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के गृह क्षेत्र में वीबी-जीरामजी योजना में चल रहा फर्जी मस्टर रोल




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के मनकापुर ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि पुराने कार्य और नाम बदलकर

मनरेगा श्रमिकों के घर-घर जाकर हाजरी लगवाकर भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान, रोजगार सेवक व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी वीबी जी रामजी योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार वीबी जी राम जी योजना में मोदी सरकार ने पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के मनकापुर विकास खंड की ग्राम पंचायत हड़हवा अंधियारी,दलपतपुर, और सिसवा में जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में वी बीजी राम जी (मनरेगा )कार्यों में चल रहे फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फेरने का भी काम किया जा रहा है,वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं। ग्रामीणों के अनुसार,रोज गार सेवक,प्रधान के द्वारा अपने स्वार्थ के लिए दर्जनों से अधिक की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है।

## सावन से पहले जंगलीनाथ मंदिर पहुंचे एसपी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सावन महीने की शुरुआत गुरुवार से हो रही है। इससे पहले मंगलवार शाम एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने नानपारा कोतवाली क्षेत्र स्थित प्राचीन जंगलीनाथ बाबा मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, एसपी ने श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन, सभी डायवर्जन प्वाइंट्स, सुरक्षा प्रबंधों, भीड़ नियंत्रण, ड्यूटी प्वाइंट्स और संवेदनशील स्थलों का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।एसपी ने निर्देश दिए कि श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगमतापूर्वक जलाभिषेक कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकना है। उन्होंने मंदिर के पुजारी और प्रबंध समिति के सदस्यों से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने श्रावण मास में श्रद्धालुओं की संभावित संख्या, जलाभिषेक की व्यवस्था, मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले, श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास मार्ग, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

# गलत इलाज से मरीज का काटना पड़ा दाहिना पैर

- सूर्या हॉस्पिटल के दबंग प्रबंधक ने कहा मुझे नहीं है इसकी जानकारी





**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कासिमपुर निवासी सीमा गौतम ने अपने बेटे के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) और जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनके बेटे गुड्डू का दाहिना पैर काटना पड़ा, जिससे वह दिव्यांग हो गया। सीमा गौतम ने बताया कि 30 जून 2026 की रात लगभग 1 बजे उनके बेटे गुड्डू का मोटरसाइकिल से फिसलने के कारण गंभीर दुर्घटना हो गई थी। उन्हें पहले गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर 1 जुलाई 2026 को गोंडा के आर सूर्या अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। आर सूर्या अस्पताल में इलाज के दौरान गुड्डू का दाहिना पैर काम नहीं कर रहा था। जब सीमा गौतम ने इस बारे में डॉक्टरों से पूछा, तो उन्हें बताया गया कि पैर धीरे-धीरे ठीक हो जाएगा और उन्हें सात दिन बाद दोबारा दिखाने के लिए कहा गया। हालांकि, तीन दिन बाद ही गुड्डू के पैर में सड़न पैदा हो गई और उसकी स्थिति बिगड़ गई। सीमा गौतम का आरोप है कि डॉक्टरों ने सही ढंग से इलाज नहीं किया। बाद में, जब उन्होंने गुड्डू को गोंडा के एक अन्य निजी अस्पताल में दिखाया, तो डॉक्टरों ने बताया कि पैर काटना पड़ेगा। इसके बाद गुड्डू का दाहिना पैर काटना पड़ा, जिससे उसकी जान बच सकी। पीड़ित मां ने बताया कि इलाज के खर्च के लिए उनके पास पैसे नहीं थे, जिसके चलते उन्हें अपनी दो बीघा जमीन बेचनी पड़ी। इस घटना के बाद उनका बेटा दिव्यांग हो गया है। सीमा गौतम ने कहा कि यदि उनके बेटे गुड्डू का इलाज सही तरीके से किया गया होता, तो वह दिव्यांग नहीं होता। इसी मांग को लेकर उन्होंने आज एसपी और डीएम कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में जब आर सूर्या अस्पताल के प्रबंधक मानवेंद्र सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें अभी तक इस घटना की जानकारी नहीं है।

## सूचना

सर्व साधारण क़ो सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम समस्त शैक्षिणक अभिलेखों मे प्रशस्ति नंदनी सिंह तथा जन्मतिथि 05 /05/2009 अंकित है जो सही है, जबकि त्रुटिवश आधार कार्ड मे प्रशस्त नंदनी सिंह व जन्मतिथि 03/02/2010 अंकित हो गया है, मेरी पुत्री क़ो प्रशस्ति नंदनी सिंह के नाम से जाना जाय तथा जन्मतिथि 05/05/2009 मानी जाय।

**रणविजय सिंह**
**लखनऊ।**

## सूचना

मैं शपथी मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद अकरम निवासी खान कॉलोनी फैजाबाद रोड पीछे जिगर स्कूल गिर्ड जनपद गोंडा शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या 904173306512 है जिसमें मेरा नाम मोहम्मद रिजवान व पिता का नाम मोहम्मद अकरम लिखा है जो सही है त्रुटि वश मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम रिजवान व पिता का नाम इकरम लिख गया है जो गलत है अतः शपथी के ड्राइविंग लाइसेंस में शपथी का नाम संशोधन करके मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद अकरम लिखा जाए जो सही है।

**मोहम्मद रिजवान**
**पुत्र मोहम्मद अकरम**
**निवासी-खान कॉलोनी फैजाबाद रोड**
**जनपद-गोंडा।**

# सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गुरु पूर्णिमा पर्व संबंधी आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है।

लोगों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाए।

बुधवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। लोगों के प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा।

जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन



गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बुधवार प्रातः काल गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यहनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भगवान गोरखनाथ और अन्य गुरुजन को श्रद्धा निवेदित कर लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए भावपूर्ण कृतज्ञता व्यक्त की की। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

# कृषि मंत्री ने कहा, रासायनिक उर्वरकों की कमी नहीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



▸ प्रदेश का किसान सरकार की प्राथमिकता में है

उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान सरकार की प्राथमिकता में है, इसलिए हम उन्हें बीज से लेकर बाजार तक हर सुविधा समय पर उपलब्ध करा रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। अनावश्यक रूप से किसान उर्वरकों का अग्रिम भंडारण न करें।

पत्रकार वार्ता में कृषि मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश में यूरिया 14.52 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 4.81 लााख मी.टन व एनपीके 4.91 मी.टन उपलब्ध है। इसके अलावा एसएसपी 3.47 मीट्रिक टन, एमओपी 1.11 मीट्रिक टन कुल मिलाकर 28.82 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक प्रदेश में उपलब्ध है। प्रदेश में एक अप्रैल से 27 जुलाई तक उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण के तुलनात्मक विवरण के अनुसार, 2026 में यूरिया की उपलब्धता 31.55 लाख मीट्रिक टन रही। डीएपी की उपलब्धता 7.11 लाख मीट्रिक टन रही। एसएसपी की उपलब्धता 4.72 लाख मीट्रिक टन रही तथा वितरण 2025 में 2.15 और 2026 में 2.13 लाख मीट्रिक टन रहा। एमओपी की उपलब्धता में 1.35 लाख मीट्रिक टन रही। 28 जुलाई 2026 को प्रदेश में कुल 14.77 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 4.81 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.90 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 3.46 लाख मीट्रिक टन एसएसपी और 1.11 लाख मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक उपलब्ध है। श्री शाही न बताया कि सहकारिता के क्षेत्र में यूरिया 5.43 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 2.39 लाख मीट्रिक टन और एनपीके 1.42 लाख मीट्रिक टन मात्रा में उपलब्ध है, जबकि निजी क्षेत्र के बिक्री केंद्रों पर यूरिया 9.34 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 2.43 लाख मीट्रिक टन और एनपीके 3.49 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है।

## खबरें एक नजर में

### छह माह का मासूम बाल्टी में डूबा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित सतगुरुपुरम कॉलोनी में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर में खेलते समय छह माह का मासूम पानी से भरी बाल्टी में गिर गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक बच्चे के नहीं दिखने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान वह बाल्टी में अचेत अवस्था में मिला। आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गोंसाईगंज-सुलतानपुर रोड क्षेत्र निवासी कुलदीप अपनी पत्नी शिवानी के साथ पीजीआई थाना क्षेत्र की चरन भट्ठा रोड स्थित सतगुरुपुरम कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। दोनों मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। 6 महीने का शिवांश उनकी पहली संतान था। बुधवार सुबह कुलदीप काम पर चले गए थे, जबकि शिवानी घर के कामकाज में व्यस्त थीं। इसी दौरान खेलते-खेलते मासूम शिवांश तख्त के नीचे रखी पानी से भरी बाल्टी तक पहुंच गया और उसमें गिर गया। कुछ देर बाद जब मां की नजर बच्चे पर नहीं पड़ी तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान बाल्टी में बच्चे को अचेत पड़ा देख उनके होश उड़ गए। शिवानी की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पड़ोसियों की मदद से मासूम को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही पिता कुलदीप भी अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने बच्चे को अन्य अस्पतालों में भी दिखाया, लेकिन डॉक्टरों ने हर जगह उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरी कॉलोनी में शोक का माहौल है।

### बाल निकुंज इंटर कॉलेज में गुरु पूर्णिमा का उत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बाल निकुंज इंटर कॉलेज में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गुरु पूजन कर गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गुरु वंदना से हुआ। छात्राओं ने आरती की थालियों के साथ गुरुजनों का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। प्रबंधक, प्रधानाचार्या और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा और संस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुजनों का सम्मान करने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में प्रधानाचार्या भगवती भंडारी, इंचार्ज योगेन्द्र प्रताप सिंह, नवल पांडेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### सत्संग सुनने गई महिला को डंपर ने रौंदा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा में बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। यह घटना गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सत्संग सुनकर घर लौटते समय हुई। हादसे में उनके साथ मौजूद दो अन्य महिलाएं भी मामूली रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान कृष्णा नगर के सेक्टर-डी, एलडीए कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय रीता वर्मा के रूप में हुई है। वह अपनी देवरानी कमला और पड़ोस में रहने वाली गुड्डी देवी के साथ बंथरा थाने के सामने स्थित जसजीत जी के आश्रम में सत्संग सुनने गई थीं। तीनों महिलाएं दोपहर करीब 3.30 बजे आश्रम से घर लौट रही थीं। आश्रम से कुछ ही दूरी पर, बंथरा थाने के पास, तीनों महिलाएं कानपुर रोड के किनारे सड़क पार करने के लिए खड़ी थीं। तभी लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने रीता वर्मा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान कमला और गुड्डी देवी भी डंपर की चपेट में आ गईं, जिससे वे चोटिल हो गईं। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों महिलाओं को तत्काल सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने रीता वर्मा को मृत घोषित कर दिया। कमला और गुड्डी देवी को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है, हालांकि चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतका रीता वर्मा के पति स्व. दयाशंकर वर्मा खाद्य विभाग से सेवानिवृत्त थे, जिनकी करीब सात वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। उनके परिवार में दो बेटे अरविंद कुमार, अमित कुमार और एक बेटी खुशबू हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### हत्या के प्रयास का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी इमें कृष्णानगर पुलिस ने जानलेवा हमले के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार, यह मामला 28 जुलाई को जाफर खेड़ा निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। संदीप ने आरोप लगाया था कि अशोक कुमार ने पुरानी रंजिश के कारण उनके 23 वर्षीय भाई अभय कुमार के गले पर चाकू से हमला कर हत्या का प्रयास किया था। जांच के दौरान, पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और स्थानीय मुखबिरों की मदद से आरोपी की तलाश की। बुधवार दोपहर करीब दो बजे उसे भोलाखेड़ा-कनौसी रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ महीने पहले उसने एक ऑटो से चोरी का प्रयास किया था, जिसे संदीप ने देख लिया था। इसी बात को लेकर वह संदीप से रंजिश रखने लगा और बदला लेने के इरादे से उसके भाई पर हमला कर दिया। घटना के बाद से वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था ताकि पुलिस से बच सके। पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार (40), जो कृष्णानगर क्षेत्र का निवासी है और मजदूरी करता है, के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) और आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

# युवाओं के सपनों से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई रियायत नहीं : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज लोकसभा में पारित 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026' युवाओं के सुरक्षित भविष्य और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जारी बयान में कहा कि इस विधेयक के माध्यम से पेपर लीक और अन्य अनुचित साधनों में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दो माह के भीतर जांच पूरी करने का प्रावधान, चार्जशीट दाखिल होने के बाद तीन माह के भीतर ट्रायल पूरा करने का लक्ष्य तथा विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इन प्रभावी प्रावधानों से परीक्षा प्रणाली अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनेगी तथा मेहनती एवं प्रतिभाशाली युवाओं के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## आईपीएस तरुण गाबा ने लखनऊ के पुलिस आयुक्त का संभाला पदभार, कहा

# लोगों को जागरूक कर रोकेंगे साइबर अपराध

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश कैडर 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी तरुण गाबा ने बुधवार को लखनऊ के पुलिस आयुक्त का पदभार संभाल लिया है। पत्रकारों से पहली औपचारिक वार्ता करते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने कहा कि पुलिल मुख्यालय की जो प्राथमिकताएं हैं, उन प्राथमिकताओं पर भी फोकस किया जाएगा। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित किया जाएगा। शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजधानी में पुलिसिंग को आधुनिक तकनीक के साथ और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराध करने का स्वरूप भी बहुत बदल चुका है। जो क्राइम कुछ साल पहले होते थे तो उसकी बजाए कुछ नए अपराध सामने आए हैं। साइबर क्राइम के बारे में आप जानते हैं कि इस संबंध में लखनऊ में भी अच्छी कार्रवाई की गई है। गिरोह बनाकर अपराध किया जा रहा था उसमें बड़े स्तर पर गिरफ्तारी किया गया है। उसकी मुहिम को आगे बढ़ाते लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि इससे बच सकें।

उल्लेखनी है कि आईपीएस तरूण गाबा लखनऊ के पांचवें पुलिस आयुक्त है। इससे पहले अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा के पद पर तैनात थे।

लखनऊ रेंज में वह अपनी सेंवाए दे चुके हैं। प्रयागराज जिले के पुलिस आयुक्त का भी पदभार संभाल चुके हैं। उन्होंने पीएसी, कारागार प्रशासन, एसएसएफ और सीबीआई में भी काम कर चुके हैं।

# कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का होगा विलय : संदीप

▸ सरकारी विद्यालयों में नामांकन 1.34 करोड़ से बढ़कर 1.90 करोड़ हुआ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बुधवार को बताया कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को पास के विद्यालयों में विलय किया जाएगा और रिक्त विद्यालयों में प्री-प्राइमरी पाठशालाएं संचालित की जाएंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्री-प्राइमरी कक्षाओं का संचालन उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पहली बार किया जा रहा है। इस दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री ने पूर्व सरकार में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि नकल अध्यादेश लाकर शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया था, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने रद्द कर दिया। उदाहरण के तौर पर पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुई विभिन्न परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक का जिक्र किया। उत्तर प्रदेश का शिक्षा बजट पूर्ववर्ती सरकार के समय में 28,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1,13,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

संदीप सिंह ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन 1.34 करोड़ से बढ़कर 1.90 करोड़ हो गया है। स्कूलों में ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत से घटकर 3 प्रतिशत हो गई है। पाठ्यक्रम को बेहतर बनाया गया है और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों में 19 विभिन्न पैरामीटर पर 36 प्रतिशत से 97 प्रतिशत तक सुधार किया गया है।

## जनपद की गोशालाओं के बीच होगी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा

# उत्कृष्ट गोशालाओं को मिलेगा पुरस्कार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को और प्रभावी बनाते हुए गोशालाओं को व्यवस्थित, उत्कृष्ट, आत्मनिर्भर एवं उत्पादक केंद्रों के रूप में विकसित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, उपाध्यक्ष अतुल सिंह एवं महेश शुक्ल तथा सदस्य राजेश सिंह सेंगर, रमाकांत उपाध्याय एवं दीपक गोयल ने गोशालाओं के समग्र विकास एवं किसानों को गो-आधारित प्राकृतिक कृषि से जोड़ने के संबंध में विचार-विमर्श किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जनपद की गोशालाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के आधार पर विशेष मूल्यांकन एवं प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें गोशालाओं की व्यवस्थाओं, वैज्ञानिक प्रबंधन, स्वच्छता, गोवंश के स्वास्थ्य एवं पोषण, नस्ल संवर्धन, दुग्ध उत्पादन, जनसहभागिता तथा आत्मनिर्भरता के प्रयासों को प्रमुख आधार बनाया जाएगा। उत्कृष्ट गोशालाओं को सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान कर उनके सफल मॉडलों को अन्य गोशालाओं के लिए प्रेरणा के रूप में विकसित किया जाएगा। मूल्यांकन में वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता, भूसा-चोकर का उचित प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण पशु आहार पर निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि का उल्लेख, नर-मादा एवं बछड़े-बछियों का वैज्ञानिक वर्गीकरण, नस्ल संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन को शामिल किया जाएगा। नर गोवंश के लिए पृथक नंदीशाला तथा चयनित नंदियों के माध्यम से वैज्ञानिक प्रजनन व्यवस्था को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। गोवंश के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सिंक वार्ड, नियमित चिकित्सा, कमजोर गोवंश एवं छोटे बछड़े-बछियों के लिए पृथक देखभाल, कम ऊंचाई की पानी की नांद एवं भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। गोवंश की संख्या के अनुरूप शेड, स्वच्छता, चूना युक्त पानी, बाउंड्री, रजिस्टर, सीसीटीवी तथा सफाईकर्मियों एवं केयरटेकर के लिए आवश्यक सुविधाओं को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाएगा। आयोग का लक्ष्य गोशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र तक सीमित न रखते हुए उत्पादक एवं आत्मनिर्भर इकाइयों के रूप में विकसित करना है। इसके लिए बायोगैस संयंत्र, गोबर एवं गोमूत्र का वैज्ञानिक उपयोग, जैविक खाद एवं अन्य मूल्यवर्धित उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही आसपास के किसानों को गो-आधारित प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। गोशालाओं की उत्कृष्टता के मूल्यांकन में स्वस्थ एवं दूध पीने वाले बछड़े-बछियों की संख्या को भी महत्वपूर्ण सकारात्मक मानक बनाया जाएगा। उत्कृष्ट गोशालाओं को आयोग की टीम अथवा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# पूर्व मंत्री की अंतिम यात्रा शुरू होते ही पत्नी बेहोश

▸ भाई ने विधायक के केयरटेकर पर लगाया हत्या का आरोप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री और पूर्व राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) नानकदीन भुर्जी की मौत मामले में नया मोड़ आ गया है। उनके छोटे भाई ने बलिया के बेल्थरा रोड विधायक हंसूराम के केयरटेकर मुहम्मद आरिफ पर हत्या का आरोप लगाते हुए हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच और मौके से मिले साक्ष्य आत्महत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। मामले में दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को भैंसाकुंड पर हुआ।

मदेयगंज के खदरा स्थित आवास से बुधवार सुबह उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। इस दौरान उनकी पत्नी मंजू देवी बेहोश हो गई। महिलाओं ने उन्हें संभाला। दरअसल, नानकदीन भुर्जी की 28 जुलाई, मंगलवार को दारुलशफा स्थित नए विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी।

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे नानकदीन भुर्जी बेल्थरा रोड से भाजपा विधायक हंसूराम के नए विधायक निवास स्थित आवास पहुंचे थे। उस समय विधायक मौजूद नहीं थे। नानकदीन ने वहां मौजूद हेल्पर से कॉफी लाने के लिए कहा और कमरे में बैठ गए।

पुलिस के अनुसार, हेल्पर जब कॉफी लेकर वापस लौटा तो नानकदीन कमरे में नहीं थे। इसी दौरान बाहर शोर-शराबा सुनाई दिया। लोग नीचे पहुंचे तो नानकदीन भुर्जी गंभीर हालत में जमीन पर पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के छोटे भाई प्रदीप कुमार गुप्ता ने हजरतगंज पुलिस को तहरीर देकर विधायक हंसूराम के केयरटेकर मुहम्मद आरिफ पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### यूपी मेट्रो शुरू करेगी इंटरनेशनल ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) ने देश में पहली बार मेट्रो क्षेत्र के लिए इंटरनेशनल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स शुरू किया है। बुधवार को यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने इन कोर्सों का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य भारत और विदेशों में मेट्रो क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित एवं प्रमाणित मानव संसाधन तैयार करना है। यूपीएमआरसी ने यह पहल केंद्र सरकार के स्किल इंडिया मिशन के तहत शुरू की है। मेट्रो नेटवर्क के तेजी से विस्तार को देखते हुए रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग, ट्रैक मेंटेनेंस, ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) समेत एक दर्जन से अधिक ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स लॉन्च किए गए हैं। आने वाले समय में मेट्रो प्लानिंग, निर्माण, संचालन, सुरक्षा और रखरखाव से जुड़े कई नए कोर्स भी जोड़े जाएंगे। देश में फिलहाल 26 शहरों में मेट्रो सेवा संचालित हो रही है और कुल परिचालन नेटवर्क 1,095 किलोमीटर से अधिक हो चुका है।

## निर्णय | आईआईटी कानपुर व आईआईएम इंदौर बनेंगे उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के नॉलेज पार्टनर

# हर घर शुद्ध जल के संकल्प को मिलेगी उड़ान

▸ पारदर्शी व स्मार्ट जल प्रबंधन की ओर यूपी
▸ लंबे समय तक टिकाऊ बने रहेंगे योजनाओं से जुड़े निर्माण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जलापूर्ति व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी कानपुर (ऐरावत रिसर्च फाउंडेशन) और आईआईएम इंदौर के साथ अहम समझौता किया है। विभाग ने देश के दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों को नॉलेज पार्टनर बनाया है। इस पहल का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल मॉनिटरिंग और आधुनिक प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से ग्रामीण जलापूर्ति, नदियों की सफाई और पुनरुद्धार को अधिक प्रभावी, पारदर्शी व भरोसेमंद बनाना है।



उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ. राज शेखर ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने से जुड़ी सभी निर्मित, निर्माणाधीन व भविष्य की योजनाओं की आधुनिक टेक्नोलॉजी के आधार पर निगरानी और प्रबंधन आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नदियों की सफाई और पुनरुद्धार के लिए भी इसकी जरूरत है। इसी विजन के तहत आईआईटी कानपुर और आईआईएम इंदौर को जल निगम ग्रामीण के साथ जोड़ा जा रहा है। आईआईएम इंदौर के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हो चुका हैं, जल्द ही आईआईटी कानपुर के साथ सभी प्रक्रियाएं पूरी हो जाएंगी।

### आईआईटी कानपुर विकसित करेगा एआई आधारित निगरानी प्रणाली

योगी सरकार का लक्ष्य तकनीक के जरिए पानी की बर्बादी रोकते हुए हर ग्रामीण परिवार तक गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचाना है। ऐसे में आईआईटी कानपुर के सहयोग से जल योजनाओं में एआई आधारित निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे पाइपलाइन में लीकेज की समय रहते पहचान, जल दबाव और क्लोरीन स्तर की 24 घंटे निगरानी संभव होगी। विशेषज्ञ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के संचालन एवं रख-रखाव को अधिक प्रभावी बनाने के उपाय भी बताएंगे। वर्तमान योजनाओं का मूल्यांकन कर उसे अधिक सक्षम, किफायती और टिकाऊ बनाने में भी सहयोग देंगे। इसके साथ ही एकीकृत डिजिटल ऐप और डैशबोर्ड के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। इससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### आईआईएम इंदौर पर संस्थागत व वित्तीय सुधार की जिम्मेदारी

आईआईएम इंदौर के सहयोग से उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) में संस्थागत और वित्तीय सुधारों को गति मिलेगी। इसके तहत मानव संसाधन का पुनर्गठन, योजनाओं के परिचालन एवं रख-रखाव लागत को कम करने, वित्तीय प्रबंधन को मजबूत करने पर काम किया जाएगा। विशेषज्ञ विभाग की योजनाओं के जरिए राजस्व के नए स्रोत विकसित करने पर भी काम करेंगे। तकनीकी नवाचार और आधुनिक प्रबंधन के समन्वय से ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। इससे प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों को आने वाले कई वर्षों तक लाभ मिलेगा।

# गुरु पूर्णिमा पर स्वामी अभयानन्द सरस्वती ने व्यास पीठ का पूजन कर दिया लोककल्याण का संदेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को वेदांत सत्संग आश्रम, वेदान्त पुरम, अयोध्या मार्ग, लखनऊ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। महामण्डलेश्वर स्वामी अभयानन्द सरस्वती जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर अपने गुरु एवं व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामी अभयानन्द सरस्वती जी महाराज का चरण वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्वामी अभयानन्द सरस्वती जी महाराज ने अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए लोककल्याण के पथ पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि ÷गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सफल, सार्थक और समाजोपयोगी बना सकता है। गुरु पूर्णिमा आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आध्यात्मिक उन्नति का पर्व है।

स्वामी जी ने सभी श्रद्धालुओं से गुरु परंपरा का सम्मान करने, भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों को अपनाने तथा समाज में प्रेम, सेवा और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा राष्ट्र एवं विश्व के कल्याण की कामना की।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**विशिष्ट अतिथियों का प्रसाद व पटका पहनाकर सम्मान**

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



बुधवार 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर, श्वयाम चौक, बरेली मोड़, शाहजहाँपुर में श्रद्धा एवं भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर जे.पी.एस. राठौर सहकारिता मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, डी.पी.एस. राठौर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक व शिल्पी गुप्ता महानगर अध्यक्ष मंदिर पहुंचकर भगवान श्री खाटू श्याम के दर्शन किए व विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तीनों अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें श्री श्याम प्रभु का प्रसाद एवं पवित्र पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं ने अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया तथा आध्यात्मिक उन्नति और लोककल्याण की प्रार्थना की। तीनों अतिथियों ने मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की तथा मंदिर समिति द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का महान पर्व है, जो समाज को ज्ञान, संस्कार और सेवा का संदेश देता है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-शांति, समृद्धि और प्रगति की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

## कुलपति ने किया गुरु पूजन



शाहजहांपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी शुकदेवानंद जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह ने स्वामी शुकदेवानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। गुरु पूजन संपूर्ण वैदिक विधि विधान से संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य डॉ. सत्येंद्र पाठक ने मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। उनके साथ डॉ आदेश पांडेय एवं डॉ करुणाशंकर तिवारी भी मौजूद रहे। उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्यजनों ने गुरुपूजन की परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए स्वामी शुकदेवानंद जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक कुलसचिव श्री रामबाबू केसरवानी, प्रो. प्रभात शुक्ला, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. दुर्ग विजय, डॉ. मृदुल पटेल श्री चंद्रभान त्रिपाठी, डा.राहुल शुक्ला, डा.रोहित सिंह, डा.सौरभ मिश्रा, डा.बृज निवास, डा.राजीव यादव, डा.अमित गुप्ता संजय कुमार, यशपाल कश्यप, मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर बाल मित्र केंद्र सदर में कार्यक्रम आयोजित



**बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पॉक्सो एक्ट एवं बाल सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक**

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड एवं समाधान अभियान के संयुक्त प्रयास से सदर थाना परिसर में संचालित बाल मित्र केंद्र में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को गुरुपूर्णिमा की शुभकामनाएँ देते हुए पॉक्सो एक्ट, बाल यौन शोषण की रोकथाम तथा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं अभिभावकों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में उचित सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। बाल मित्र केंद्र के समन्वयक सुभाष सक्सेना* ने उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, बच्चों के अधिकार तथा किसी भी प्रकार के यौन शोषण की स्थिति में तुरंत शिकायत करने और सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मिशन शक्ति प्रभारी सोनपाल सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली, आमजन की सुरक्षा में पुलिस की भूमिका तथा आपातकालीन एवं टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा करते हुए, लोगों से निर्भीक होकर पुलिस से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और पुलिस हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम का सफल संचालन सुभाष सक्सेना ने किया, जबकि सहयोगी के रूप में भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा बाल सुरक्षा से संबंधित विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

# गुरु पूर्णिमा पर बेला डाडी रामगंगा घाट पर लगा आस्था का मेला

जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

गुरु पूर्णिमा के दिन क्षेत्र में स्थित बेला डाडी रामगंगा घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के साथ-साथ दूर-दूर से भी हजारों लोग यहां पहुंचे। सभी ने रामगंगा नदी में आस्था के साथ डुबकी लगाई और पुण्य कमाया। स्नान के बाद लोगों ने पूजा-पाठ किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के साथ-साथ देश में शांति और खुशहाली की कामना की। घाट पर पूरे दिन भक्ति और धार्मिक माहौल बना रहा। इस बार गुरु पूर्णिमा पर लोगों में खास उत्साह था। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे घाट पर आए और पूजा में शामिल हुए। इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए थे। घाट पर काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे जो लगातार निगरानी कर रहे थे और लोगों को सुरक्षित स्नान कराने में मदद कर रहे थे। किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी खड़ी की गई थी। प्रशासन की सतर्कता और अच्छी व्यवस्था की वजह से सभी लोगों ने बिना किसी परेशानी के शांतिपूर्वक स्नान किया और पर्व मनाया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस और प्रशासन के काम की सराहना की। पूरे दिन घाट पर भक्ति, आस्था और श्रद्धा का सुंदर नजारा देखने को मिला।



## खबरें एक नजर में



### बाबा कालसेन मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** कस्बे के मध्य स्थित बाबा कालसेन मन्दिर पर आषाढी पूर्णिमा पर होने वाला हवन पूजन का पण्डित सत्य प्रकाश आचार्य ने मंत्रोच्चार करके शुरू कर दिया। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को बाबा कालसेन मन्दिर पर होने वाले हवन पूजन के लिए क्षेत्रीय गांवों में रहने वाले श्रद्धालु भक्त अपने घरों के अलावा मन्दिर परिसर में बिकने वाले देशी घी और प्रसाद चढ़ाने के लिए बाबा कालसेन का जयकारा लगाते हुए पहुंचे और घी हवन के लिए देकर मन्दिर में स्थापित शिव लिंग पर प्रसाद चढ़ाया। आषाढ़ी पूर्णिमा को क्षेत्रीय गांवों के वाशिंदे होली, दीपावली पर्व जैसा मनाते हैं। बताते चलें बाबा कालसेन मन्दिर में आषाढ़ पूर्णिमा के अलावा नाग पंचमी के पावन पर्व पर होने वाला हवन में भारी मात्रा में देशी घी और आम की लकड़ी का प्रयोग होता चला आ रहा है। मन्दिर के पास स्थित हवन कुण्ड में पंडित सत्य प्रकाश आचार्य, ऋषि कान्त मिश्रा, आनन्द प्रकाश मिश्रा,गौरव कुमार उर्फ जेपी शुक्ला, अशोक कुमार, विपिन कुमार, स्वामी दयाल आदि ब्राह्मणों ने आहुति डाल कर हवन को सम्पन्न कराया।

### कोरोकुइयाँ-बलेटू नहर पटरी मार्ग बदहाल, राहगीर परेशान



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र के कोरो कुइयाँ से बलेटू जाने वाले नहर पटरी मार्ग की जर्जर स्थिति से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण बारिश का पानी भरा रहता है, जिससे मोटरसाइकिल सवारों, साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन लोग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे जान-माल का खतरा लगातार बना हुआ है। पूर्व प्रधान सबील हसन ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आगामी 4 अगस्त से इसी मार्ग पर चेहल्लुम का मेला आयोजित होना है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचेंगे। ऐसे में सड़क की बदहाल स्थिति और जलभराव किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए चेहल्लुम मेले से पहले इस सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### गांव में फैली गंदगी से संक्रमण फैलने का खतरा



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड सिंधौली के गांव मूड़ाहारिस में साफ-सफाई की व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की नालियां लंबे समय से साफ नहीं की गई हैं, जिसके कारण उनमें गंदा पानी जमा होकर रास्तों पर फैल रहा है। जगह-जगह जलभराव और गंदगी के कारण लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित सफाई न होने से दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। गांव के राम नहोरे, श्याम देव, आशीष, विनीत, अनित, मोहित, सुमित सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि चौक और नालियों में भरे गंदे पानी से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई कराने और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है, ताकि गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहे और संक्रामक बीमारियों के खतरे से बचाव हो सके।

### कच्छियानी हनुमान मंदिर के महंत राम निवास गिरी का निधन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर कछियानी स्थित प्रख्यात हनुमान मंदिर के महंत रामनिवास गिरी 66 का कानपुर के अस्पताल में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। महंत रामनिवास गिरी की छोटे भाई महंत रामलखन गिरी ने बताया तीन दिन पहले उनकी अचानक तबियत खराब होने पर उन्होंने तिलहर के निजी क्लिनिक से दबा ली थी । सुधार न होने पर अल्ट्रासाउंड करवाने पर गुर्दे में दिक्कत सामने आने पर उन्हें मंगलवार को उनके परिजनों ने फर्रुखाबाद ले जाकर दिखाया । वहां से जबन दिए जाने पर कानपुर ले जाया गया । जहां बुधवार सुबह नौ बजे उनका निधन हो गया । बकौल महंत रामलखन गिरी उनका शव हरदोई जनपद के पैतृक गांव ले जाया गया है । जहां उनका अंतिम संस्कार होगा। उधर चर्चा है कि बीते शनिवार को महंत रनिवास गिरी का उनके छोटे भाई महंत रामलखन गिरी जो हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी हैं, से कुछ विवाद हो गया था। इसके बाद से ही उनकी तबियत बिगड़ना शुरू हो गई थी।

# अखण्ड हिन्दू वाहिनी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** कावंड़ यात्रा को लेकर अखंड हिन्दू वाहिनी ने एसडीएम को ज्ञापन दिया साथ ही बताया कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क पर घूम रहे गौवंशो हटाए जाएं ताकि कोई दुर्घटना न हो। बुधवार को अखण्ड हिन्दू वाहिनी ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। दिए हुए ज्ञापन में बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस, मीट, मछली एवं मदिरा की दुकानों का संचालन यात्रा अवधि मे बंद कराया जाए तथा उन्हें पूर्ण रूप से ढकवाया जाएं, यात्रा के दौरान मार्ग पर नियमित साफ सफाई कराई जाए, कांवड़ यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल एवं यातायात पुलिस की तैनाती कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, यात्रा मार्ग पर पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, मार्ग में घूम रहे आवारा गौवंशो से दुर्घनाएं हो रही है इसलिए मार्ग से गौवंशो को यात्रा मार्ग से हटवाया जाए। ज्ञापन देने बालो में विमल मिश्रा, विकास पाण्डेय, प्रशांत मिश्रा, विजय कुमार, अनमोल अवस्थी, अरविंद, रितिक यादव, शिवम वर्मा, अनिकेत, शिवानन्द, पवन वर्मा, विपुल मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनहित के मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय सामाजिक क्रांतिकारी संघ (द्रविड़ फौज) ने बुधवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर विभिन्न जनहित एवं सामाजिक मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बागी विक्रम सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में निजी क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण लागू करने की प्रमुख मांग उठाई गई। ज्ञापन में नगर निगम में ठेका सफाई कर्मचारियों के भुगतान की जांच, कैंट क्षेत्र में अवैध वृक्ष कटान की उच्चस्तरीय जांच, ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी सफाई कर्मियों पर कार्रवाई, रिलायंस पावर प्लांट रोजा से प्रभावित किसानों को रोजगार और 14 किलोमीटर परिधि के गांवों को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा विजली लाइट योजना, सामुदायिक शौचालयों की स्थिति, पंचायत संसाधनों के दुरुपयोग, सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने, शौचालयों में कार्यरत महिलाओं के लंबित वेतन का भुगतान तथा सभी विभागों में भ्रष्टाचार की विशेष जांच कराने की मांग की गई। संगठन ने समाज सुधारक बाबू दौलतराम एडवोकेट के नाम पर मुख्य मार्ग का नामकरण और भव्य प्रवेश द्वार निर्माण की पूर्व घोषणा को लागू करने की भी मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन व्यापक आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान राष्ट्रीय प्रभारी अमित कुमार आजाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह टाइगर, आशुतोष आनंद, फिरोज रजा, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राजकमल गौतम, जिला अध्यक्ष एडवोकेट संदीप कुमार, मोहित कठेरिया, नितिन कुमार, अध्ययन आनंद सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विवि में महत्वपूर्ण समितियों का गठन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय परिसर में समावेशी, सुरक्षित एवं समान अवसर आधारित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में तीन महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव द्वारा कार्यालय-ज्ञाप जारी कर समितियों की घोषणा की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आंतरिक शिकायत समिति, समान अवसर प्रकोष्ठ तथा यूजीसी समानता विनियम-2012 अनुपालन समिति का गठन किया है। इन समितियों का उद्देश्य विश्वविद्यालय में लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना, सभी वर्गों के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को समान अवसर उपलब्ध कराना तथा शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आंतरिक शिकायत समिति के समन्वयक के रूप में समाजशास्त्र विभाग की प्रो. पूनम को नामित किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में विधि विभाग के शिक्षकों श्री विजय सिंह, श्री अरविंद कुमार एवं डॉ मृदुल शुक्ला, पुस्तकालय सहायक डॉ मनोज अग्रवाल तथा बाह्य सदस्य के रूप में डॉ. नमिता सिंह को शामिल किया गया है। समान अवसर प्रकोष्ठ के समन्वयक के रूप में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मधुकर श्याम शुक्ला को दायित्व सौंपा गया है। समिति में सदस्य के रूप में डॉ बरखा सक्सेना, डॉ विनीता राठौर, डॉ प्रेम सागर, श्री सचिन कुमार एवं श्री कमलेश त्रिवेदी को शामिल किया गया है। इसी प्रकार यूजीसी समानता विनियम-2012 अनुपालन समिति के समन्वयक के रूप में शिक्षक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा प्रो. मीना शर्मा को नियुक्त किया गया है। समिति में डॉ शैलजा मिश्रा, डॉ मुमताज हुसैन, डॉ मानवेंद्र सिंह, श्री अजीत कुमार एवं श्री उमाशंकर शर्मा को सदस्य बनाया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इन समितियों के गठन से परिसर में पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता एवं संवेदनशीलता की संस्कृति को मजबूती मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित होगी एवं विश्वविद्यालय में सुरक्षित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रतियोगिता और मिशन शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में लीड कान्वेंट स्कूल में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रतियोगिता एवं मिशन शक्ति संवाद के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित* ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। उन्हें शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना ही महिला सशक्तिकरण है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, एवं निराश्रित महिला पेंशन* जैसी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिसमें कि प्रथम,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार छात्राओं को वितरित किए गए। उन्होंने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को *आत्मरक्षा, कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के बारे में बताया। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं वन स्टॉप सेंटर की जानकारी देकर जरूरतमंद महिलाओं से मदद लेने की अपील की। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी रश्मि अग्निहोत्री, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रधानाध्यापिका तराना जमाल, लेखा सहायक अभिषेक कुमार, अध्यापिकाएं व बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। अंत में बेटियों को आगे बढ़ने और समाज में सम्मान के साथ जीने का संकल्प दिलाया गया।

## गौवंश बचाने में अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, महिला गंभीर घायल

**तिलहर/शाहजहांपुर।** बाइक के सामने अचानक गौवंश आ जाने से उसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे सीएचसी लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बुधवार को कटरा थाना क्षेत्र के गांव खिरिया सकटू निवासी रेखा 35 अपने पति राजेश के साथ बाइक से तिलहर आ रही थीं। इसी दौरान हाईवे पर सरऊ पुलिया के समीप बाइक के सामने अचानक आए गौवंश को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में रेखा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके पति उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# गुरु पूर्णिमाः ढाईघाट में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगास्नान कर गुरु वंदन कर प्राप्त किया आशीर्वाद

**ढाईघाट गंगातट से पहले जलालाबाद-ढाईघाट मार्ग पर लगे तीन किमी लंबे जाम में पांच घंटे तक जूझते रहे हजारों श्रद्धालु**

मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।





गुरु पूर्णिमा (आषाढी पूर्णिमा) के पावन पर्व पर ढाईघाट में हजारों श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे का उद्घोष करते हुए पतित पावनी गंगा मैया में डुबकी लगाकर गुरु के रूप में गंगा पुरोहितों को अन्न,वस्त्र,मिष्ठान और नकद मुद्रा दानकर पुण्य लाभ अर्जित किया। ढाईघाट में भोर की किरण फूटने से पहले ही हर हर गंगे के उद्घोष के साथ गंगास्नान का क्रम शुरू हो गया। जिले के अलावा फर्रुखाबाद,हरदोई,बदायूं,लखीमपुर खीरी,पीलीभीत आदि जनपदों के हजारों श्रद्धालु विभिन्न वाहनों से गंगातट की ओर उमड़ पड़े। जिससे जलालाबाद - ढाईघाट मार्ग पर जाम लग गया।

ढाईघाट गंगातट से लगभग तीन किलोमीटर पहले से लगे जाम में हजारों बाइक,चार पहिया वाहन और ई रिक्शा फंस गए। जिससे तेज धूप और भीषण गर्मी में श्रद्धालु परेशान हो गए। जाम में फंसे श्रद्धालु न तो पीछे लौट पा रहे थे और न ही आगे बढ़ पा रहे थे। जिससे सुबह छेह बजे से लगा जाम दुपहर 12 बजे तक लगा रहा। इस बीच गंगा मेले की सुरक्षा के लिए तैनात फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद थाने की पुलिस का कहीं अता पता नहीं था। हजारों श्रद्धालुओं में किसी किसी श्रद्धालु ने फर्रुखाबाद जिले के उच्चाधिकारियों को जाम की समस्या से अवगत करवाया। तब लगभग 12 बजे आए एक दरोगा और दो सिपाहियों ने लगभग दो घंटे कड़ी मशक्कत के बाद जाम में फंसे वाहनों को रेंग रेंग कर निकाला। श्रद्धालुओं का आरोप है कि जब श्रद्धालु जाम से जूझ रहे थे,तब मेले की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी मोटर बोट से गंगा में नौका विहार कर रहे थे। लगभग पांच घंटे जाम से जूझने के बाद जैसे तैसे गंगातट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगास्नान कर गंगा पुरोहितों को दान पुण्य कर जल ग्रहण किया। कुछ श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण कर गंगा पुरोहितों और कन्याओं को भोज करवाकर पुण्य लाभ कमाया। उधर ग्राम जरियनपुर में एडवोकेट सुभाषचंद्र मिश्रा, प्रदीप दीक्षित, दिनेश दीक्षित, समाजसेवी डॉ0 विनय शर्मा,पूर्व प्रधानाचार्य ज्ञानेश बाजपेई, महेश चंद्र मिश्रा, अखिलेश मिश्रा आदि ने ब्रह्मलीन सिद्ध संत टापर वाले त्यागी जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष गंगास्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण कर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया।

# सावन माह में नहीं बिकेंगे मांस और अंडे

**पीस कमेटी की बैठक में लिया गया फैसला**

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी सावन माह एवं कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को थाना खुदागंज परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने की, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना बीमा (इंश्योरेंस) वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली को यात्रा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही प्रत्येक ट्रैक्टर के साथ केवल एक ट्रॉली ही रहेगी, एक से अधिक ट्रॉली जोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि डीजे की ऊंचाई 8 फीट से कम रखी जाए तथा शासन-प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। थाना प्रभारी ने बताया कि सावन माह के दौरान मांस एवं अंडे की दुकानें बंद रखने की व्यवस्था रहेगी, ताकि धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने सभी शिवभक्तों से प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने तथा यात्रा को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने की अपील की। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी ने प्रमुख शिव मंदिरों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में नायब तहसीलदार अमित कुमार, थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र, कांस्टेबल गौरव शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी, तुलसीराम कोहली, अंशु जैन, राघव बंसल, सभासद सौरव गुप्ता, सभासद बालकृष्ण राठौर, विनोद सिंह छोटे, सभासद प्रकाश राठौर, सभासद मुकेश कश्यप, विश्वमोहन बंसल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## यात्रा के दौरान भड़काऊ और अश्लील गाने नहीं बजाए जाएं: सीओ

**कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ ने डीजे संचालकों, ग्राम प्रधान, जत्थेदार के साथ की बैठक**



**रोजा, शाहजहांपुर।** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को थाना रोजा परिसर में सीओ सदर शुभम वर्मा ने क्षेत्र के डीजे संचालकों, ग्राम प्रधान व जत्थेदारों के साथ बैठक की। एसओ सदर ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि किसी भी डीजे की ऊंचाई मानक से अधिक पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ और अश्लील गाने नहीं बजाए जाएं। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने ने पुलिसकर्मियों को यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने कहा कि जत्थेदार इस बात का ध्यान रखे कि उनके साथ चलने वाहन तेज गति से न चले ताकि कोई अनहोनी न हो पाये। उन्होंने कावंड निकलने वाले क्षेत्रों में पड़ने वाले गांव के प्रधानों से उस मार्ग पर रोशनी की व्यवस्था को कहा। बैठक में पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान ब्रजेश सिंह सहित क्षेत्र के सभी डीजे संचालक मौजूद रहे।

## हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलटा, कई घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नेशनल हाइवे पर मंगलवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक सहित छह युवतियां घायल हो गईं। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी तिलहर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवती की हालत गंभीर होने पर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे ग्राम खजुआ निवासी युवतियां कच्छियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर से पूजा-अर्चना कर ऑटो से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान नेशनल हाइवे पर ग्राम फिरोजपुर के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक सर्वेंद्र (30), संध्या (15), मीरा (18), साधना (17), शिल्पी (28), सीमा (17) और रीना (25) घायल हो गईं। राहगीरों ने सभी घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी तिलहर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद संध्या की हालत को गंभीर देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है मामले की जांच की जा रही है।

# आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में जे.पी.एस. राठौर का हुआ स्वागत

**कार्यक्रम के दौरान सहकारिता मंत्री ने किया फलदार पौधों का रोपण**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर का पुवायां नगर पालिका परिषद के चेयरमैन संजय गुप्ता ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, महानगर जिलाध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक शकुंतला देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पाँच फलदार पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सकता है। कार्यक्रम में VIP Group With Helping Hands की ओर से ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, उपाध्यक्ष विनायक अग्रवाल, कौशलेंद्र मिश्रा, वरुण मिश्रा, सतीश सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, अरविन्द सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता एवं जनजागरूकता के संकल्प के साथ हुआ।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व सांसद एवं मंत्री राममूर्ति सिंह वर्मा की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी की राजनीति के प्रमुख स्तंभ रहे पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय राममूर्ति सिंह वर्मा की जयंती पर बुधवार को इंदिरा नगर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे उनके समर्थकों, शुभचिंतकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा, राकेश मिश्रा अनावा, डीपी सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मेयर अर्चना वर्मा, क्षमा वर्मा तथा भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाती सिंह समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अतिथियों ने स्वर्गीय राममूर्ति सिंह वर्मा के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने जनसेवा और विकास की राजनीति को नई पहचान दिलाई तथा उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में शामिल हजारों लोगों ने स्वल्पाहार भी ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय राममूर्ति सिंह वर्मा लंबे समय तक समाजवादी पार्टी की राजनीति का प्रमुख चेहरा रहे। वर्तमान में उनके परिवार के सदस्य भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय हैं और उनकी पुत्रवधू अर्चना वर्मा शाहजहांपुर की मेयर हैं।

### श्रम सम्मान योजना: लाभार्थियों के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले लाभार्थियों के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 1 अप्रैल से 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। लोहार ट्रेड में साक्षात्कार 31 जुलाई को सुबह 11 बजे से, बढ़ई ट्रेड अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 1 अगस्त को सुबह 11 बजे से होगा।धोबी एवं राजमिस्त्री ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 3 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कुम्हार एवं नाई ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 4 अगस्त को सुबह 11 बजे से होगा। हलवाई ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 5 एवं 6 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। दर्जी ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 7, 10, 11 एवं 12 अगस्त को होगा। मोची ट्रेड में 1 अप्रैल से 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 12 अगस्त को किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने सभी संबंधित लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों सहित कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### नगर निगम कार्यालय में पेयजल व्यवस्था ठप



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम कार्यालय में कर्मचारियों, फरियादियों और कार्यालय आने वाले आम नागरिकों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय परिसर में लगी ठंडे पानी की टंकी पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों से नगर निगम पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारियों का कहना है कि टंकी लंबे समय से खराब है, बावजूद इसके अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। गर्मी के मौसम में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा रहा है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द से जल्द ठंडे पानी की टंकी की मरम्मत कराकर पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है, ताकि कार्यालय आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

# सहकारिता मंत्री ने 100 एमटी सहकारी समिति का किया लोकार्पण

**पुवाया, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बड़ागांव सहकारी समिति बी पैक्स 100 एमटी गोदाम सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने फीता काटकर लोकार्पण किया। बुधवार को कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सहकारी समितियां किसानों के लिए सदैव तत्पर और किसानों को फसल के लिए फसली ऋण की उपलब्ध कराती हैं साथ उर्वरक की उपलब्धता को सुनिश्चित करती हैं। और उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार किसानों के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। एलडीबी बैंक से किसानों के हित में मुख्यमंत्री से वार्ता चल रही है कि उन्हें 14फीसद ब्याज दर पर ऋण की जगह 6फीसद ब्याज दर पर दिलाने का पूरा प्रयास चल रहा है जो कुछ ही दिनों में सार्थक होगा जिससे उन्हें लाभ मिलेगा।उन्होंने समिति तक जाने के लिए रोड की भी घोषणा की। उसके बाद उन्होंने मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में पौधारोपण किया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद जंगलपुर निवासी सरदार जसपाल सिंह ने अपने गांव में समिति के लिए एक बीघा जमीन दान में दी है। इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, डीसीबी के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा,अध्यक्ष संजय गुप्ता, विनायक अग्रवाल, जिला अध्यक्ष के मिश्रा शोभित सिंह भदोरिया, एआर कोऑपरेटिव गणेश गुप्ता, एडियो कोऑपरेटिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवक ने एसडीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र, खेत पर जबरन कब्जे का लगाया आरोप

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के एक युवक ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) तिलहर को प्रार्थना पत्र देकर उसकी कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य रुकवाने और भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रार्थी के अनुसार उसकी कृषि भूमि ग्राम खेड़ा घास कल्याणपुर, तहसील तिलहर में स्थित है। उक्त भूमि का गाटा संख्या 147 तथा रकबा 0.77 है, जिसे उसने 28 मार्च 2024 को बैनामे के माध्यम से खरीदा था। हालांकि, भूलवश वह समय पर भूमि का दाखिल-खारिज नहीं करा सका। प्रार्थी का आरोप है कि 27 जुलाई 2026 को ग्राम गढ़िया रंगीन निवासी पप्पू गुप्ता पुत्र सतीश गुप्ता ने कथित रूप से भूमि पर कब्जा करने की नीयत से ईंट, सीमेंट सहित निर्माण सामग्री मौके पर डलवा दी। वहीं 28 जुलाई की सुबह जब निर्माण के लिए जमीन की बुनियाद खुदवाई जाने लगी तो प्रार्थी मौके पर पहुंचा और इसका विरोध किया। इस दौरान आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि उसने यह जमीन खरीद ली है। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि वह अनुसूचित जाति से संबंध रखता है, जबकि आरोपी सामान्य वर्ग का है। उसका आरोप है कि भूमि मुख्य सड़क पर स्थित होने और काफी मूल्यवान होने के कारण आरोपी दबंगई के बल पर उस पर कब्जा करना चाहता है। प्रार्थी ने एसडीएम तिलहर से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने तथा उसकी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास को रोकने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की।

## महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर घर में आग लगाने का लगाया आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद तहसील के महिला ने गांव के ही तीन लोगों पर घर में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

गांव मझिगवां निवासी राम देवी पत्नी निर्मल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका गांव के ही लोगों से जमीन का विवाद चल रहा है बुधवार को दोपहर लगभग ढाई बजे उक्त लोग उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करते उसके घर में घुसने लगे ।जब उसने विरोध किया। उक्त लोगों ने उसके घर में आग लगा दी। जिससे उसका छप्पर चारपाई कपड़ा साइकिल जलकर खाक हो गया।

पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं गांव की ही दूसरे पक्ष की निर्मला देवी पत्नी जदुवीर ने बताया कि उन्होंने गांव की उर्मिला पत्नी शिवराम से 2024 में मकान खरीदा था। वह अपने घर पर जा रही थी।तभी छह लोग एक राय होकर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिससे उसकी बेटी और देवरानी को चोट आई है। और मकान में आग लगा दी। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## अदीबा नूरी ने 73.27 प्रतिशत अंक पाकर कालेज का मान बढ़ाया






**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने जीएफ कॉलेज के बीएससी बायोटेक तृतीय वर्ष तथा बीएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय वर्ष की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। बायोटेक की अदीबा नूरी ने कॉलेज में 73.27 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान,ज़ैनशा वारसिया ने 72.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अफीफा नफीस ने 71.7 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। माइक्रोबायोलॉजी की हंज़ला हबीब ने 69.43 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,अफ़नान अंसारी ने 65.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान एवं अगस्तया दीक्षित ने 63.93 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।विभागाध्यक्ष डॉ श्वेता मल्होत्रा तथा नरेंद्र कुमार वर्मा ने भी बधाई देते हुए उज्ज्वल की कामना की।

## पुवायां में सड़क किनारे मिला मजदूर का शव, पुलिस जांच में जुटी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुवायां थाना क्षेत्र के ग्राम उम्रसंडा निवासी 48 वर्षीय वेद प्रकाश उर्फ वेदराम पुत्र नंगू लाल जाटव का शव बुधवार को चौडेरा से उम्रसंडा जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव चौडेरा से लगभग 100 मीटर आगे उम्रसंडा रोड के किनारे मिला।

जानकारी के अनुसार वेद प्रकाश मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह बुधवार सुबह घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। इसी दौरान राहगीरों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी आर.के. रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचीं पत्नी रूबी देवी ने शव की पहचान अपने पति वेद प्रकाश उर्फ वेदराम के रूप में की। मृतक अपने पीछे पत्नी रूबी देवी और पांच बच्चों-संदीप (14 वर्ष), संध्या (11 वर्ष), काजल (9 वर्ष), सौम्या (7 वर्ष) तथा बिलकिस (5 वर्ष)-को छोड़ गए हैं। परिवार का भरण-पोषण मजदूरी से ही होता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम प्रयास में दिव्या वर्मा बनीं टीजीटी विज्ञान, परिवार में खुशी की लहर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद शाहजहांपुर के तिलहर क्षेत्र स्थित ग्राम जन्युरी निवासी मनोज वर्मा की पत्नी श्रीमती दिव्या वर्मा का उत्तर प्रदेश टीजीटी विज्ञान (TGT Science) परीक्षा में प्रथम प्रयास में चयन होने पर परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दिव्या वर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जीजीआईसी शाहजहांपुर से पूरी की। इसके बाद उन्होंने एसएस कॉलेज से बीएससी एवं एमएससी (रसायन विज्ञान) की शिक्षा प्राप्त की। वह हाईस्कूल से लेकर परास्नातक तक लगातार अपनी कक्षाओं में टॉपर रहीं। दिव्या वर्मा अजीजगंज निवासी श्रीकृष्ण कुमार वर्मा की पुत्री हैं। इससे पूर्व उनका चयन वर्ष 2023 की बिहार शिक्षक भर्ती में भी हुआ था, लेकिन उन्होंने वहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया। अब उत्तर प्रदेश टीजीटी विज्ञान में चयन होने से परिवार की खुशी दोगुनी हो गई है। दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति मनोज वर्मा (प्रवक्ता, भौतिकी), सास-ससुर, माता-पिता, गुरुजनों तथा शुभचिंतकों के आशीर्वाद और सहयोग को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में श्रीकृष्ण कुमार वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, मनोज वर्मा, आदित्य वर्मा सहित अन्य परिजन एवं क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

# सफलता की कहानी: कमलजीत कौर को मिली पक्की छत, परिवार की बदली जिंदगी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के खुटार की ग्राम पंचायत महोलिया वीरान निवासी कमलजीत कौर मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की एक प्रेरणादायी लाभार्थी हैं। कभी उनका परिवार कच्चे एवं जर्जर मकान में निवास करता था। बरसात, ठंड एवं गर्मी के मौसम में जीवन यापन करना अत्यंत कठिन हो जाता था और परिवार को हमेशा असुरक्षा की चिंता बनी रहती थी। आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्का आवास निर्माण हेतु 1.20 लाख की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। सहायता से उन्होंने अपना पक्का घर बनवाया, जिससे उनके परिवार के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। नए आवास के साथ परिवार को बिजली, पानी, गैस कनेक्शन तथा शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी प्राप्त हुईं। अब परिवार सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में रह रहा है और दैनिक जीवन पहले की तुलना में अधिक सहज, सम्मानजनक एवं सुखद हो गया है। कमलजीत कौर बताती हैं कि पक्का घर मिलने के बाद उन्हें सबसे बड़ी राहत सुरक्षा और सम्मान की भावना के रूप में मिली है। पहले जहां हर बारिश चिंता का कारण बनती थी, वहीं अब उनका परिवार निश्चिंत होकर अपने घर में रह रहा है। उनके अनुसार यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी एवं शासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने उनके जैसे अनेक गरीब परिवारों की जिंदगी बदल दी है। यह योजना केवल एक मकान उपलब्ध नहीं कराती, बल्कि लोगों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य की नई आशा भी प्रदान करती है। लाभार्थी कमलजीत कौर ने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए धन्यवाद व्यक्त किया है।

# शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए बीएसए को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि मानव सम्पदा पोर्टल पर तकनीकी, नेटवर्क की समस्या के कारण शिक्षक अपना किसी भी प्रकार का अवकाश पोर्टल पर नहीं डाल पाते हैं उस स्थिति में शिक्षक अपना अवकाश अध्यापक उपस्थिति पंजिका पर व पत्र व्यवहार पंजिका पर आफलाइन अंकित करते हैं। किसी भी कर्मचारी, अधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण करने पर निरीक्षणकर्ता द्वारा आनलाइन मानव सम्पदा पोर्टल का रिफरेन्स नम्बर मांगा जाता है। जबकि अध्यापक उपस्थिति पंजिका व पत्र व्यवहार पंजिका पर शिक्षक व कर्मचारी का आफलाइन अवकाश अंकित है। रिफरेन्स नम्बर न प्राप्त होने पर उक्त निरीक्षणकर्ता द्वारा अवकाश पर रहे शिक्षक,कर्मचारी को अनुपस्थित दर्शाया जाता है जो बहुत ही गलत है। समस्या के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी हो। पीएम पोषण योजनान्तर्गत मध्यान्ह भोजन का खाता विद्यालय के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रधान के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित होता है। 26 मई 2026 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ग्राम प्रधान के चेक पर प्रधान के स्थान पर प्रशासक की मुहर लगा रहे है, इस कारण बैंक द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है और बैंकों द्वारा एमडीएम खातों को बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में विद्यालय की गैस बुकिंग व अन्य प्रकार के भुगतान नहीं हो पा रहे हैं। मध्यान्ह भोजन बनने में समस्या उत्पन्न हो रही है. जब कि प्रदेश के कुछ जनपदों में एमडीएम को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु एसएमसी अध्यक्ष को जोड़कर मध्यान्ह भोजन खाते का संचालन किया जा रहा है। उक्त समस्या समाधान शीघ्र हो, जिससे मध्यान्ह भोजन वितरण प्रभावित न हो। प्रेरणा पोर्टल पर माह जुलाई में अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों /शिक्षामित्रों,अनुदेशकों, कर्मचारियों से 5 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया था। अनुपस्थित शिक्षकों द्वारा 5 दिवस के अंदर अपना संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया फिर भी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश में अनुपस्थित दिवस का वेतन अवरूद्ध किया गया कि है। वतेन अवरूद्ध न किया जाए। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष मगरे लाल, महामंत्री चित्रेश यादव ,जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश बाबू सक्सेना, जिला मंत्री रमेश चंद्र, अजय वर्मा,बृजेश यादव, ब्रज मोहन यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सहमति और टकराव

संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां सरकार अपनी नीतियां और कानून पेश करती है, जबकि विपक्ष उनका परीक्षण करता है। पिछले दो दिनों की संसदीय कार्यवाही ने एक बार फिर यह दिखाया कि संसद में टकराव और सहमति दोनों साथ-साथ चल सकते हैं। एक ओर तीखे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप, नारेबाजी और व्यवधान देखने को मिले, तो दूसरी ओर व्यापक बहस के बाद सार्वजनिक परीक्षाओं में धांधली रोकने से जुड़े महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक को लोकसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह घटनाक्रम लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जटिलता और उसकी आवश्यकता दोनों को रेखांकित करता है।

सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, कानून-व्यवस्था और राजनीतिक आरोपों को लेकर सदन में तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री पर गंभीर राजनीतिक आरोप लगाए, जबकि सत्ता पक्ष ने इन्हें तथ्यों से परे और व्यक्तिगत छवि खराब करने का प्रयास बताया। इन आरोपों के कारण सदन का माहौल कई बार गरमा गया और कार्यवाही भी बाधित हुई। यह संसदीय राजनीति का वह पक्ष है जो अक्सर जनहित के गंभीर मुद्दों पर चर्चा से अधिक राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बन जाता है।

हालांकि, इसके बावजूद यह सकारात्मक रहा कि अंततः सदन ने अपने विधायी दायित्व को प्राथमिकता दी। सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम संबंधी संशोधन विधेयक पर विस्तृत चर्चा हुई। सरकार का तर्क था कि पिछले वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और संगठित नकल के मामलों ने लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। इसलिए कानून को और अधिक प्रभावी तथा कठोर बनाने की आवश्यकता है। विपक्ष ने भी पेपर लीक की गंभीरता को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही यह प्रश्न उठाया कि केवल कठोर कानून बना देने से समस्या समाप्त नहीं होगी। परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, तकनीकी सुरक्षा, पारदर्शिता और समयबद्ध जांच भी उतनी ही आवश्यक हैं।

बहस का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि लगभग सभी दलों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। करोड़ों युवा वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। यदि पेपर लीक जैसी घटनाएं बार-बार होती रहें तो युवाओं का न केवल सरकार पर बल्कि पूरी व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ता है। इसलिए इस विषय पर राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर गंभीर विमर्श होना लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत माना जा सकता है।

लोकसभा द्वारा विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया जाना भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है। विपक्ष ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं, लेकिन अंततः विधेयक पर मत विभाजन की मांग नहीं की गई और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि विधेयक के मूल उद्देश्य को लेकर व्यापक सहमति थी, भले ही उसके कुछ प्रावधानों पर मतभेद रहे हों।

इन दो दिनों की कार्यवाही ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न सामने रखा है। क्या संसद का अधिकांश समय राजनीतिक टकराव में व्यतीत होना चाहिए या नीति निर्माण और जनहित के विषयों पर गंभीर चर्चा में? लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व सरकार से कठोर प्रश्न पूछना है और सरकार का दायित्व उन प्रश्नों का उत्तर देना। लेकिन यदि लगातार व्यवधान के कारण सदन की कार्यवाही बाधित होती है तो इसका नुकसान अंततः जनता को ही उठाना पड़ता है। संसद की उत्पादकता केवल पारित विधेयकों की संख्या से नहीं, बल्कि बहस की गुणवत्ता और जवाबदेही से भी तय होती है।

सरकार के लिए भी यह अवसर आत्ममंथन का है। केवल सख्त कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा। परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुधार, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, एजेंसियों की जवाबदेही, दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई तथा युवाओं का विश्वास बहाल करना समान रूप से आवश्यक है। यदि कानून का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हुआ तो कठोर प्रावधान भी कागजों तक सीमित रह जाएंगे। विपक्ष को भी यह समझना होगा कि जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक सुझाव देना केवल विरोध करने से अधिक प्रभावी होता है। संसद में तीखी बहस लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन बहस का उद्देश्य समाधान होना चाहिए, केवल राजनीतिक लाभ नहीं। पिछले दो दिनों की संसदीय कार्यवाही का सबसे बड़ा संदेश यही है कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद और निर्णय दोनों आवश्यक हैं। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून की दिशा में संसद ने एक कदम अवश्य बढ़ाया है, पर इसकी वास्तविक सफलता कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, निष्पक्ष जांच और परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार पर निर्भर करेगी। यदि सरकार और विपक्ष दोनों इस उद्देश्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, तभी करोड़ों युवाओं का विश्वास वास्तव में मजबूत होगा और संसद अपनी संवैधानिक भूमिका का पूर्ण निर्वहन कर सकेगी।

## दो टूक




# क्यों है दुनिया का भारत पर भरोसा?

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*



भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वर्षों से अनेक तरह के राजनीतिक आरोप लगाए जाते रहे हैं। कभी कहा जाता है कि विदेशी निवेशक भारत से दूर जा रहे हैं, कभी यह दावा किया जाता है कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण वैश्विक कंपनियों का भरोसा टूट रहा है, किंतु इन तमाम विपक्षी राजनीतिक दावों को संसद में प्रस्तुत ताजा आंकड़ों ने नकार दिया है। क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 94.84 अरब डॉलर के सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के बड़े निवेशक भारत को भरोसेमंद और सबसे अधिक संभावनाओं वाले देशों में मान रहे हैं।

वस्तुतः राज्यसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा प्रस्तुत आंकड़े आज बताते हैं, वित्त वर्ष 2024-25 में जहां सकल एफडीआई 80.61 अरब डॉलर था, वहीं अगले ही वर्ष यह बढ़कर 94.84 अरब डॉलर हो गया। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि नेट एफडीआई भी 0.96 अरब डॉलर से बढ़कर 6.95 अरब डॉलर पहुंच गया है। इसका अर्थ यह है कि विदेशी निवेशकों का वास्तविक भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि नेट एफडीआई में पहले जो गिरावट दिखाई दी थी, उसका प्रमुख कारण निवेशकों द्वारा लाभ लेकर पूंजी वापस ले जाना और भारतीय कंपनियों का विदेशों में तेजी से निवेश करना था। अर्थात भारत से पूंजी का बाहर जाना आर्थिक कमजोरी न होकर यह भारतीय उद्योगों के वैश्विक विस्तार का संकेत है।

मोदी सरकार के दौर में निवेश को किया प्रोत्साहित भारत ने वर्ष 2014 के बाद विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए व्यापक आर्थिक सुधार किए हैं। रक्षा और रेलवे का क्षेत्र हो या बीमा, नागरिक उड्डयन, कोयला अथवा अंतरिक्ष, दूरसंचार, ई-कॉमर्स, सिंगल-ब्रांड रिटेल और डिजिटल सेवाओं के साथ विनिर्माण जैसे अनेक क्षेत्र, इन सभी में एफडीआई नियमों को उदार बनाया गया।

इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार के मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, उत्पादन-संबंधित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, जीएसटी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और व्यापार सुगमता में सुधार जैसे अनेक कदमों ने भारत को निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाया। कहना होगा कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में भारत ने कई वर्षों तक 70 से 85 अरब डॉलर के बीच एफडीआई आकर्षित किया और अब 2025-26 में लगभग 95 अरब डॉलर का नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया। वस्तुतः यह दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है।

मोदी सरकार के दौरान भारत में आने वाले एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत लगातार सिंगापुर रहा है। इसके बाद मॉरीशस का स्थान आता है, जोकि लंबे समय से भारत में निवेश का प्रमुख माध्यम रहा है। इनके अतिरिक्त जिन देशों ने भारत में उल्लेखनीय निवेश किया है, उनमें अमेरिका, नीदरलैंड, जापान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, केमैन द्वीप समूह प्रमुख हैं।

हाल के वर्षों में यूएई के साथ हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के बाद वहां से निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जापान ने औद्योगिक कॉरिडोर, मेट्रो रेल, ऑटोमोबाइल और हाई-टेक विनिर्माण में भारी निवेश किया है, जबकि अमेरिका की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत को अपने भविष्य के डिजिटल केंद्र के रूप में देख रही हैं। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की नवीनतम विश्व निवेश रिपोर्ट बताती है कि भारत सेवा क्षेत्र तक सीमित निवेश गंतव्य से आगे बढ़ गया है। अब यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, अक्षय ऊर्जा, रक्षा उत्पादन, ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स और उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण में भी विदेशी कंपनियां तेजी से निवेश कर रही हैं। यही कारण है कि भारत ने वैश्विक एफडीआई रैंकिंग में दो स्थानों की छलांग लगाकर 13वें से 11वें स्थान पर पहुंचने में सफलता प्राप्त की। ग्रीनफील्ड निवेश में भी दुनिया का विश्वासवर्ष 2025 की सबसे बड़ी घोषित ग्रीनफील्ड परियोजना भारत में आई। अमेरिका की Alphabet Inc. ने लगभग 14.5 अरब डॉलर के डेटा सेंटर निवेश की घोषणा की। यह परियोजना निश्चित तौर पर भारत के डिजिटल भविष्य पर वैश्विक विश्वास का प्रतीक है। इसी प्रकार पोलैंड की Hynfra ने आंध्र प्रदेश में लगभग 4 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। हरित ऊर्जा, हाइड्रोजन और औद्योगिक अवसंरचना के क्षेत्र में ऐसे निवेश भारत को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार कर रहे हैं।

भारतीय कंपनियां भी बन रही हैं वैश्विक खिलाड़ी मोदी सरकार ने आंकड़ों के आधार पर यह भी बताया है कि वर्ष 2022 में लागू उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) नियमों के बाद भारतीय कंपनियां विदेशों में तेजी से विस्तार कर रही हैं। टाटा समूह, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी समूह, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, सन फार्मा, महिंद्रा समूह और अन्य भारतीय कंपनियां विश्व के अनेक देशों में निवेश बढ़ा रही हैं। वस्तुतः यह प्रवृत्ति बताती है कि भारत अब विदेशी निवेश लेने, उसे आमंत्रित करने के साथ वैश्विक निवेश करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बन रहा है। निवेशक लाभ कमा रहे हैं, इसलिए लौट भी रहे हैंविपक्ष अक्सर विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी वापस ले जाने को भारत से विश्वास समाप्त होने का संकेत बताता है, जबकि आर्थिक दृष्टि से इसका दूसरा पक्ष अधिक महत्वपूर्ण है। जब निवेशक अच्छा लाभ कमाते हैं तो वे अपने मुनाफे का एक हिस्सा वापस भी लेते हैं। यह किसी भी सफल निवेश गंतव्य की सामान्य प्रक्रिया होती है, इसलिए निवेश की वापसी इस बात का प्रमाण भी है कि भारत में निवेश लाभदायक रहा है। यदि निवेशकों को अपेक्षित प्रतिफल नहीं मिलता, तो वे नए निवेश की घोषणा नहीं करते, जबकि भारत में लगातार नई परियोजनाओं की घोषणा हो रही है। भारत की सबसे बड़ी ताकत-स्थिरता और विशाल बाजारविदेशी निवेशक केवल कर छूट देखकर निर्णय नहीं लेते। वे राजनीतिक स्थिरता, नीति की निरंतरता, कानून व्यवस्था, डिजिटल अवसंरचना, कुशल मानव संसाधन और विशाल उपभोक्ता बाजार को भी देखते हैं, इसलिए आज भारत निवेश आकर्षित करने में अनेक बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

आंकड़े बोलते हैं! लोकतंत्र में सरकार की नीतियों की आलोचना होना स्वाभाविक है, किंतु आर्थिक बहस तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। संसद में प्रस्तुत रिकॉर्ड एफडीआई, संयुक्त राष्ट्र की विश्व निवेश रिपोर्ट, वैश्विक रैंकिंग में भारत की छलांग, ग्रीनफील्ड परियोजनाओं में विश्व नेतृत्व और लगातार बढ़ता विदेशी विश्वास स्पष्ट संकेत देते हैं कि भारत आज दुनिया की सबसे आकर्षक निवेश अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।

कहना यही होगा कि भारत में बढ़ता एफडीआई विकसित भारत की दिशा में बढ़ते विश्वास का सशक्त प्रमाण है। जब विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाएं और बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अरबों डॉलर निवेश कर रही हैं, तब यह स्वीकार करना होगा कि अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का विश्वास राजनीतिक आरोपों के सामने नहीं ठहरता, उन्हें आज केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और भारत की बदलती आर्थिक क्षमता और स्थिर विकास यात्रा पर पूरा भरोसा है।

***(यह लेखक के अपने विचार हैं।)***

# अल्पकालिक है मोदी का पीछे हटना

*नित्य चक्रवर्ती*

तीन महीने से भी कम पुरानी कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में युवा और छात्र प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की अन्य मांगों को लेकर नरेंद्र मोदी की सरकार के साथ अपनी लड़ाई जीत ली है। सरकार के प्रदर्शनकारियों की ज्यादातर मांगों पर सहमत होने के बाद, सीजेपी ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन रोक दिया और एक महीने बाद केंद्र द्वारा दिए गए आश्वासनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने की घोषणा की। अभी तो प्रदर्शनकारी ही जीते हैं, तथा सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री झुके हुए हैं। विपक्षी पार्टियों ने सही कहा है कि सीजेपी की जीत लोकतंत्र और छात्र प्रदर्शनकारियों की जीत है। राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों के पक्ष में इकट्ठा हुआ और उन्हें पूरा समर्थन दिया, हालांकि कांग्रेस, एक पार्टी के तौर पर, आंदोलन के शुरुआती दिनों में जंतर-मंतर के विरोध प्रदर्शनों से काफी दूर रही। आखिर में प्रदर्शनकारियों के साथ इंडिया ब्लॉक के पूरी तरह से जुड़ने से विपक्ष को जीत का एक छोटा सा हिस्सा मिला। लेकिन देश के मौजूदा राजनीतिक हालात में, जिसमें ज्यादातर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दबदबा है, विपक्ष के लिए आगे का रास्ता क्या है? यह साफ है कि प्रधानमंत्री और उनके सलाहकारों ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में कुछ गलत तरीकों से विरोध प्रदर्शनों की तेजी को कम करने के बारे में सोचा था। शुक्रवार रात को भी प्रधानमंत्री अपने युवा दोस्तों के लिए अपने इंस्टाग्राम सम्बोधन को लेकर आश्वस्त दिखे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोचा कि प्रधानमंत्री का यह सुलह वाला सम्बोधन और प्रश्न पत्र लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा से प्रदर्शनकारियों का मूड ठीक हो जाएगा। लेकिन इसके साथ ही भाजपा की राज्य सरकारों ने छात्रों और युवाओं के ऑनलाइन आन्दोलन के खिलाफ दमनकारी कार्रवाई की, जिसमें कई मीम्स प्रधानमंत्री पर बनाए गए थे।

प्रधानमंत्री के भाषण का कोई खास अनुकूल असर होने के बजाय, युवाओं में इतना गुस्सा भर गया कि युवाओं के अलावा हजारों लोग शनिवार सुबह जंतर-मंतर की ओर बढ़ गए। कई अनुभवी अधिकारियों ने संयम बरतने और जरूरत पड़ने पर कुछ समय के लिए एक कदम पीछे हटने की सलाह दी। मेट्रो बंद कर दी गई, बॉर्डर पर राज्य पुलिस ने चेकिंग तेज कर दी, लेकिन फिर भी शनिवार सुबह लोगों का आना जारी रहा। दूसरी तरफ, बातचीत के लिए प्रधानमंत्री द्वारा तैनात दो मंत्रियों को सीजेपी की युवा टीम बहुत सख्त लगी। वे सभी मांगों पर अड़े रहे, खासकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर।

मोदी सरकार के पास कोई विकल्प नहीं था। इसी तरह, शुक्रवार और गुरुवार को प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीधे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नियंत्रण वाली दिल्ली पुलिस के खिलाफ भी बहुत गुस्सा था। सरकार के कुछ शुभचिंतकों ने चेतावनी दी कि दिल्ली जुलाई/अगस्त 2024 के ढाका की तरह बन रही है, सरकार को विरोध खत्म करने के लिए कदम उठाने होंगे, चाहे इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े। तभी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रियों की टीम को बातचीत शुरू करने और उनकी मांगों पर सहमत होने के लिए हरी झंडी दी।

नरेंद्र मोदी के पिछले बारह सालों के शासन में, शनिवार का यह फैसला मौजूदा तानाशाही सरकार की असली हार का सिलसिला था। जंतर-मंतर विरोध से क्या सबक मिले? पहली बात, विरोध सिर्फ नीट परीक्षा के पेपर लीक के खिलाफ गुस्सा नहीं था, बल्कि इससे कहीं ज्यादा, लोगों का गुस्सा पूरे देश के राजनीतिक माहौल से जुड़ा था। पढ़े-लिखे लोगों के लिए नौकरियां कम हैं, अल्पसंख्यकों के साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा बर्ताव किया जा रहा है, सत्तारुढ़ पार्टी चुनाव जीतने के लिए सभी संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है। राजनीतिक भ्रष्टाचार इस स्तर पर पहुंच गया है कि विपक्षी पार्टियां बंट रही हैं और दलबदलू खुलेआम पैसे के लेन-देन की बात कर रहे हैं। यह चुनावी तानाशाही से कम नहीं है। फ़िर भी, ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री का नियंत्रण नहीं है। उनका नियंत्रण है, और जैसा कि पहले की घटनाओं से पता चला है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में सुधार के कदम उठाने और मजबूत होकर उभरने की अनोखी ताकत है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की चुनावी हार के बाद ऐसा किया। जब हर कोई भाजपा के और नीचे जाने की बात कर रहा था, तब प्रधानमंत्री और उनकी टीम ने आरएसएस नेतृत्व की मदद से उसके बाद हर राज्य का विधानसभा चुनाव जीता और बंगाल विधानसभा में ममता बनर्जी को हराकर 207 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। हां, कई मतगणना केन्द्रों पर बड़ी गड़बड़ियां थीं। लेकिन उन सीटों को छोड़कर भी, भाजपा इस बार जीत सकती थी। यह जीत बंगाल के स्थानीय स्तर पर भाजपा टीम और आरएसएस कैडर के लगातार काम का नतीजा थी। प्रधानमंत्री ने परीक्षा सुधारों पर काम करने के लिए नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में एक कार्य बल बनाने की घोषणा करके पहले ही सुधार के कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सीजेपी की टीम के साथ लगातार संपर्क में रहने का फैसला किया है ताकि उन्हें केंद्र द्वारा मानी गई मांगों को लागू करने की स्थिति के बारे में बताया जा सके। दोनों पक्ष एक महीने बाद समीक्षा करने के लिए मिलेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय, प्रधानमंत्री के निर्देश पर इस प्रक्रिया पर नजर रख रहा है। मोदी सरकार अब छात्रों और युवाओं की नाराजगी दूर करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

अगले एक महीने तक सीजेपी शायद कोई नया विरोध प्रदर्शन न करे। विपक्ष की बात करें तो, सवाल है कि वह जंतर-मंतर आंदोलन से राजनीतिक फायदा उठाकर आने वाले विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला कैसे कर सकता है? सीजेपी के प्रमुख नेता सौरभ दास ने शनिवार को लंदन के द गार्डियन को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अगर युवा प्रदर्शनकारी सीधे राजनीति में शामिल हों तो यह अच्छा होगा। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि ज्यादा युवा राजनीति में आएं, क्योंकि अभी इस पर अंकल-आंटी (बुजुर्ग नेताओं) का कब्जा है जो हमारी पीढ़ी को नहीं समझते। उन्होंने माना कि इसका समाधान राजनीतिक ही होना चाहिए। यही मुख्य मुद्दा है। इंडिया गठबंधन को यह सुनिश्चित करना होगा कि सीजेपी के सदस्यों और प्रदर्शनकारियों के बीच गठबंधन की पार्टियों के साथ बेहतर तालमेल हो और उनमें से कई को भाजपा-विरोधी आंदोलन के दायरे में लाया जाए। जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान, तीन वामपंथी पार्टियों -सीपीआई, सीपीआई (एम), और सीपीआई (एमएल)-लिबरेशन - ने अपने छात्र संगठनों के कैंप लगाए और दिन-रात काम किया। वामपंथी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और अपने विचार साझा किए।

***(यह लेखक के अपने विचार हैं।)***

*साहित्य*



## बेटियों की दूरी का दर्द...!

**संजय एम तराणेकर**

चार दीवारों के भीतर, जब रिश्तों पर ताले लगते हैं,
तब सबसे पहले बचपन की मुस्कानें रोती हैं।
चार नहीं, साढ़े चार बरस बीत गए, माँ की आँखों में,
हर दिन एक नया इंतज़ार जन्म लेता रहता है।

कानून के पन्नों पर तो सिर्फ आदेश ही लिखे जाते हैं,
ममता की पुकार अब भी सुनवाई तलाशती है।
दो नन्हीं बेटियाँ, कभी माँ की उँगली थाम चलती थीं,
आज केवल यादों के सहारे ही बड़ी हो रही हैं।

उनके बचपन से माँ की गोद का मौसम छिन गया,
सच न्याय जीवित है, तो अर्थ सिर्फ फैसला नहीं।
यूं मासूम आँखों तक अपनों का स्नेह पहुँचाना भी है,
निष्पक्ष जाँच हो, पीड़ित को समान अवसर मिलें।

निर्णय का सम्मान हो, यहीं लोकतंत्र की पहचान है।
क्योंकि अदालतों का सम्मान तभी पूर्ण होता है,
जब उनके आदेश कागज़ों से निकल त्वरित न्याय हो,
ज़िंदगी में भी न्याय का सुख आँखों में दिखाई दें।
*(संदर्भ - कोर्ट के आदेश के बाद भी 4.5 साल से बेटियों से दूर माँ)*



# सावन : आस्था, प्रकृति और शिव भक्ति का पावन संगम

*उदय कुमार सिंह*

भारतीय सनातन संस्कृति में श्रावण मास, जिसे सामान्य रूप से सावन कहा जाता है, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वर्ष का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। वर्षा ऋतु के मध्य आने वाला यह महीना केवल प्राकृतिक सौंदर्य और हरियाली का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि भक्ति, तप, संयम, लोकजीवन और सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि सावन का प्रत्येक दिन भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष फलदायी होता है। यही कारण है कि पूरे महीने देशभर के शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहती है।

सावन को पावस ऋतु का प्रमुख महीना भी कहा जाता है। इस दौरान वर्षा से धरती हरी-भरी हो जाती है, खेत-खलिहानों में नई जान आ जाती है और प्रकृति अपने सबसे सुंदर स्वरूप में दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति और अध्यात्म का गहरा संबंध माना गया है। इसलिए श्रावण मास को प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और ईश्वर के प्रति समर्पण का पर्व भी कहा जाता है।

30 जुलाई से प्रारंभ होगा श्रावण मासहिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 जुलाई की रात 8 बजकर 5 मिनट से प्रारंभ होकर 30 जुलाई की रात 9 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार श्रावण मास का आरंभ 30 जुलाई 2026 से होगा और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को श्रावणी पूर्णिमा के साथ होगा। इस वर्ष सावन 31 दिनों का रहेगा।

श्रावण मास में कुल चार सावन सोमवार पड़ेंगे। पहला सावन सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त को होगा। इन दिनों भगवान शिव के जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और व्रत-पूजन का विशेष महत्व माना गया है। देशभर के प्रमुख शिवालयों में लाखों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे।

शास्त्रों में कहा गया है— श्रावणे मासि यो भक्त्या शिवलिंगं प्रपूजयेत।
सर्वपापविनिर्मुक्तः शिवलोकं स गच्छति।।

अर्थात जो श्रद्धापूर्वक श्रावण मास में शिवलिंग की पूजा करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर अंततः शिवलोक को प्राप्त करता है।

शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा लिंग पुराण में श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वोत्तम समय बताया गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने में किए गए जप, तप, व्रत, दान और ध्यान का फल कई गुना बढ़ जाता है। शिव पुराण के अनुसार श्रावण मास में शिवलिंग पर जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं तथा साधक को विशेष पुण्यफल की प्राप्ति होती है।



भगवान शिव का सर्वाधिक प्रिय माहपौराणिक कथाओं के अनुसार, श्रावण मास भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अनेक वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने श्रावण मास में उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से यह महीना शिव-पार्वती के दिव्य मिलन और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार भगवान शिव श्रावण मास में पृथ्वी लोक पर अपनी ससुराल आते हैं। उनके स्वागत में जलाभिषेक और विशेष पूजा की परंपरा प्रारंभ हुई, जो आज भी श्रद्धापूर्वक निभाई जाती है।

### श्रावण मास के प्रमुख पर्व

श्रावण मास केवल शिव आराधना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनेक महत्वपूर्ण पर्वों का भी महीना है। इस दौरान हरियाली तीज, नाग पंचमी, पुत्रदा एकादशी, कजरी तीज, रक्षाबंधन और श्रावणी पूर्णिमा जैसे पर्व मनाए जाते हैं। श्रावणी पूर्णिमा को उत्तर भारत में रक्षाबंधन, दक्षिण भारत में नारियली पूर्णिमा और अवनी अवित्तम, मध्य भारत में कजरी पूनम तथा गुजरात में पवित्रोपना के रूप में मनाया जाता है।

हरियाली तीज ~ प्रेम और सौभाग्य का पर्वश्रावण शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरियाली तीज मनाई जाती है। यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं का माना जाता है। विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां योग्य वर की प्राप्ति के लिए माता पार्वती का व्रत रखती हैं। लोक परंपरा के अनुसार सावन में नवविवाहित महिलाएं अपने मायके जाती हैं। गांवों और शहरों में पेड़ों पर झूले डाले जाते हैं, महिलाएं पारंपरिक गीत गाती हैं, मेहंदी रचाती हैं और उल्लासपूर्वक तीज का उत्सव मनाती हैं। यह पर्व भारतीय लोकसंस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक माना जाता है।

आस्था, अध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समन्वयश्रावण मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं है, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन में प्रकृति, अध्यात्म और लोकसंस्कृति के अद्भुत समन्वय का प्रतीक भी है। वर्षा की हरियाली, मंदिरों में गूंजते शिव मंत्र, कांवड़ियों की पदयात्रा, लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियां और पर्व-त्योहारों की श्रृंखला इस महीने को विशेष बना देती है।

संयम, सेवा, तप, दान, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला यह पावन महीना आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। भगवान शिव की आराधना, रुद्राभिषेक, सावन सोमवार के व्रत और कांवड़ यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक शांति प्राप्त करते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस प्राचीन परंपरा को भी जीवंत बनाए रखते हैं, जो प्रकृति और परमात्मा के प्रति समर्पण का संदेश देती है। यही कारण है कि श्रावण मास को सनातन परंपरा में शिव कृपा प्राप्त करने और आत्मिक उन्नति का सर्वोत्तम काल माना गया है।

समुद्र मंथन और नीलकंठ की कथाश्रावण मास का संबंध समुद्र मंथन की कथा से भी जोड़ा जाता है। पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। संसार की रक्षा के लिए भगवान शिव ने उस विष का पान कर उसे अपने कंठ में धारण कर लिया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और तभी से वे नीलकंठ कहलाए। मान्यता है कि विष की उष्णता को शांत करने के लिए देवी-देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। तभी से श्रावण मास में शिवलिंग पर जल अर्पित करने की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित हुई।

श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को सावन सोमवार कहा जाता है। इन दिनों भगवान शिव के व्रत और पूजा का विशेष विधान है। विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान के बाद शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं, रुद्राभिषेक कराते हैं तथा नमः शिवाय और महामृत्युंजय मंत्र का जप करते हैं। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

रुद्राभिषेक और पूजन सामग्री का महत्वश्रावण मास में रुद्राभिषेक का भी विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धालु शिवलिंग का अभिषेक जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर तथा गन्ने के रस से करते हैं। इसके बाद बेलपत्र, शमीपत्र, दूर्वा, कुश, धतूरा, भांग, आक के पुष्प तथा श्रीफल अर्पित किए जाते हैं।

शास्त्रों के अनुसार बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। तीन पत्तियों वाला बेलपत्र शिव के त्रिनेत्र, त्रिगुण और त्रिदेव का प्रतीक माना जाता है। धतूरा, आक और भांग भी शिव पूजा में विशेष स्थान रखते हैं। मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक की गई पूजा से मानसिक शांति, आरोग्य, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

श्रावण मास का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन कांवड़ यात्रा मानी जाती है। देशभर से लाखों श्रद्धालु गंगोत्री, हरिद्वार, गौमुख, सुल्तानगंज, देवघर तथा अन्य पवित्र तीर्थों से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए शिवधामों तक पहुंचते हैं। पूरे मार्ग में बोल बम, हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहता है। कांवड़ बांस की बनी विशेष बहंगी होती है, जिसके दोनों सिरों पर जल से भरे कलश रखे जाते हैं। श्रद्धालु पूरे नियम और अनुशासन के साथ यात्रा करते हैं तथा शिवलिंग पर पवित्र जल अर्पित करते हैं।

पौराणिक मान्यता है कि सबसे पहले लंकापति रावण ने भगवान शिव को कांवड़ के माध्यम से जल अर्पित किया था। वहीं त्रेतायुग में भगवान श्रीराम द्वारा भी शिवलिंग पर जलाभिषेक किए जाने का उल्लेख मिलता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सीएम के आने के बाद फतेहपुर में सियासी पारा गर्म



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल अपने आवास में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा की फतेहपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने के बाद सियासी पारा गर्म हो गया है। कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। जिस तरीके से उनकी जनसभा में भीड़ उमड़ी है। इससे यह साफजाहिर है की आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में फतेहपुर का मतदाता अभी से मन बना चुका है कि वह भाजपा के प्रत्याशियों को भारी जीत दर्ज कराएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह भी फतेहपुर की सदर विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए मन बना चुके हैं। अगर पार्टी हाई कमान उन्हें मौका देता है तो वह भारी अंतर से जीत दर्ज करेंगे और फतेहपुर में इतिहास की नई इबारत लिखी जाएगी। उन्होंने कहा 1988 से वह भारतीय जनता पार्टी में काम कर रहे हैं और जिस तरीके से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कार्य हो रहे हैं आम जनमानस भाजपा के साथ खड़ा है और भाजपा की ही सरकार 2027 में एक बार फिर से बनेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दे नहीं है जिन मुद्दों को विपक्ष उठाता है उसमें मुंह की खाता है। फिर चाहे जंतर मंतर का मुद्दा हो या फिर राम मंदिर अयोध्या का चढ़ावा चोरी का मुद्दा हो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चढ़ावा चोरी में दोषी लोगों को जेल भेजने का काम किए हैं तो वही जंतर मंतर में छात्रों की मांग पूरी हुई है। लिहाजा विपक्ष एक बार फिर खाली हाथ लौटा है।

### बीमार व्यक्ति ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति बीमार अवस्था में पाए जाने पर पुलिस द्वारा एम्बुलेंस से महोबा अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के थाना मैहर अंतर्गत ग्राम चंदीगंज कटरा निवासी शोकिलाल पुत्र मनोहर लाल चौधरी उम्र 59 वर्ष जो अपने परिजनों के साथ तीर्थयात्रा में गये थे। तीर्थयात्रा से लोटते समय वह झांसी स्टेशन में अपने परिजनों से बिछड़ गया, और कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया। प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ अवधेश कुमार मिश्रा ने बताया कि हमें 26 तारीख को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बीमार अवस्था में कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन के पास पड़ा है। पुलिस के पहुंचने पर एम्बुलेंस की मदद से उसे गंभीर हालत में महोबा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पता चला कि वह पैरालिसिस गंभीर बीमारी से पीड़ित है। जिसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस द्वारा उनके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने के बाद उनकी उपस्थिति में पंचनामा भरा गया, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### थाना अजनर पुलिस ने किया चोरी की घटना का खुलासा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण व चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना अजनर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अटी में हुई चोरी के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 131/2026 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस से संबंधित अज्ञात चोरों की पतारसी एवं सुरागरसी हेतु थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस के अनुसार गठित टीमों में सम्मिलित उ.नि. हरी कुमार सिंह, उ.नि. कृष्णा मुरारी मिश्रा, हे.कां. जयप्रकाश यादव, कां. भरत सिंह एवं कां. राहुल अग्निहोत्री द्वारा मुखबिर की सूचना पर नहर कोठी पुलिया के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये सफेद धातु के जेवरात व नकदी बरामद की गयी है, बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें नियमानुसार जिला उपकारागार महोबा भेजा गया।

### गुरु पूर्णिमा: ठड़ेश्वरी मंदिर में भक्तों ने लिया गुरु का आशीर्वाद



**उरई (जालौन)।** बुन्देलखण्ड के प्रवेश द्वार जिला मुख्यालय पर स्थित ठड़ेश्वरी बाबा की प्रसिद्ध तपोस्थली सिद्धपीठ ठड़ेश्वरी हनुमान मन्दिर उरई में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव सिद्धपीठ के महन्त श्री श्री 1008 श्री सिद्ध रामदास महामण्डलेश्वर के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्त गणों एवं शिष्य गणों ने उपस्थित होकर अपने इष्टदेव गुरु जी को पुष्पों की माला पहनाकर तिलक बंदन कर गुरु जी आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्री श्री 1008 महंत श्री सिद्ध रामदास महामण्डेश्वर ने आज सुबह मंगल आरती की। इसके बाद अपने गुरु जनों की समाधि स्थल पर जाकर विधिवत पूजा अर्चना कर पुष्पों की माला व मिष्ठान अर्पण किए। उपरोक्त कार्यक्रम के बाद श्री महन्त जी ने अपने सभी शिष्य गणों व भक्त गणों को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि गुरु के मनुष्य का सभी ज्ञान अधूरा रहता है। उन्होंने कहा गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। साथ ही उन्होंने कहा कि जब बच्चे का जन्म होता है तब उसे कोई भी ज्ञान नहीं होता है।जब वह कुछ बड़ा होता है तब उसकी मां गुरु बनती है। इसके बाद जब वह और बडा होकर स्कूल में पढ़ने हेतु भेजा जाता है तब उसका शिक्षक गुरु बनता है।इसी की अच्छी शिक्षा देने पर बच्चे आगे बढ़ कर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बनकर अपने माता-पिता व अच्छी शिक्षा देने वाले गुरु का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर उपस्थित शिष्य व भक्त गणों में सर्व श्री कमलेश पुजारी जी,मिथलेश त्रिवेदी सेवानिवृत शिक्षक, अशोक दुबे लम्बरदार उकासा वाले, पं. संटू दुबे, अग्निवेश चतुर्वेदी, पं. गोपाल जी मिश्रा, तनु मिश्रा, विनोद मिश्रा पत्रकार नूरपुर वाले जिलाध्यक्ष भारतीय पत्रकार कल्याण परिषद संपूर्ण भारत, प्रेम नारायण दुबे टिकरी, गोलू तिवारी, विनोद चतुर्वेदी विधायक, राजेश चतुर्वेदी एडवोकेट, प्रबल त्रिवेदी जगत यादव पत्रकार आदि सैकड़ों भक्त व शिष्यगणों ने महंत जी को पुष्पों की माला पहनाकर, तिलक बंदन कर आशीर्वाद लिया।

### बगैर मंडी शुल्क अदा किये टमाटर भरा ट्रक सचल दल ने पकड़ा

**जालौन (उरई)।** बिना मंडी शुल्क अदा किए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से टमाटर लेकर गुजर रहे एक ट्रक को मंडी परिषद की सचल दल टीम ने पकड़ लिया। जांच के दौरान आवश्यक मंडी शुल्क संबंधी अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर टीम ने ट्रक पर 47,520 रुपये का जुर्माना लगाया। मंडी सचिव अंकित गुप्ता के नेतृत्व में गठित सचल दल बुधवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर चेकिंग अभियान चला रहा था। अभियान के दौरान मंडी सहायक योगेश कुमार व अन्य टीम सदस्य उपज का परिवहन करने वाले वाहनों के मंडी शुल्क संबंधी अभिलेखों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बांदा की ओर से आगरा की तरफजा रहे एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच में ट्रक टमाटर से लदा मिला। टीम ने चालक से मंडी शुल्क जमा किए जाने से संबंधित दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात मांगे, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने डीएम से की प्रोबेशन अधिकारी की शिकायत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति मीडिया से रूबरू हुई। इस दौरान उन्होंने प्रोबेशन अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा ना तो जनसुनवाई के बाबत लोगों को बताया जाता है की कब जनसुनवाई फतेहपुर में होगी और जो उनके द्वारा जनसुनवाई की जा चुकी है उनके प्रपत्रों को भी संबंधित अधिकारियों तक नहीं भेजे जा रहे हैं जिससे फरियादियों की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।उन्होंने कहा इस बात की शिकायत उन्होंने जिलाधिकारी फतेहपुर से किया है। इसके साथी उच्च अधिकारियों को भी उनके द्वारा शिकायत की गई है। उन्होंने कहा सरकार की जो मनसा है की तमाम गरीब जरूरतमंद महिलाएं जिनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है वह परेशान हो रही है उनकी समस्याओं का निराकरण जनसुनवाई के द्वारा किया जाए लेकिन इससे इतर फतेहपुर में जनसुनवाई का लाभ उन महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है, लिहाजा ऐसे प्रोबेशन अधिकारी के खिलाफ अब वह उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिखकर करवाई करवाएंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाराबंकी में भी वह जनसुनवाई के लिए जाती है जहां पर सक्षम अधिकारियों का पूरा सपोर्ट मिलता है लेकिन फतेहपुर में यह अधिकारी क्यों बेलगाम है और क्यों सरकार की छवि धूमिल करना चाह रहे हैं इस बाबत अब सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

# डॉ. सत्येन्द्र पटेल प्रखर डी.लिट. मानद उपाधि से सम्मानित



**फतेहपुर।** प्रख्यात साहित्यकार डा. सत्येंद्र पटेल प्रखर को नई दिल्ली, मे 26 जुलाई 2026 को पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में क्रेडन मीडिया द्वारा ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह मे सम्मानित किया गया। इस समारोह में विभिन्न विषय क्षेत्रों में उत्कृट योगदान प्रदान करने वाले गणमान्य नागरिकों को मॉस्को रिसर्च यूनिवर्सिटी (रूस) के द्वारा मानद उपाधि प्रदान की गई। इसी क्रम में जनपद फतेहपुर से प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर सत्येन्द्र पटेल प्रखर को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने हेतु सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि डी.लिट. की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। बताते चलें कि डॉक्टर सत्येन्द्र पटेल प्रखर द्वारा रचित हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं पर अबतक 28 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जो गूगल बुक, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, बुक फैलो जैसे सभी प्ले स्टोरों में उपलब्ध हैं, वहीं इनके द्वारा 9 से ज़्यादा संगीत के एल्बम यूट्यूब में प्रकाशित हैं। इसके पूर्व डॉक्टर सत्येन्द्र पटेल प्रखर को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण पर उल्लेखनीय कार्य करने हेतु द अमेरिकन यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि मिल चुकी है। बहुआयामी प्रतिभा के धनी डॉक्टर सत्येन्द्र पटेल प्रखर के साहित्य पर लखनऊ विश्वविद्यालय में लघुशोध भी किया जा चुका है। प्रखर शिक्षा, स्वास्थ्य, विधि परामर्श, आपदा प्रबंधन, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विगत 26 वर्षों से सक्रिय हैं।

# थाना पनवाड़ी पुलिस की पहल से पारिवारिक विवाद का हुआ सौहार्दपूर्ण निस्तारण

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण हेतु मिशन शक्ति केन्द्र थाना पनवाड़ी द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना पनवाड़ी पर आवेदिका प्रीति दुर्गेश पत्नी रविंद्र कुमार राजपूत निवासी ग्राम जखा, थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पति रविंद्र कुमार राजपूत पुत्र परमेश्वर दयाल पर गाली-गलौज एवं विवाद करने का आरोप लगाया गया। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए थाना पनवाड़ी पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से दोनों पक्षों को बुलाकर मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनी गई तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया। जिसके उपरांत दोनों पक्ष आपसी सहमति से सुलह-समझौते पर सहमत हो गए। दोनों पक्षों द्वारा अवगत कराया गया कि अब वे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद/लड़ाई-झगड़ा नहीं करेंगे तथा सौहार्दपूर्ण ढंग से साथ रहेंगे। आवेदिका प्रीति दुर्गेश अपने पति रविंद्र कुमार के साथ अपने ससुराल जाने हेतु सहमत हुई हैं तथा किसी प्रकार की विधिक कार्यवाही नहीं चाहती हैं। मिशन शक्ति केन्द्र थाना पनवाड़ी द्वारा प्रभावी काउंसलिंग एवं मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरण का शांतिपूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण किया गया।

# राधा वाटिका में गुरु पूर्णिमा पर भंडारा आयोजित

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राधा वाटिका में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें तमाम जिले भर के संतों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व न्यायमंत्री राधेश्याम गुप्ता, समाजसेवी गोपाल गुप्ता, विधायक विकास गुप्ता ने स्वामी मूलानंद महाराज की प्रतिमा पर आरती किया। इसके बाद तमाम संतो को अंग वस्त्र भेंटकर उन्हें उपहार दिया और फिर संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। हम आपको बता दे कि पिछले कई वर्षों से लगातार पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राधा वाटिका में विशाल भंडारे का आयोजन होता चला रहा है। इसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त के नेतृत्व में यह कार्यक्रम उनके बेटों के द्वारा भी पूरी शिद्दत के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे, आचार्य दुर्गा दत्त शास्त्री, दिनेश तिवारी खलीफा, सुधीर मिश्रा जिला मंत्री, अरिमर्दन सिंह जिला मंत्री, संतोष गुप्ता, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आईएएस के पालिका कार्यालय पहुंचते ही कई कक्षों में हुई तालाबंदी

- संयुक्त मजिस्ट्रेट व ईओ के बीच अभिलेख देने को लेकर हुई नोकझोंक
- ईओ जांच टीम के सदस्य के सामने ही कार्यालय से बाहर निकले

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**





काफी समय से चर्चा की केंद्र बिंदु नगर पालिका परिषद उरई की जांच को लेकर मीडिया ही नहीं बल्कि नगरवासियों में चर्चाओं का सिलसिला चल रहा था जो आज बुधवार को अपरान्ह बाद आईएएस रिंकू सिंह राही जैसे ही पालिका कार्यालय में पहुंचे तो वहां पर उन्हें कई कक्षों में तालाबंदी मिली जिसकी उन्होंने फोटो खिंचवाई तो कई महत्वपूर्ण अभिलेखों की टीम के सदस्यों ने फोटो उतारकर अपने कैमरे में कैद की। इस दौरान ईओ ने एडीएम नमामि गंगे के पत्र का हवाला देते हुये कागजात देने से साफ इंकार किया तो दोनों अधिकारियों के बीच कुछ देर नोंकझोंक भी हुई इसके बाद ईओ कार्यालय से वापस चले गये। फिलहाल सभासदों की शिकायत पर जांच किस निर्णय पर पहुंचेगी इसको लेकर नगरवासियों में चर्चाओं का दौर जगह-जगह चलता रहा।

नगर पालिका के सभासदों की शिकायतों पर कथित भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे आईएएस रिंकू सिंह राही दो बजे के बाद पालिका कार्यालय कुछ कर्मियों के साथ पहुंचे उस दौरान ईओ रामअचल कुरील लंच के लिये अपने कक्ष से बाहर निकल चुके थे तभी उन्हें जानकारी मिली कि रिंकू सिंह राही कार्यालय में आ गये तो ईओ रामअचल कुरील वापस लौटे और आईएएस रिंकू सिंह राही को अपने कक्ष में ले गये जहां पर उन्होंने एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद्र मौर्य द्वारा जारी पत्र का हावाला देते हुये एसडीएम जालौन राकेश सोनी को जांच समिति का सदस्य बनाये जाने की बात कही तो रिंकू सिंह राही ने कहा कि वह जांच समिति का सदस्य होने के नाते जांच के लिये आये इस दौरान ईओ ने उन्हें एडीएम नमामि गंगे द्वारा जारी पत्र भी दिखाया लेकिन वह नहीं माने और संयुक्त मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने ईओ रामअचल कुरील से दस्तावेज दिखाने की बात कही तो ईओ ने किसी भी प्रकार के दस्तावेज दिखाने से साफ इंकार करते हुये कहा कि जब जांच समिति के अध्यक्ष उन्हें निर्देशित नहीं करेंगे तब तक वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखायेंगे। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच कुछ देर के लिये नोंकझोंक भी हुई इसके बाद ईओ रामअचल कुरील पालिका कार्यालय से बाहर निकल गये। तब तक निर्माण विभाग, सफाई निरीक्षक सहित आधा दर्जन कक्षों में तालाबंदी हो चुकी थी। पालिका कार्यालय के कई कक्षों में तालाबंदी देखकर आईएएस रिंकू सिंह राही ने बंद मिले सभी कक्षों की फोटो खिंचवाई। इसके बाद वह कैश विभाग में पहुंचे जहां पर उन्होंने आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री राही एकाउंटेंट कक्ष की ओर रुख किया जहां पर कर अधीक्षक/ लेखाकार पहले से ही कक्ष में मौजूद थे जहां पर श्री राही ने अपने साथ आये कर्मियों से महत्वपूर्ण दस्तावेजों की फोटो खिंचवाने के बाद पालिका के द्वितीय तल पर बने जन्म मृत्यु कक्ष में पहुंचे जहां पर उन्होंने वहां पर मौजूद कर्मियों से जानकारी ली। इसके बाद वह पुनः नीचे पालिका कार्यालय में पहुंचे और इधर उधर भ्रमण करते रहे। हैरानी की बात तो यह है कि जांच टीम के सदस्य के पालिका कार्यालय पहुंचने से पहले ही पालिका कार्यालय में आधा दर्जन से अधिक कक्षों में तालाबंदी होने के पीछे क्या मंशा रही होगी यह फिलहाल अभी रहस्य ही बना रहा। आईएएस के पालिका कार्यालय निरीक्षण के दौरान भारी संख्या में मीडिया कर्मियों के साथ सोशल एक्टीविट मौजूद रहे जो लाइव प्रसारण करने में लगे रहे।

# दिल्ली में टीजीटी अंग्रेजी शिक्षिका बनीं स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा आंचल द्विवेदी

- डीएसएसएसबी परीक्षा में सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष, शिक्षकों ने दी बधाई

**लम्भुआ (सुलतानपुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, गोपालपुर-मधैया की पूर्व छात्रा आंचल द्विवेदी ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) की भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल कर टीजीटी (अंग्रेजी) शिक्षिका के पद पर चयनित होकर जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आंचल द्विवेदी, दिलीप द्विवेदी की पुत्री हैं। उन्होंने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, गोपालपुर-मधैया से प्राप्त की। विद्यालय में अध्ययन के दौरान वे मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्रा के रूप में जानी जाती थीं। लगातार मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आंचल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है और यह विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के परिश्रम का परिणाम है। प्रधानाचार्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से आंचल की उपलब्धि से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

# बाघबिराजन धाम में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**कुलपहाड़/ महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मां-बाघबिराजन धाम मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया मा बाघ बिराजन धाम में मां पीतांबरा मां अन्नपूर्णा मंदिर के पुजारी पंडित नरेन्द्र दुबे महाराज द्वारा इस अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया गुरु पूर्णिमा पर्व पर भक्त जनों द्वारा अपने गुरु पंडित नरेंद्र दुबे महाराज तथा श्रीमद् भागवत कथा व्यास पंडित श्रीकृष्णा महाराज धाम वृंदावन का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर आरती उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर धाम में राकेश यादव भगत की मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया जो कि दोपहर से लेकर देर रात्रि तक चलता रहा व भक्तजनों ने आनंद उठाया मां बाघ बिराजन धाम में इस मौके पर सुनील मिश्रा जैलवारा, अरुण दीक्षित,जगपाल यादव, नीरज अरजरिया, सुरेंद्र बहादुर सक्सेना,अरविंद सिंह यादव दीवान,पप्पू यादव,सीताराम स्वर्णकार, अनिल राजपूत लंबरदार, रिंकी दुबे भारती यादव सहित महिला मंडल ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# गोरखपुर में व्यापारियों की अहम बैठक, प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की अध्यक्षता में रणनीति तय

- प्रतीक गुप्ता बने नए जिला युवा अध्यक्ष

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (जिला एवं महानगर) के व्यापारी प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक एनेक्सी भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने की। एनेक्सी भवन पहुँचने पर व्यापारी नेताओं ने प्रांतीय अध्यक्ष का ज़ोरदार स्वागत किया। बैठक में उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बनवारी लाल कंछल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का पूरा व्यापारी समाज खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना और जीएसटी प्रक्रियाओं के सरलीकरण की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मंडी समिति द्वारा दुकान जलने पर दी जाने वाली 2 लाख रुपये की बीमा सहायता के फैसले का भी स्वागत किया। बीमा राशि में बढ़ोतरी- व्यापारी दुर्घटना बीमा की राशि बढ़ाकर रु.25 लाख की जाए। स्वास्थ्य बीमा व्यापारियों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू हो। जी.आर.एस.के माध्यम से बढ़ाए गए हाउस टैक्स और वाटर टैक्स को जनहित में तत्काल वापस लिया जाए। प्रदेश भर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ा जाए। बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष ने पूर्व जिला युवा अध्यक्ष स्व. विशाल गुप्ता के स्थान पर प्रतीक गुप्ता को नया जिला युवा अध्यक्ष घोषित किया।बैठक समाप्त होने के पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष व व्यापारी प्रतिनिधियों ने कूड़ाघाट स्थित स्व0 विशाल गुप्ता के निवास स्थान पर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और संगठन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**ये प्रमुख व्यापारी नेता रहे मौजूद:** कार्यक्रम एवं बैठक में जिलाध्यक्ष मदन लाल अग्रहरी, महामंत्री हरिनाथ सराफ, उमेश अग्रहरी, मनीष जैन, बबलू अग्रहरी, आशीष गुप्ता, रमेश वैश्य, विमल अग्रहरी, रितेश, अमित ओझा, अनिल अग्रहरी, हरीओम वर्मा, प्रतीक गुप्ता, दुर्गेश पटवा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

### रुपयों के लेनदेन को लेकर पिता-पुत्र के बीच हुई हाथापाई

**जालौन (उरई)।** रुपयों के लेन देन को लेकर लेकर पिता व बेटे में विवाद हो गया। दोनों के बीच हुई हाथापाई के बाद मामला कोतवाली पहुंच गया। जहां पुलिस ने दोनों के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी पिता ज्ञानेश्वर दयाल और उनके बेटे नीलेश के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर बुधवार की सुबह विवाद हो गया। पिता ने आरोप लगाया कि बेटा उनसे रुपये मांग रहा था। जब उन्होंने कहा कि उनके पास रुपये नहीं हैं तो वह उसे कैसे रुपये दें। इसी को लेकर दोनों के बीच गाली, गलौज व हाथापाई हो गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।


## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-471/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद — दिनांक 24 जुलाई, 2026

### अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि **"15वां वित्त आयोग"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 03/08/2026 से 24/08/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 24/08/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 03.08.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 24.08.2026 2:00 बजे | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह
अध्यक्ष
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

# अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र जारी करने की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार निषाद की अगुवाई में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन देकर पिछड़ी जाति से अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की । ज्ञापन में कहाँ गया है कि उत्तर प्रदेश में कुछ जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रमाणपत्र जारी किए जाने के विरोध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री तथा जिला एवं उपजिलाधिकारियों को संबोधित ज्ञापन



सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शासनादेशों के बावजूद मझवार, तुरैहा, गोड़िया, निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, राजभर सहित कई जातियों को तहसील स्तर पर ओबीसी प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं, जो संविधान एवं शासनादेशों की भावना के विपरीत बताया गया है। ज्ञापन में वर्ष 1950 की राष्ट्रपति अधिसूचना, 1961 की सेंसस मैनुअल रिपोर्ट तथा विभिन्न शासनादेशों का हवाला देते हुए दावा किया गया कि संबंधित जातियां अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किए जाने योग्य हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि देश के कई राज्यों में इन जातियों को अनुसूचित जाति का लाभ मिल रहा है। ज्ञापनकर्ताओं ने मांग की कि इन जातियों के ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा इन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी किया जाए। इसके अलावा अनुसूचित जाति के वर्तमान 21 प्रतिशत आरक्षण में 9 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण जोड़कर कुल 30 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की भी मांग की गई।

# गुरु पूर्णिमा पर लालतादास कुटी पर महंत को पूजने के लिए उमड़े श्रद्धालु

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास जी की हैदरगढ़ के निकट स्थित कुटिया पर महंत 1008 बाबा लालता दास जी महाराज का पूजन अर्चन करने को उनके चेले उमड़ पड़े। दूरदराज से आए शिष्यों ने बारी-बारी से अपने सद्गुरु भगवान का पूजन अर्चन किया। इस दौरान शिष्यों ने चरण धोकर, तिलक लगाकर, माला पहनाकर, चरणों में पुष्प अर्पित कर, भोग लगाकर एवं आरती उतारकर उनका अभिनंदन किया ।इस दौरान कुटिया पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। महंत लालता दास जी महाराज ने बताया कि भारतीय संस्कृति अथवा सनातन धर्म में गुरु का महत्व सभी देवताओं से बढ़कर है। इस मौके पर बाबा राम तीरथ दास, महंत अखिलेश्वरानंद जी महाराज, महेंद्र मिश्रा, जितेंद्र कुमार मिश्रा, समाजसेवी राजू भैया, भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण साहू, बृजेश त्रिपाठी, शिवओम सोनी, अजय शास्त्री, रोहित मिश्रा, अम्बिकेश सिंह, अमित शुक्ला, उदय नारायण अग्रवाल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ पर प्रज्ञा पुराण कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर दीप यज्ञ में दी गई पूर्णाहुति



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी।**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ रामसनेहीघाट में युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की महिमा एवं उनके द्वारा रचित 19 वें महापुराण प्रज्ञा पुराण की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया साथ ही 24 घंटे का अखंड गायत्री मंत्र जप एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ ही दीप यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

## वीएचएसएनडी सत्र बंद मिला, डीएम सख्त, एएनएम का वेतन रोका, नैमिष में निर्माण कार्य भी परखे

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को विकासखंड गोंदलामऊ के ग्राम सहावपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी (VHSND) सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्र बंद मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संबंधित कर्मियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित एएनएम का 15 दिन का वेतन रोकने, आशा कार्यकत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस जारी करते हुए अगले आदेश तक उनका वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर के निकट निर्माणाधीन पंचमुखी प्लाजा एवं अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के लिए आवश्यकतानुसार श्रमिकों और कार्मिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य में यदि किसी भी प्रकार की बाधा या समस्या आती है तो उसकी तत्काल जानकारी दी जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान कर कार्य को बिना रुकावट पूरा कराया जा सके।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**बछरावां-रायबरेली।** अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बछरावां मौरावा मार्ग पर मदा खेड़ा गांव के निकट सई नदी पुल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर कुचल दिया। जिसे आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया है। मार्ग दुर्घटना में घायल युवक रामखेलावन पुत्र सरदार निवासी ग्राम हिलौली थाना मौरावा जनपद उन्नाव का रहने वाला है। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर ट्रक चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को बछरावां अस्पताल पहुंचाया गया।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को विकासखंड संग्रामपुर के ग्राम सभा संग्रामपुर में 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची विभागीय टीम ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार, कालिकन-चंद्रिकन मार्ग स्थित बड़ी बगिया के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेंजर अमेठी नागेंद्र पटेल के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय पशु चिकित्सालय, संग्रामपुर पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। वन दरोगा रणवीर सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत मोर के शव को कब्जे में लिया।

पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग ने राष्ट्रीय पक्षी का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। कार्रवाई के दौरान वन विभाग के राजकुमार मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ. बृजेश पांडे, पैरावेट विकास सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने हाईटेंशन विद्युत लाइनों के कारण वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने सुनी जनता की शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# खबरें एक नजर में

## सांप काटने से अधेड़ महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज़, लंभुआ सुल्तानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के भगौतीपुर गांव में सांप काटने से एक महिला की हालत नाजुक हो गई। अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई है। हादसा उस वक्त हुआ, जब महिला लोहे की बखारी से गेहूं निकालने गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। भगौतीपुर निवासी राजाराम की पत्नी भगनी (53) गृहणी हैं। मंगलवार की देर शाम वे घर के कमरे में रखे लोहे की बखारी से गेहूं निकालने गई थी। बताते हैं कि बखारी के नीचे ही मौजूद एक विषधर सांप ने उन्हें काट लिया। सांप के काटने से उनकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन परिजन उन्हें लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। पर, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वे अपने पीछे पांच बेटे - बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।तहसील प्रशासन द्वारा मौके पर जांच पड़ताल कर रिपोर्ट भेज दी गई है।जल्द ही परिवार को शासन से मिलने वाली सहायता राशि प्राप्त हो जाएगी।

## 21 सूत्रीय मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षकों जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।** पुरानी पेंशन की बहाली, माध्यमिक विद्यालयों के राजकीयकरण, वित्त विहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, कर्मचारियों के लिए भी कैशलेश चिकित्सा, सेवा सुरक्षा की बहाली, विद्यालयों के प्राइवेटाइजेशन की समाप्ति आदि शिक्षक समस्याओं को लेकर प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्य समिति सदस्य सत्येंद्र उपाध्याय, जिला समन्वयक नवनाथ दूबे, जिला मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय वर्मा, श्री गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज हाटा के ईकाई अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला कार्यकारिणी की सर्व सम्मति से शशिशेखर पाण्डेय को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुपस्थिति में लेखाकार को 21 सूत्रीय माँगों का ज्ञापन सौंपना के साथ धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। लेखाकार ने आश्वासन दिया कि वह शिक्षक समस्याओं को त्वरित गति से अग्रसारित कर शासन स्तर पर हल कराने का पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर रमेश तिवारी, सुभाष यादव, शिवानन्द गौतम, भागवत मिश्र, भोलू पटवा, अमित कुमार, घनश्याम, रमेश सिंह, प्रदीप सिंह, विवेक कुमार सिंह, राजाराम त्रिपाठी, वरुण त्रिपाठी, सचिन पांडेय, विपिन कुमार सिंह, रामदयाल वर्मा सहित जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर चित्रगुप्त मंदिर में 'गुरु आशीर्वाद' कार्यक्रम का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर चित्रगुप्त मंदिर समिति न्यास के तत्वावधान में आज पडरौना नगर के चित्रगुप्त मंदिर परिसर में 'गुरु आशीर्वाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल सहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर महंत अजयश्रीदास महाराज ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों और ट्रस्ट के पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन के अंधकार को दूर कर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला दिव्य प्रकाश है।

## पुलिस ने शुरू किया अत्याधुनिक इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल का संचालन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा अत्याधुनिक इंटरसेप्टर की 2 मोटरसाइकिलों को यातायात पुलिस को सौंपा गया। इस इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल का उपयोग स्पीड लेजर गन के माध्यम से प्रवर्तन, तेज गति पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात नियमों के अनुपालन तथा सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जाएगा। यह आधुनिक इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल स्पीड लेजर गन, हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा तथा अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। मोटरसाइकिल में स्थापित स्पीड लेजर गन के चलते वाहनों की गति का सटीक मापन कर निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों की तत्काल पहचान करने में सक्षम है। इंटरसेप्टर मोटरसाइकिल में लगे उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे से वाहनों के पंजीकरण नंबर को कैप्चर करने में सक्षम हैं, जिससे ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

## कार्यस्थलों पर आंतरिक परिवाद समिति के गठन की कार्रवाई तेज

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने जनपद के समस्त गैर सरकारी संस्थानों, निजी प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, अर्द्धसरकारी एवं सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, निगमों, उपक्रमों, बैंकों तथा मॉल संचालकों से कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य रूप से करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 के तहत ऐसे सभी संस्थान, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आईसीसी का गठन किया जाना आवश्यक है। समिति की अध्यक्ष कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी होंगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी के फंदे से लटकती मिली नवविवाहिता



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र जायस के अंतर्गत मुखेतिया गांव में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। मृतका की पहचान इंद्राणी उम्र 21 वर्ष पत्नी शैलेंद्र प्रताप मौर्य के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जिस कमरे में इंद्राणी का शव मिला, वह अंदर से बंद था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई। परिजनों के अनुसार मृतका के पति शैलेंद्र प्रताप मौर्य महाराष्ट्र में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे और महाराष्ट्र में ही थे। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतका के पति पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए। मृतका की मां ने भी आरोप लगाया कि उनकी बेटी को शादी के बाद से प्रताड़ित किया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार इंद्राणी की शादी करीब दो माह पहले बीते 8 मई को हुई थी।

## कल आईटीआई में आयोजित होगा अप्रेन्टिस मेला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में 31 जुलाई को प्रधानमंत्री अप्रेन्टिस रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य एमपी सिंह ने बताया कि मेले का आयोजन आईटीआई प्रशिक्षार्थियों एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में विजन इंडिया प्रा. लि. लखनऊ तथा एल एंड टी कम्पनी पिलखुआ गाजियाबाद प्रतिभाग करेंगी। एल एंड टी कम्पनी की चयन प्रक्रिया ऑनलाइन गूगल शीट के माध्यम से संपन्न होगी। मेले में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थी भी भाग ले सकेंगे। प्रधानाचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्र के साथ प्रातः 11:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में उपस्थित हों।

# गोंदलामऊ में नोटिस का खेल, तीन सचिवों पर कार्रवाई कब?

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ की कई ग्राम पंचायतों में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच की रफ्तार पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शपथ-पत्र के साथ नया प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया है कि जांच केवल नोटिस जारी करने तक सीमित है, जबकि आगे की कार्रवाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। शिकायत के अनुसार, करीब दो माह पूर्व सीडीओ के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जांच शुरू कराई थी। जांच अधिकारी ने तीन सचिवों को तीन दिन के भीतर अभिलेख प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया, लेकिन तय समय में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। आरोप है कि इसके बाद न दूसरा नोटिस जारी किया गया और न ही अभिलेख न देने पर कोई विभागीय कार्रवाई या प्रतिकूल आख्या उच्चाधिकारियों को भेजी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि जांच के दौरान ही संबंधित कर्मचारी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं, तो यह अपने आप में गंभीर मामला है। ऐसे में कार्रवाई के बजाय फाइलों को लंबित रखना जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। आरोप है कि कहीं न कहीं पूरे मामले को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र जिला स्तरीय अधिकारी से कराई जाए, संबंधित सचिवों का कार्यभार तत्काल हटाया जाए, सभी संदिग्ध भुगतानों पर रोक लगाई जाए और मूल अभिलेख सुरक्षित कराए जाएं ताकि साक्ष्यों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी जांच में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब करेंगे, या गोंदलामऊ की यह जांच भी केवल नोटिस और कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगी? पूरे मामले पर अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

## पिपरिया फाइल पर सन्नाटा, आदेशों के बाद भी कार्रवाई गायब

**सीतापुर।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया का बहुचर्चित वित्तीय अनियमितता प्रकरण एक बार फिर चर्चा में है। जांच में कथित अनियमितताएं सामने आने, एफआईआर दर्ज होने और विभागीय कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी होने के बावजूद अब तक अंतिम कार्रवाई न होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता पदुम कुमार की शिकायत पर हुई जांच के बाद ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इसके बाद 3 जून 2025 को एफआईआर और विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी हुए तथा 16 जून 2025 को लहरपुर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया। इसके बावजूद विभागीय कार्रवाई आज तक निर्णायक मुकाम तक नहीं पहुंच सकी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि न्यायालय से केवल गिरफ्तारी के संबंध में राहत मिली थी, जबकि विभागीय कार्रवाई पर किसी प्रकार की रोक नहीं थी। इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों ने आदेशों का समयबद्ध अनुपालन नहीं कराया।

## बुलेट और बस की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर घायल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को कस्बा जायस में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुल्तानपुर-रायबरेली नेशनल हाईवे पर नौगज़ी चौराहा, वहाबगंज के पास बुलेट और बस की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही



डायल 112 और 108 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी फुरसतगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। घायल युवकों की पहचान तालिब पुत्र ताज मोहम्मद और शाहरुख पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी तकिया मौलवी कलां, कोतवाली जायस के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक जायस रेलवे स्टेशन रिजर्वेशन कराने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। वहीं, बस हरियाणा से चलकर रायबरेली जिले के मटरवा परशदेपुर जा रही थी। दुर्घटना में बस और बुलेट दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचा दिया है, जबकि हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। बस में सवार यात्रियों को आगे जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र मिसबाहुद्दीन को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

इमामुद्दीन पुत्र सादिक अली
ग्राम व पोस्ट नैनामऊ, थाना जहांगीराबाद, जनपद-बाराबंकी


# सीएचसी संग्रामपुर का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

▸ आरबीएसके टीम को चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संग्रामपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष, लेबर रूम, दंत चिकित्सा कक्ष तथा स्टोर रूम सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समय आरबीएसके टीम के चिकित्सक डॉ. आरिफ इकबाल को छोड़कर सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। सीएचसी से संबद्ध तीन वाहनों में से



दो वाहन अस्पताल परिसर में नहीं मिले, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। जानकारी में बताया गया कि एक वाहन बिना पूर्व सूचना के प्रयागराज गया था, जबकि दूसरे वाहन की बैटरी खराब थी। इसके अलावा आरबीएसके की 'ए' टीम निर्धारित समय से पहले अस्पताल लौट आई थी। इस पर सीएमओ ने टीम को चेतावनी देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षक को संबद्ध वाहनों की प्रतिदिन लाइव लोकेशन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद सीएमओ ने जनकपुर-पतापुर गांव पहुंचकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चल रही साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

# गुरु पूर्णिमा पर महेश सोनी ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अमेठी के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने नगर पंचायत क्षेत्र स्थित देवीपाटन मंदिर एवं हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश और जनपद की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की। महेश सोनी ने कहा कि गुरु जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही दिशा प्रदान करते हैं। उनके मार्गदर्शन से ही



व्यक्ति का चरित्र निर्माण होता है और समाज में सकारात्मक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने अपने गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की।

## महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर सपा कार्यालय में पुष्पांजलि, मिशन 2027 पर मंथन



**समृद्धि न्यूज़, गौरीगंज/अमेठी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय गौरीगंज में बुधवार को महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उनके जीवन व योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों पर चर्चा की तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक यादव, दीपक तिवारी, जितेंद्र कुमार यादव, अशोक कुमार प्रजापति, सुशील कुमार प्रजापति, अभिषेक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने महाराजा दक्ष प्रजापति के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र रिंकू व उसकी पत्नी प्रीती को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

केशन पुत्र राम सरूप
ग्राम अम्बौर, थाना सफदरगंज
परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज
जिला-बाराबंकी।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूलः विजेता टीमों का हुआ सम्मान

**सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता का समापन**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**






जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन रोमांचक फाइनल मुकाबलों एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों एवं राज्यों से आई टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिभा का परिचय दिया। तीनों आयु वर्गों के फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनमें विजेता टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। अंडर 17 वर्ग में सीपीएस फतेहपुर ने प्रथम, स्टेटस द आर्यन श्रावस्ती ने द्वितीय तथा एआईएमएस गोंडा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर 14 वर्ग में सेंट ज़ेवियर्स हरदोई ने प्रथम, स्टेटस द आर्यन श्रावस्ती ने द्वितीय तथा एआईएमएस गोंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 वर्ग में अवध इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, सेंट ज़ेवियर्स हरदोई ने द्वितीय तथा एसआर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में अकादमिक हेड संजय कुमार कनौजिया ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. रूबी यादव एवं सीएसओ पुनीत ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

आयोजन समिति के सदस्य रवि गौतम, सुप्रीत पटेल, प्रवीण कुमार निषाद, हिमांशु गुप्ता एवं अदनान ने दिन-रात अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, रेफरी, तकनीकी अधिकारियों एवं अतिथियों ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की सराहना की। सभी विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# गुरु पूर्णिमा पर प्रिया शाक्य ने पुजारी को किया सम्मानित

**शैलेंद्र गुप्ता ने गुरु-शिष्य परंपरा को बताया समाज की नींव**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भाजपा संगठन के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने नगर के शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री को राम नाम की पट्टिका, शाल पहनाकर एवं प्रतीक चित्र भेंट कर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य का विशेष स्थान है। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन सफल बनता है। गुरु का ज्ञान मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है और शास्त्रों में उनका दर्जा ईश्वर से भी ऊंचा माना गया है। हमें गुरु का सम्मान करना चाहिए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल पूजा का दिन नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कारों को जीवंत रखने का पर्व है। गुरु ही शिष्य को सही दिशा देते हैं। आज के युग में भी गुरु-शिष्य परंपरा समाज की नींव है। हमें अपने गुरुओं का सम्मान करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलना चाहिए, तभी राष्ट्र और समाज मजबूत होगा। कार्यक्रम में उषा उपाध्याय, अमोघ गुप्ता, किरन शाक्य, डॉ. रमेश चंद्र शाक्य, अनुपम शाक्य, पंकज शाक्य, आदित्य राजपूत, कृष्णकांत शाक्य, योगेंद्र बाथम एवं आशीष शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## शंकरा विजन सेंटर का शुभारंभ, क्षेत्रवासियों को मिलेगी आधुनिक नेत्र चिकित्सा सुविधा



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तालग्राम रोड स्थित सिटी चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के पास नवनिर्मित शंकरा विजन सेंटर का बुधवार को विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जयप्रकाश, राहुल कुमार, गौरव, नितिन, अभिषेक, देव कुमार यादव सहित शंकरा टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विजन सेंटर के संचालन से अब लोगों को आंखों की जांच, विशेषज्ञ परामर्श, दृष्टि संबंधी समस्याओं का उपचार तथा मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों के लिए समय पर उचित चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी और उन्हें बेहतर इलाज का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

# अगरबत्ती निर्माण से महिलाएं बनी आत्मनिर्भरः रंजीत सिंह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



ग्रामीण युवा व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आरसेटी में समय पर समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे कि युवा आत्मनिर्भर बन अपना रोजगार स्थापित कर सकें। ब्लॉक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बहेलियनपुरवा अनौगी में आयोजित 12 दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) रंजीत सिंह और संस्थान के निदेशक विश्व मोहन ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। एलडीएम रंजीत सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल का उपयोग कर प्रतिभागी स्वरोजगार शुरू करें और आत्मनिर्भर बनें। कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलते हैं। संस्थान के निदेशक विश्व मोहन ने कहा कि आरसेटी का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने तक हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने बताया कि व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक ऋण या अन्य आवश्यक मार्गदर्शन की जरूरत होने पर संस्थान आगे भी सहयोग करेगा।

प्रशिक्षण के दौरान फैकल्टी महेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को अगरबत्ती निर्माण की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यालय सहायक सोनू कुमार, सुनील कुमार तथा संस्थान के अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## फर्जी किडनैप कॉल से चार घंटे दौड़ती रही पुलिस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** डायल 112 पर किडनैपिंग की फर्जी सूचना मिलने से विशुनगढ़ थाना पुलिस करीब चार घंटे तक परेशान रही। सूचना में बताया गया था कि चार-पांच लोग किसी का अपहरण कर ले जा रहे हैं। कॉल मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और उपनिरीक्षक रामसजीवन वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नुनार मोहल्ले में पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने ऐसी घटना की पुष्टि नहीं की। कॉल करने वाले नंबर पर संपर्क नहीं हो सका, जिसके बाद पुलिस ने नंबर की जांच और लोकेशन ट्रेस कराई। मोबाइल नंबर नगला भजा गांव का निकला। वहां पहुंचने पर एक महिला ने बताया कि उनकी करीब 14 वर्षीय बेटी से गलती से 112 पर कॉल लग गई थी। किसी प्रकार की कोई किडनैपिंग की घटना नहीं हुई थी। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि जांच में सूचना पूरी तरह गलत निकली। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि डायल 112 का उपयोग केवल वास्तविक आपात स्थिति में ही करें।

# सीडीओ ने विकास खंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पूर्वी बाईपास स्थित विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य को निर्देश देते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण करने पर विशेष जोर दिया। सीडीओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान विकास खंड कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### आईआईटी चलो अभियान के तहत दी करियर की जानकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** बाबा पंचम सिंह जनता इंटर कॉलेज, नगला लक्ष्मन हृदय रामपुर, पोस्ट लोकपुर शंकरपुर में आईआईटी चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी कॉलेज तालग्राम, छिबरामऊ से आए अध्यापक वीर चंद एवं राहुल यादव ने छात्र-छात्राओं को आईआईटी और तकनीकी शिक्षा के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों की रुचि इंजीनियरिंग और उच्च तकनीकी शिक्षा में है, वे समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।

### भाकियू (बलराज) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम बहवलपुर में रास्ता बंद करने, पथराव और अवैध कब्जे की शिकायत की। ज्ञापन में कहा गया कि न्यायालय के आदेश के तहत 13 फीट भूमि का कब्जा दिलाए जाने के दौरान दूसरे पक्ष ने मुख्य मार्ग की सरकारी पटरी को जेसीबी से खोदकर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। भाकियू (बलराज) ने गाटा संख्या 216 की सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, फर्जी मुकदमे समाप्त कराने और दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अरुणा आसफ अली की पुण्यतिथि पर विजय मिश्रा ने दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज कन्नौज।** भारत छोड़ो आंदोलन की अग्रणी नायिका और भारत की ग्रैंड ओल्ड लेडी के नाम से प्रसिद्ध अरुणा आसफ अली की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज विजय मिश्रा ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में आयोजित कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि अरुणा आसफ अली जी साहस, संघर्ष और स्वतंत्रता की प्रतीक थीं। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में अंग्रेजी हुकूमत के सामने तिरंगा फहराकर उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी थी। उनका जीवन आज भी हर कार्यकर्ता और युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि अरुणा जी ने अपना पूरा जीवन देश सेवा और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया। उनके त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश को एकजुट और मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। विजय मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अरुणा आसफ अली जी के विचारों और मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी को देशभक्ति और सेवा भाव को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

### पूर्व पालिका अध्यक्ष के आवास पर मनाया गया जन्मदिन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के जवाहर नगर स्थित पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र आर्य के आवास पर जन्मदिन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के युवा, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक एकत्र हुए और उन्होंने पूर्व अध्यक्ष को पुष्प भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी तथा उनकी दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान माहौल भक्तिमय एवं सौहार्दपूर्ण रहा। सभी ने केक काटकर खुशियां साझा कीं। उपस्थित लोगों ने धीरेंद्र के सामाजिक कार्यों एवं नगर के विकास में उनके योगदान की सराहना की। बधाइयां स्वीकार करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र आर्य ने कहा कि मैं नगरवासियों के स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। आप सभी का प्रेम ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।

# श्री केशवनाथ मंदिर में भक्तिभाव से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



डायट रोड पर धर्म विज्ञान पीठ परिसर स्थित श्री केशवनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

पीठ के प्रेरणा पुंज आध्यात्मिक गुरु ब्रह्मलीन स्वामी सत्यदेव जी महाराज की प्रतिमा का फूलों से भव्य श्रृंगार कर पूजन-अर्चन किया गया। सभी ने स्वामी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर पीठाध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश कौशल किशोर चतुर्वेदी ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु की कृपा से ही शिष्य जीवन के सही मार्ग पर अग्रसर होता है। गुरु पूर्णिमा हमें अपने आदर्शों और गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम में पीठ के पुजारी पंडित करूणा शंकर त्रिवेदी, सदस्य राजीव चतुर्वेदी, मीरा देवी, रजनी, उमा मिश्रा, शिवा त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## घर निर्माण के दौरान मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निगोह निवासी राजवीर सिंह ने गांव के नौ लोगों पर घर निर्माण के दौरान मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शिकायत के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह अपने पुत्र सुशील, अजय और बहू कंचन के साथ मकान का निर्माण करा रहे थे। तभी गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर राजवीर, सुशील, अजय और कंचन को घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने मोटरसाइकिल व दीवार भी क्षतिग्रस्त कर दी तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

**पुलिस ने गिरोह के पास से 37 मोबाइल व हथियार बरामद**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सौरिख थाना पुलिस ने बुधवार को पुलिस मुठभेड़ के बाद अंतर्राज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान भागने का प्रयास कर रहे राजीव के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 37 चोरी के मोबाइल फोन, जिनमें 9 आईफोन शामिल हैं, एक बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक, तीन तमंचे, छह जिंदा कारतूस और छह खोखा कारतूस बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है। थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि ऋषिभूमि तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में एक आरोपी घायल हो गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत अन्य राज्यों के भीड़भाड़ वाले इलाकों से मोबाइल चोरी कर बेचते थे और गुरु पूर्णिमा मेले में वारदात करने आ रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गुरु पूर्णिमा पर गूंजा सम्मान का संदेश, पुजारियों को किया सम्मानित



**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर भाजपा कार्यकर्ताओं पार्टी द्वारा घोषित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पुजारियों का सम्मान किया। भाजपा पदाधिकारियों ने पुजारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन में अच्छे संस्कारों और सद्मार्ग को अपनाने का संकल्प लेने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि मंदिरों के पुजारी धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ समाज में सद्भाव और संस्कारों का संदेश पहुंचाने का कार्य करते हैं।

श्रद्धा के साथ लिया आशीर्वाद कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पुजारियों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया। पुजारियों ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

**गुरु का सम्मान ही भारतीय संस्कृति की पहचान :संजीव गुप्ता**

भाजपा जिला मंत्री संजीव गुप्ता 'संजू' ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु व्यक्ति को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान और सद्मार्ग की ओर ले जाते हैं। मंदिरों के पुजारी सनातन धर्म की परंपराओं और संस्कारों को समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा पर उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति और संस्कारों का सम्मान है।

**पुजारियों का सम्मान हमारी जिम्मेदारी : संतोष चतुर्वेदी**

भाजपा जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने कहा कि सनातन परंपरा में गुरु को विशेष स्थान प्राप्त है। मंदिरों के पुजारी श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

# नाम वापसी के बाद भी प्रक्रिया पर विवाद

**रेडक्रॉस सोसाइटी चुनाव पर उठे सवाल**

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इंडिया रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन पद के चुनाव के बाद पूरी चुनाव प्रक्रिया विवादों में घिर गई है। एक प्रत्याशी पर दूसरे दावेदार पर नामांकन वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। इस घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार, विकास पटेल चेयरमैन पद के लिए नामांकन करने की तैयारी में थे। आरोप है कि एसडीएम एवं चुनाव पर्यवेक्षक की मौजूदगी में मायकांत कटियार उर्फ लाला भाई ने उनसे चुनाव न लड़ने की बात कही। वायरल वीडियो में कथित तौर पर उन्हें यह कहते हुए सुना जा रहा है कि यह विधायक का चुनाव नहीं है और उनके पास इससे बड़ा पद है। इसके बाद विकास पटेल ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

इसके बाद 10 सदस्यों के बीच सर्वसम्मति बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन सहमति न बनने पर मतदान कराया गया। चुनाव में मायकांत कटियार को छह, डॉ. सरित द्विवेदी को तीन मत मिले, जबकि एक मत अवैध घोषित हुआ। इसके बाद मायकांत कटियार को चेयरमैन निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

चुनाव प्रक्रिया को लेकर अब कई सवाल उठाए जा रहे हैं। आपत्ति जताने वालों का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित चुनाव कार्यक्रम में 27 जुलाई को दोपहर दो बजे तक नाम वापसी की अंतिम समयसीमा निर्धारित थी। ऐसे में 28 जुलाई को नाम वापसी अथवा आपसी सहमति की प्रक्रिया किस नियम के तहत अपनाई गई, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। इसके अलावा दो रिक्त सदस्यों का निर्धारण किस आधार पर किया गया और अध्यक्ष व सचिव पद पर एक ही जाति के व्यक्तियों के चयन को लेकर नियमावली का पालन हुआ या नहीं, इस पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या 28 जुलाई की प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित चुनाव कार्यक्रम की व्याख्या को लेकर उत्पन्न स्थिति थी या फिर चुनाव संचालन में कोई प्रक्रियागत भ्रम रहा। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है। वहीं, वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले को लेकर संबंधित पक्षों तथा प्रशासन की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# आरएसएस ने गुरु के रूप में किया भगवा ध्वज का वंदन

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि संघ का गुरु कोई व्यक्ति नहीं बल्कि परम पूज्य भगवा ध्वज है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में आयोजित कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पूज्य भगवा ध्वज को गुरु मानकर वंदन किया और उसकी महिमा का स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवा ध्वज का रंग सूर्य की किरणों से लिया गया है। यह निराकार है और इस रंग में तेज है। पूज्य भगवा ध्वज में किसी प्रकार का कोई विकार नहीं आ सकता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किसी भी व्यक्ति को गुरु नहीं माना है क्योंकि व्यक्ति में विकार आ सकता है, लेकिन परम पूजनीय भगवा ध्वज सदा पवित्र और आदर्श का प्रतीक है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख राजेश कटिहार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरी परंपरा और अनुशासन भगवा ध्वज के आदर्शों पर आधारित है। हमारे लिए भगवा ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं है, यह राष्ट्रभक्ति, त्याग, समर्पण और सेवा का जीवंत स्वरूप है। व्यक्ति बदल सकते हैं, व्यक्ति से भूल हो सकती है, लेकिन भगवा ध्वज में कभी कोई विकार नहीं आ सकता। यह ध्वज हमें एकता, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। इसी ध्वज के मार्गदर्शन में संघ निरंतर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्य करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस मौके पर सर्वेश पांडे, मलिक अवनीश, दोहरी ब्लॉक प्रमुख जलालाबाद गीता पाठक, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नयन दोहर, सदर विधानसभा कन्नौज की पूर्व विधायक चुन्नू लाल कश्यप, सचिन पाठक, खंड कारवा जलालाबाद सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगवा ध्वज को पुष्प अर्पित कर वंदन किया गया और राष्ट्र व समाज की उन्नति की कामना की गई।

## पूर्णिमा पर सभासद शिवा गुप्ता ने क्षेत्र मंत्री देवेंद्र देव को बताया अपना राजनीतिक गुरु



**गुरसहायगंज कन्नौज।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरसहायगंज के सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता ने भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्र मंत्री देवेंद्र देव को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए उन्हें सादर प्रणाम किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता ने कहा कि राजनीति में सही मार्ग दिखाने वाले, सेवा, संघर्ष और जनहित का भाव सिखाने वाले मेरे आदरणीय राजनीतिक गुरु क्षेत्र मंत्री देवेंद्र देव हैं। उनका मार्गदर्शन, विश्वास और प्रेरणा मेरे लिए अमूल्य है। आपके सानिध्य में जनसेवा का जो संस्कार मिला है वही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि देवेंद्र देव को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर यश प्रदान करें। उनका आशीर्वाद सदैव कार्यकर्ताओं पर बना रहे। शिवा गुप्ता ने कहा कि देवेंद्र देव जमीनी कार्यकर्ता हैं और संगठन के हर कार्यकर्ता की नब्ज को समझते हैं। उनके नेतृत्व में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम और मजबूती से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में गुरसहायगंज और पूरे कन्नौज जनपद में संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

# विश्व के सबसे ऊंचे अशोक स्तंभ का निर्माण शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के जन्म दिवस पर नगर के पास लक्षीराम नगला में फाउंडेशन लेंटर डालने के साथ विश्व के सबसे उंचे भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ का निर्माण शुरू हो गया। लखनऊ से आए आर्किटेक्ट कुलदीप शाक्य ने बताया 25 फीट लंबे और 25 फीट चौड़े क्षेत्र में 40 फीट गहरी 16 बोरिंग की ।गई हैं। आज 22 फ़ीट चौड़ाई 22 फीट लंबाई और 6 फीट ऊंचाई का ठोस लेंटर डाला जा रहा है। इसमें 20 टन सरिया, 1250 बोरी सीमेंट, दो ट्रक गिट्टी और दो ट्रक मोरम का उपयोग किया गया है। लेंटर पक जाने के बाद मिर्जापुर से इसका फाउंडेशन पत्थर आएगा। इसके ऊपर चुनार पत्थर के 10 फीट लंबे और 10 फीट चौड़े फाउंडेशन को रखा जाएगा। इस फाउंडेशन के ऊपर पत्थर का बना 108 फीट ऊंचा अशोक स्तंभ स्थापित किया जाएगा। इसका वजन लगभग 1000 टन होगा। सड़क से इस अशोक स्तंभ की ऊंचाई 121 फ़ीट और फाउंडेशन से इसकी ऊंचाई 108 फीट होगी। सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक ओमकार शाक्य ने बताया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के जन्मदिन पर फाउंडेशन के लेंटर का यह शुभ कार्य प्रारंभ हो गया है।

इस अवसर पर भंते चेतसिक बौद्ध, अमित शाक्य संकिसा, जीतू शाक्य, स्वतंत्र गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, प्रमोद यादव, रमेश बाबू बौद्ध, रिंकू गुप्ता, रमेश शाक्य, रामेंद्र शाक्य, चंचल शाक्य, आदित्य विक्रम सिंह, मदन सिंह , नवनीत व पिंटू शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मानसिक विक्षिप्त युवक ने मां को ईंट से कुचलकर मारा

**▸ बहन पर भी किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मृतका का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

थाना क्षेत्र के गांव खुड़ीना बैध में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मानसिक रूप से विक्षिप्त बताए जा रहे पंकज (25) पुत्र दुलारे ने अपनी मां नन्ही देवी (52) पत्नी दुलारे की बेरहमी से पिटाई करने के बाद ईंट और पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपनी बहन सुषमा पर भी जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीण पहुंच गये और सुषमा को बचाया। आरोपी युवक ग्रामीणों पर भी पथराव करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अपनी हिरासत में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खुड़ीना बैध निवासी पंकज का उसकी मां नन्ही देवी से सुबह करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते पंकज ने अपना आपा खो दिया और मां पर जानलेवा हमला कर दिया।

बीच-बचाव करने पहुंची बहन सुषमा पर भी उसने हमला कर दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर सुषमा को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान पंकज लगातार उग्र बना रहा और करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीणों पर पथराव करता रहा। काफी मशक्कत के बाद 10 से 15 ग्रामीणों ने उसे काबू कर रस्सी से बांध दिया।

जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। परिजनों ने बताया कि पंकज करीब दो वर्ष से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसका भाई शिवम हरियाणा के पानीपत में नौकरी करता है। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी कायमगंज तथा थाना शमशाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी पंकज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# स्वास्थ्य शिविर में 340 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी दवाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


ग्रामीणों का स्वास्थ परीक्षण करते चिकित्सक

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में अमृतपुर के ग्राम गूजरपुर गहिलवार (दौलतीयापुर) में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके गांव में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 340 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। डॉक्टरों की टीम ने 340 मरीजों का गहन परीक्षण किया और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। जांच के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में मुख्य रूप से मौसमी बीमारियों, बुखार, सर्दी-जुकाम और पेट संबंधी समस्याओं के मरीज पहुंचे। शिविर के दौरान ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाना उनका लक्ष्य है। मौसम में हो रहे बदलाव के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों की नितांत आवश्यकता है, ताकि लोगों को समय पर इलाज मिल सके। गांव गूजरपुर गहिलवार और आस-पास के क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में ही स्वास्थ्य जांच और दवाइयां मिलने से उन्हें दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर लगाने से राहत मिली है। इस अवसर पर अनुभवी चिकित्सक डॉ. सुमित यादव, डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. नितिश शाक्य, डॉ. अमरेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# नौ थीम पर विकास कार्य कर समृद्ध बनेंगी ग्राम पंचायतें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक को संबोधित करते सुरेन्द्र पाण्डेय

ग्राम पंचायतों और जिला पंचायतों में अब विकास कार्य नई कार्यप्रणाली के तहत कराए जाएंगे। इसके लिए पंचायतों में नौ प्रमुख थीम के आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत बुधवार को नवाबगंज विकास खंड सभागार में ग्राम सचिवों एवं पंचायत सहायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र पाण्डेय एवं प्रतिभा कटियार ने बताया कि अब ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी के अंतर्गत गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल-संपन्न पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत जैसी नौ थीम पर योजनाएं तैयार की जाएंगी। खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प और ग्राम पंचायतों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए अब योजनाओं का क्रियान्वयन नई कार्ययोजना के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों की योजनाएं पूर्व की तरह संचालित रहेंगी, लेकिन उनका समन्वय इन थीमों के अनुरूप किया जाएगा। जिससे विकास कार्य अधिक प्रभावी और परिणामकारी बन सकें। प्रशिक्षण के बाद सभी ग्राम सचिव एवं पंचायत सहायकों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में नई व्यवस्था के तहत विकास योजनाएं तैयार करने और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी किशन पाल सिंह, सचिव अनुपम बाजपेई, कामता प्रसाद, बृजेश कुमार, वेद प्रकाश सिंह, प्रमोद शुक्ला सहित विकास खंड के सभी ग्राम सचिव एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

## नीम के पेड़ से गिरकर किसान घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज के नगला मन गांव में बुधवार को एक किसान नीम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब किसान खेत में लगे पेड़ पर चढ़ा हुआ था और अचानक उसकी एक डाली टूट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत किसान को संभाला और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी।


जानकारी देता घायल युवक

जानकारी के अनुसार नगला मन निवासी ब्रजेश पुत्र दयाराम अपने खेत में लगे नीम के पेड़ पर किसी काम से चढ़े थे। इसी दौरान पेड़ की एक बड़ी डाली अचानक टूट गई। डाली टूटते ही ब्रजेश अपना संतुलन खो बैठे और कई फीट ऊंचाई से जमीन पर आ गिरे। इस हादसे में उनके सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गए। वहां फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने ब्रजेश का प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान ब्रजेश की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बैठक में खंड विकास अधिकारी ने लगाई जीआरएस की फटकार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद लोग

खंड विकास अधिकारी श्वेता कौशिक की अध्यक्षता में सभी ग्राम रोजगार सेवकों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी रोजगार सेवकों से ग्राम पंचायत में हो रहे कार्य पर चर्चा की गई। वहीं तालाबों की साफ -सफाई तथा ग्राम पंचायत में बनी सड़कों तथा नदियों की साफ-सफाई संबंधित चर्चा की गई। जिसमें विशेषताओं से तालाबों की सफाई पर जोर दिया गया।

जिसमें कुछ ग्राम रोजगार सेवक नहीं आए थे। जिन पर खंड विकास अधिकारी ने जमकर सभी की फटकार लगाई तथा बताया कि काम के प्रति हीला हवाली बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सरकार के मंशा के अनुरूप सभी को कार्य करना होगा। कुछ ग्राम पंचायत में मनरेगा की आईडी तक अभी पूर्ण नहीं हो पाई है, जबकि जी राम जी नया सत्र शुरू हो चुका है।

जिस पर सभी रोजगार सेवकों से जल्दी से जल्दी पूर्ण करके नया सत्र शुरू करने की बात कही। वहीं खंड विकास अधिकारी ने सीमित समय सभी को दिया कि 2 दिन के अंदर सभी लोग अपनी आइडिया पूर्ण कर खंड विकास कार्यालय में जमा करें तथा तालाबों की और नालियों की साफ -सफाई का भी ग्राम प्रधान व ग्राम रोजगार सेवक ध्यान रखें। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार, मनरेगा सेल से राहुल चंदेल, नई खंड विकास अधिकारी श्वेता कौशिक सहित तमाम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से चालक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज के मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर के पास बुधवार को एक ई-रिक्शा गहरे गड्ढे में पलट गया। शमशाबाद थाना क्षेत्र के फैजबाग निवासी चालक हुसैन हजियापुर चौराहे से भाड़ा लेकर दौलतपुर जा रहे थे। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क पर बने गड्ढे में ई-रिक्शे का पहिया जाने से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद चालक हुसैन ई-रिक्शे के नीचे दब गए। ई-रिक्शा पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में हुसैन को कोई गंभीर चोट नहीं आई। बाद में लोगों ने ई-रिक्शा को सीधा किया और उसमें रखा सामान बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क के गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया है। इसके अलावा, दुर्घटनाओं से बचने के लिए कोई चेतावनी संकेत भी नहीं लगाए गए हैं। लोगों का आरोप है कि इस लापरवाही के कारण आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है।


पलटा ई-रिक्शा

# पुलिस ने 24 घंटे में हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**जमीनी विवाद में की थी हत्या**


घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े आरोपी

जमीन के विवाद में हुई हत्या के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डंडा भी बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 29 जुलाई को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर बावत अभियुक्तों द्वारा बेची हुई जमीन को लेकर वादी के पिता हरनाम सिंह को लाठी-डण्डों से मारपीट कर जान से मार देना तथा शव को छिपाने की नियत से गांव धीरजपुर व सवासी के बीच 400 से 500 मीटर दूर खेतों मे फेंक दिया था। थाना कमालगंज पुलिस ने अभियुक्त कैलाश चन्द्र शर्मा, नीलेन्द्र उपरोक्त के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। कमालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह ने पुलिस बल के साथ 24 घंटे के भीतर आरोपी कैलाश चन्द्र शर्मा पुत्र खान सहाय निवासी ग्राम सवासी थाना कमालगंज व नीलेन्द्र उर्फ नारद निवासी धीरजपुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि, कैलाश चन्द्र शर्मा उपरोक्त ने करीब 04-05 वर्ष पूर्व अपनी छः बिसे जमीन हरनाम सिंह को बहुत कम रूपये मे बेंच दी थी, जो जमीन अब बहुत मंहगी हो गयी है। कैलाश चन्द्र शर्मा उपरोक्त ने हरनाम से कहा कि मेरी जमीन मुझको वापस दे, जो तुमने मुझको रूपये दिये थे मै वापस कर दूँगा, लेकिन हरनाम सिंह जमीन नहीं दे रहा था। 10-15 दिन पहले नीलेन्द्र उपरोक्त का भी हरनाम से विवाद हो गया था। फिर हम दोनों ने मिलकर हरनाम के साथ डण्डा से मारपीट कर दी। जिससे हरनाम की मृत्यु हो गयी थी। जिसके बाद हम लोगों ने हरनाम की लाश को अपनी मढ़ैया से लेकर मृतक के बाडे की तरफ जो रास्ता जाता है, उसी पर छोड़ दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डंडा भी बरामद किया है।

## उद्यान विभाग की योजनाओं के लिए लक्ष्य जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नवीन गाइडलाइन के अनुसार किसानों को लाभान्वित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के भौतिक लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक (पहले आओ-पहले पाओ) के आधार पर दिया जाएगा। योजनाओं के प्रमुख लक्ष्य एकीकृत बागवानी विकास मिशन, संकर शाकभाजी के लिए कुल 10 हेक्टेयर सामान्य 08, अ.जा. 02, प्याज और लहसुन दोनों के लिए 50-50 हेक्टेयर सामान्य 40, अ.जा. 10 का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त धनिया, अदरक और हल्दी के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। स्ट्रॉबेरी 02 हे0, पपीता 02 हे0 और उच्च घनत्व वाले अमरूद रोपण कुल 04 हे0 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ग्लैडियोलस और उच्च लागत वाले औषधीय पौधों 01-01 हे0 के लिए लक्ष्य रखे गए हैं। मल्चिंग 02 हे0, मचान 10 हे0, फेंसिंग 1000 मी0 सामान्य, 200 मी0 अ0जा0, फ्रूट/बंच कवर 05 हे0, और एकीकृत पोषण प्रबंधन 20 हे0 के लक्ष्य शामिल हैं। पावर टिलर 8 बीएचपी तक, नैपसेक स्प्रेयर, इको फ्रेंडली नाइट ट्रैप और शहद उत्पादन के लिए भी लक्ष्य आवंटित हुए हैं। मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के तहत इस योजना के अंतर्गत संकर शाकभाजी के लिए कुल 40 हेक्टेयर सामान्य 30, अ0जा0 10 का लक्ष्य है। 20 बीएचपी तक का ट्रैक्टर सामान्य 01, 8 बीएचपी तक और 8 बीएचपी से अधिक के पावर टिलर सामान्य 01-01 और पावर नैपसेक स्प्रेयर कुल 03 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक कृषक संबंधित योजना का निशुल्क लाभ लेने के लिए दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। किसान अपने सभी दस्तावेज कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, कमरा नं0-57, विकास भवन फतेहगढ़ में जमा कराकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# जमीनी विवाद में कार्यवाही न होने पर किसान पेड़ पर चढ़ा

**▸ एसडीएम के आश्वासन पर एक घंटे बाद उतरा**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


पेड़ पर चढ़ा किसान

जमीन विवाद व वरासत दर्ज न होने से परेशान किसान तहसील परिसर में लगे पीपल के पेड़ पर चढ़ गया और आत्महत्या की चेतावनी देने लगा। जिससे पुलिस अधिकारियों में खलबली मच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद किसान नीचे उतर आया।

जानकारी के अनुसार कंपिल थाना क्षेत्र के गांव सिवारा खास निवासी इंद्रपाल ने बताया कि उसकी दादी रेवती के नाम 7.5 बीघा जमीन थी। दादी की मृत्यु के बाद गांव के एक व्यक्ति ने जालसाजी कर जमीन अपने नाम वरासत में दर्ज करा ली। इस मामले को लेकर करीब 40 वर्ष तक न्यायालय में मुकदमा चलता रहा। उसके पिता लड़ैते ने तहसील से लेकर कमिश्नरी तक न्याय के लिए संघर्ष किया, लेकिन राहत नहीं मिली। इंद्रपाल का कहना है कि मुकदमे की पैरवी के दौरान उसके बड़े भाई वीरपाल की मौत हो गई और तीन माह पहले पिता का भी निधन हो गया। अब वह अपने भाइयों शेर सिंह, अनार सिंह और गंगा सिंह के साथ न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। आरोप है कि विरोधी पक्ष अब उनके पिता के हिस्से की जमीन पर भी कब्जा करने की धमकी दे रहा है। सूचना मिलने पर एसडीएम अभिषेक वर्मा, तहसीलदार हर्षित सिंह और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान सुरक्षित नीचे उतर आया।

पुलिस उसे थाने ले गई। एसडीएम अभिषेक वर्मा और तहसीलदार हर्षित सिंह ने बताया कि किसान ने इससे पहले वरासत संबंधी कोई शिकायत उनके समक्ष प्रस्तुत नहीं की थी। बुधवार को वह पेड़ पर चढ़ गया। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया किसान के खिलाफ शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की गई है।

# जल निगम की खुदाई से चौमुखे महादेव मंदिर जाने वाले मार्ग बदहाल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास सावन शुरू होने वाला है, लेकिन शमसाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध चौमुखे महादेव मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गो की हालत जल निगम के कार्यो के चलते अत्यंत दयनीय बनी हुई है। श्रद्धालुओं की संभावित परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जल निगम को कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश देने की मांग की है। चौमुखे महादेव मंदिर तक जाने वाली दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य की निविदा टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। सीवर लाइन और पेयजल व्यवस्था के लिए पाइपलाइन बिछाने के काम के चलते दोनों सड़कें बुरी तरह खोद दी गई हैं। सावन में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में रास्तों का सुगम होना आवश्यक है। कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद की ओर से जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र भेजा गया है। पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष ने अवगत कराया है कि कस्बे में चौमुखे महादेव मंदिर तक जाने वाले दो मुख्य मार्गो का निर्माण होना है। इनमें पहला मार्ग गंगारोड़ मुकीम की चक्की से मंदिर तक और दूसरा मोहल्ला बजरिया में दिल्लू शाह चौराहे से मंदिर तक जाता है। नगर पंचायत के अनुसार, इन दोनों ही मार्गो के निर्माण कार्य की निविदा टेंडर प्रक्रिया पूर्व में ही संपन्न कराई जा चुकी है। परन्तु वर्तमान में जल निगम द्वारा इस क्षेत्र में सीवर लाइन और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इस खुदाई के कारण दोनों सड़कों की स्थिति चलने लायक नहीं बची है और यह अत्यंत दयनीय हो गई है। नगर पंचायत ने बताया है कि इस संबंध में जल निगम से भी पत्राचार कर जल्द से जल्द काम खत्म करने को कहा गया है। चूंकि आगामी दिनों में पवित्र श्रावण माह शुरू होने वाला है और चौमुखे महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही रहेगी, इसलिए रास्तों का ठीक होना बेहद जरूरी है।

## सिद्धपीठ बढ़पुर शीतला माता मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर स्थित शीतला माता देवी मंदिर में भोर की पहली किरण के साथ ही माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही मंदिर परिसर के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। प्रातः 5 बजे मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता रानी की भव्य आरती की गई। इसके पश्चात मंदिर के कपाट खुलते ही जय माता दी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में पूड़ी, हलवा और फलों का प्रसाद चढ़ाकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुराग दुबे, सभासद शक्ति सिंह कुशवाहा और उनकी टीम मंदिर परिसर पहुंची। उन्होंने मंदिर के पुजारी का तिलक बंधन कर और पटका पहनाकर सम्मान किया। **सीसीटीवी कैमरों और लाउडस्पीकर से रखी गई निगरानी:** सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सचिन कटियार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति सुबह से ही मुस्तैद थी। इसी का परिणाम रहा कि बिना किसी अव्यवस्था के सभी भक्तों ने आसानी से माता रानी के दर्शन किए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के तहत पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहा। महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए लाउडस्पीकर से लगातार जरूरी दिशा-निर्देश और अनाउंसमेंट होते रहे। इसके अलावा, मंदिर के सफाई कर्मचारियों द्वारा लगातार स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखी गई। जिससे आए हुए श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। भक्ति और उत्साह का यह माहौल देर शाम तक बना रहा।

# दौड़ लगाते समय गश खाकर गिरा युवक, मौत


लोहिया में खड़े परिजन व ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के शेराखार गांव निवासी शिवनारायन बुधवार सुबह फतेहगढ़ स्टेडियम में दौड़ लगाने के बाद अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। दोस्तों ने आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर शेराखार निवासी शिवनारायण तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता गुजरात के सूरत में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बड़े भाई धर्मराज ने बताया पहले शिवनारायण गांव में ही दौड़ लगाता था, लेकिन पिछले कुछ दिनों की बारिश से गांव की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई थीं। इसी वजह से वह पिछले छह दिनों से घर से 20 किलोमीटर दूर स्टेडियम में दौड़ की प्रैक्टिस करने जाता था। उसके साथ कई दोस्त सुमित और राजा भी जाते थे। बुधवार सुबह भी वह दौड़ने के लिए स्टेडियम गया था। साथियों ने बताया कि शिवनारायण दौड़ और शारीरिक अभ्यास कर रहा था। दौड़ पूरी होने ही वाली थी कि वह अचानक गश खाकर गिर पड़ा। जिसे आनन-फानन में उठाकर नजदीकी अस्पताल ले गये। जहां से लोहिया ले गये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# छह लोगों की हत्या का वांटेड 28 साल बाद गिरफ्तार

**▸ नाम बदलकर नोएडा में कर रहा था नौकरी**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


पुलिस हिरासत में आरोपी

कायमगंज कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 6 लोगों की हत्या के मामले में पिछले 28 वर्षो से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए यह आरोपी अपना नाम और पता बदलकर नोएडा में एक प्राइवेट नौकरी कर रहा था।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 1991 में कायमगंज कोतवाली में धारा 302/34 भादवि के तहत श्रीकृष्ण मास्टर आदि 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस जघन्य हत्याकांड के अन्य सभी आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी थी। हालांकि, इस मामले का एक वांछित आरोपी किशोरीलाल पुत्र नन्हेलाल जाटव निवासी ग्राम लखनपुर कोतवाली कायमगंज न्यायालय में आत्मसमर्पण के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। आरोपी किशोरीलाल ने कानून की नजरों से बचने के लिए अपनी पूरी पहचान बदल ली थी। वह दीपक पुत्र नंदराम निवासी गगनपुरी निधौली कलां, एटा के फर्जी नाम से नोएडा में रह रहा था। पिछले लगभग 28 सालों से वह इसी बदले हुए नाम के साथ नोएडा में प्राइवेट नौकरी करके सामान्य जीवन बिता रहा था और पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। कानपुर जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ और कानपुर रेंज के डीआईजी यमुना प्रसाद के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कायमगंज पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली।

29 को मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अब न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस शातिर अपराधी को पकड़ने में कोतवाली कायमगंज की टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल, उप निरीक्षक अंकुर भाटी, कांस्टेबल विजय गुर्जर, कांस्टेबल सचिन कुमार की अहम भूमिका रही।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष बेंचेलाल यादव का निधन

▸ तिरंगा भेंटकर पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम हरसिंहपुर गोवा में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बेंचे लाल यादव का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने बेंचेलाल को अपने पूर्व सैनिकों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की और तिरंगा भेंटकर उन्हें अंतिम विदाई देते हुए अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

पूर्व सैनिक सम्मान को उनकी यादों में बनाए रखने के क्रम में उनके पुत्र को संतापना, ढाढ़स बांधते हुए हुए जिलाध्यक्ष समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ केके यादव के द्वारा ओर पदाधिकारी ने तिरंगा भेंट किया। बेंचेलाल यादव ने पिछले 15 वर्षों से समाजवादी पार्टी में कार्यकर्ता बनकर कार्य किया और एक दूसरे को जोड़ने में जीवन में व्यतीत किया। सपा सैनिक प्रकोष्ठ को मजबूत करने में बेंचेलाल यादव का अहम योगदान रहा। सरल स्वभाव व मिलनसार व्यक्ति होने के साथ-साथ एक दूसरे में घुलमिलकर कार्य करते थे। पिछले तीन महीनों से वह बीमार चल रहे थे। बीते दिन उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी में शोक की लहर दौड़ गयी। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन ने बेंचेलाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। गांव से अंतिम यात्रा निकलकर पांचाल घाट पहुंची, जहां सपा नेताओं के अलावा गांव के लोगों ने भी नम आंखों से विदाई दी।

इस मौके पर सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अमित यादव, बृजेश कुमार, मनोज कुमार, हरमोहन सिंह, राजेंद्र सिंह यादव, अशोक यादव, शंभू दयाल, भुवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।


परिजनों को तिरंगा भेंट करते सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

# सपा कार्यालय में मनाई गई दक्ष प्रजापति की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सृष्टि के प्रथम रचनाकार महाराज दक्ष प्रजापति जयंती पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपने इतिहास से अवगत कराने तथा अपने स्वर्णिम इतिहास के अनुरूप समाज में नैतिक व्यवहार एवं मानवीय मूल्यों में उतारने हेतु प्रेरणा देते रहते हैं।

सपा नेता रामानंद प्रजापति ने कहा दक्ष प्रजापति की जयंती हम सभी के लिए प्रेरणा एकता और समाज सेवा का संकल्प लेकर कार्य करने को लेकर संकल्प दोहराने हेतु मनाई जाती है। आज के दिन हम सभी प्रजापति समाज के लोग समाज को रचनात्मक, सद्भावनापूर्ण बनाने हेतु संकल्पित होते हैं। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि इस दौरान महाराज दक्ष प्रजापति के चित्र पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सभी नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनके जीवन मूल्यों पर चर्चा की एवं कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। डॉ. जेपी वर्मा, डॉ. सुभाष पाल, शिवम पटेल, पवन कठेरिया, अर्चित शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, विनीत परमार, बीके गंगवार, मुदस्सिर खां, राजन सिंह, मोहम्मद अनस, फुरकान अहमद, राजन शर्मा, प्रशांत सिंह, सत्येंद्र प्रताप, विवेक राजपूत, मुजाहिद अंसारी, हबीब अहमद अंसारी, मोहित शाक्य आदि मौजूद रहे।


दक्ष प्रजापति की जयंती मनाते सपाई

## भारतीय महाविद्याल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार बुधवार को भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाविद्यालय को नशा मुक्ति परिसर बनाए जाने के उद्देश्य से एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए परिसर का नशा मुक्त और स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। अभियान के दौरान पूरे कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की गई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राध्यापकगण मौजूद रहे।


स्वच्छता अभियान में भाग लेती छात्रायें

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में सत्र 2026- 27 हेतु अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल डीके चतुर्वेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कियाद्ध प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कक्षा 9 की आर्या चौहान, आराध्या भदौरिया, सौम्या अवस्थी, आराध्या गुप्ता, इशिता वर्मा, काव्या अग्निहोत्री, श्रद्धा सक्सेना आदि छात्राओं ने स्वागत है आपका आगमन है आपका गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मनी पाण्डेय, कियारा गुप्ता, अन्वी दीक्षित, अनुष्का प्रजापति, ईशानी गुप्ता, कृतिका यादव, प्राची कुमारी आदि छात्रों ने चीयर डांस करके सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चारों सदनों से चयनित छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा अलंकृत कर शपथ ग्रहण करवाई गई। विद्यालय के कार्यभार को संभालने के लिए शीर्ष बालक उज्जवल शंखवार शीर्ष बालिका अपूर्वा कक्षा 12 से चयनित किया गया। निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को अच्छी संगठन क्षमता तथा सहयोग की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



मौजूद सैन्य अधिकारी, छात्र व शिक्षक

# आजाद समाज पार्टी किसान मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष बने नितिन कुमार गौतम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आजाद समाज पार्टी कांशीराम से किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष नितिन कुमार गौतम बनाये गये।

उन्होंने नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद व प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ व शिवप्रकाश विश्वकर्मा, गुड्डू कठेरिया आदि लोगों का धन्यवाद दिया है। आजाद समाज पार्टी काशीराम के पूर्व जिला अध्यक्ष नितिन कुमार गौतम को पार्टी नेतृत्व द्वारा किसान मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। नितिन कुमार गौतम लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए किसानों, दलितों, पिछड़े वर्गो तथा वंचित समाज के अधिकारों की आवाज़ बुलंद करते रहे हैं। नितिन कुमार गौतम ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के सम्मान में एवं किसान भाइयों की रक्षा के लिए कार्य करूंगा और संगठन की रीति-नीति को गांव-गांव पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाऊंगा।


नितिन कुमार गौतम

## खबरें एक नजर में

### सभी आश्रमों में धूमधाम से मनाया गया गुरु प्रर्णिमा उत्सव

शिष्यों ने लिया गुरुओं का आशीर्वाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरु द्रोणाचार्य की नगरी दक्षिण पांचाल गुरुगांव देवी मंदिर में मंगला गौरी का पूजन अर्चन किया गया। मंदिर में त्यागीजी महाराज एवं बाबा नीमकरोरी का भक्तों ने पूजन किया। मंदिर में यज्ञ हवन के बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। दुर्वासा ऋषि आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी ने गुरू परंपरा पर कहा कि गुरू शिष्य की परम्परा भारतीय संस्कृति का महान पर्व है। गुरू के द्वारा बनाई गई सृष्टि संस्कार युक्त होती है जो मानव का कल्याण करती है, गुरू संस्कार देते है जो कभी नष्ट नहीं होता है। गुरू पूर्णिमा उत्सव पांचाल घाट पुल के पार संत आशाराम बापू आश्रम में मनाया गया। सुबह बापूजी का पादुका पूजन किया गया। यज्ञ हवन पंडित निर्दोष अग्निहोत्री ने कराया। जिसमें भक्तों ने हवन में पूर्ण आहुतियां डाली। सत्संग भजन कीर्तन में भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भक्तों ने कार्यक्रम के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष शशिकुमार सिंह, उपाध्यक्ष अरुण दीक्षित, सचिव संदीप कुमार सिंह, रूपेश गुप्ता, राजेश पांडे, सुनील बाथम, शालू अग्निहोत्री, उर्मिला कटियार सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।


पूजन कार्यक्रम में भाग लेते भक्तगण

### डीएम को आज ज्ञापन देंगे व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता उर्फ माइकल पापड़ी भंडार अपनी शिकायत लेकर बिजली विभाग से संबंधित लकूला बिजली केंद्र गए थे। जहां पर एक कर्मचारी के द्वारा अभद्रता किये जाने का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरे ऊपर कर्मचारी द्वारा हाथ उठाया गया। जिसके विरोध में व्यापारी गुरुवार को डीएम व एसपी से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे और कार्यवाही की मांग करेंगे। यह जानकारी जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता ने दी है।

### रुपये मांगने पर महिला ने साथियों के साथ मिलकर युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज में एक युवक को रुपये मांगने जाना भारी पड़ गया। मोहल्ला बबना तिराहा निवासी युवक की एक महिला और उसके साथियों ने पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बबना तिराहा निवासी पिंटू राठौर पुत्र रामवीर राठौर ने मोहल्ले की एक महिला के बैंक खाते में कुछ रुपये डाले थे। मंगलवार रात पिंटू ये रुपये वापस लेने के लिए महिला के घर गया था। आरोप है कि इसी दौरान महिला ने अपने कुछ साथियों को बुला लिया। सभी ने मिलकर पिंटू के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर से काफी खून बहने लगा। घायल पिंटू ने किसी तरह अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन उसे लेकर नवाबगंज थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार से शिकायत की। पुलिस ने तत्काल घायल युवक को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# महाकाल मंदिर में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा पर्व

▸ गुरु ही ज्ञान का प्रकाश है: अर्चना दीक्षित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री महाकाल मंदिर अंगूरी बाग में आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व महर्षि वेद व्यास जी को समर्पित है। इस दिन गंगा स्नान, दान और व्रत के लिए है इस साल शुभ सहयोग से प्रीति योगए आयुष्मान योग और बुधादित्य राजयोग जैसे बेहद शुभ संयोग बन रहे हैं। मंदिर की महंत अर्चना दीक्षित ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही हमारे जीवन में अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान हैं। गुरु के बिना ज्ञान, संस्कार और चरित्र का निर्माण संभव नहीं है। आज के समय में जब समाज संस्कार विहीन हो रहा है, तब गुरु-शिष्य परंपरा को जीवित रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मंदिर में गुरुवर का पूजन नूतन वस्त्र पंच फल, पंच मिठान, पूड़ी, सब्जी, रायता का भोग लगाकर किया गया। आरती पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने गुरु का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आलोक दीक्षित, हरिओम गहलोत, गाजियाबाद से लता कटियार, गोलू, शिखा, शिवांगी, श्वेता, दिल्ली से पूनम, अरविंद, मथुरा से सोनू आलोक, अवधेश बाजपेई, विजय, चंदन, सिला, राजेश, बालकृष्ण, लालाराम, रामबाबू चौरसिया तथा निर्मला बाजपेई, सरोज, शिखा, शिवांश, रुद्रांश आदि भक्त मौजूद रहे।


पूजन के दौरान मौजूद साध्वी अर्चना दीक्षित व भक्तगण

## एसडीएम व सीओ ने विवादित भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** वीरपुर गांव में चल रहे भूमि विवाद को लेकर बुधवार शाम प्रशासन सक्रिय हो गया। कायमगंज के एसडीएम अभिषेक वर्मा और मोहम्मदाबाद के सीओ अजय वर्मा ने मामले का संज्ञान लिया। शाम करीब 5 :30 बजे दोनों अधिकारी नवाबगंज थाने पहुंचे। यहां उन्होंने विवाद से जुड़े दोनों पक्षों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके बाद एसडीएम और सीओ वीरपुर गांव पहुंचे और विवादित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर स्थिति का जायजा लेने के बाद एसडीएम ने राजस्व विभाग को जमीन का बंटवारा कुर्रा तैयार करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने दोनों पक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस पक्ष के हिस्से में जितनी जमीन आएगी, उसे वही भूमि मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि जब तक राजस्व विभाग की प्रक्रिया पूरी होकर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक दोनों पक्ष यथास्थिति बनाए रखेंगे और कोई निर्माण कार्य नहीं करेंगे। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। राजस्व विभाग की रिपोर्ट और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार और लेखपाल सौरभ सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र का ब्लाक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर में सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत नि:शुल्क रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख राजेपुर पल्लव सोमवंशी ने किया। सरकार द्वारा चलायी जा रही कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने कहा कि युवाओं व छात्रों को रोजगार परक बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अमृतपुर में प्रशिक्षण केंद्र खुलने से छात्र व युवा लाभांवित होंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान अमृतपुर प्रदीप सिंह राठौर, संदीप तिवारी, जितेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह सोमवंशी, सतेंद्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह, आमोद सिंह राठौर, सिद्धांत सिंह, केंद्र संचालक विपुल मिश्रा, एजाजुल हसन सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद ब्लाक प्रमुख व अन्य


हरी झण्डी दिखाते भापजा जिलाध्यक्ष

## ग्रामीण बस सेवा को भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को जनपद के बस स्टेशन पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने ग्रामीण बस सेवा के तहत नई बसों को हरी झंडी दिखाई। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया जनपद में यातायात की व्यवस्था को सुगम करते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के अंतर्गत ग्रामीण बस सेवा के माध्यम से नई बसों का संचालन शुरू हुआ है, जो एक विधानसभा को दूसरे विधानसभा से जोड़कर जनता को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए सुगम संचालन मिला है। प्रदेश की भाजपा सरकार निरंतर परिवहन विभाग के माध्यम से जनता को सुविधाएं देने का कार्य कर रही है। इस दौरान एआरएम बबलू राजपूत, पंकज राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड के त्रि-दिवसीय शिविर का हुआ समापन

▸ स्काउट के नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना एवं झंडा गीत का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट गाइड जिला इकाई के तत्वावधान में रस्तोगी इंटर कॉलेज में प्रवेश व प्रथम सोपान के त्रि-दिवसीय शिविर का समापन मुख्य अतिथि मुख्य जिला आयुक्त दिनेश वर्मा द्वारा संपन्न हुआ। शिविर के तृतीय दिवस स्काउट्स ने टेंट लगाकर एवं बिना बर्तनों के खाना पकाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ टेंट निरीक्षण के साथ हुआ। मुख्य आयुक्त एवं रस्तोगी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं जिला इकाई कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी ने निरीक्षण के दौरान स्काउट्स से विभिन्न सवाल पूछे एवं उनके प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का परीक्षण किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। दीप प्रज्वलन किया गया एवं मुख्य आयुक्त का फूल माला एवं तिलक से स्वागत अभिनंदन किया गया। शिविर प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह ने त्रिदिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि वर्मा ने स्काउट नियम एवं प्रतिज्ञा का वर्णन करते हुए स्काउट से अच्छे नागरिक बनने का आह्वान किया। जिससे कि वे अपने परिवार समाज एवं देश के हित में उपयोगी एवं अच्छे नागरिक बनें। उन्होंने याद दिलाया कि स्काउट विश्वसनीय वफादार में मितव्ययी राष्ट्र प्रेमी व प्रकृति प्रेमी होता है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने स्काउट्स से चारित्रिक विकास एवं उपयोगी नागरिक बनने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्काउट के नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना एवं झंडा गीत में स्काउट की मूल भावना निहित है। अतः उस मूल भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस शिविर में डॉक्टर यशवंत सिंह राठौड़ द्वारा भी भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।

शिविर में नागेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, किरण वर्मा, श्याम सुंदर शुक्ला, नरदेव सिंह, रवि वर्मा, राजेंद्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।


प्रशिक्षण शिविर में मौजूद स्काउट

# गुरु पूर्णिमा पर सतगुरु शिव बाबा को किया याद

▸ आध्यात्मिक जीवन अपनाने का लिया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं परमपिता परमात्मा शिव बाबा के स्मरण से हुआ। सेवा केंद्र प्रभारी बीके शोभा बहन ने कहा कि संसार में अनेक गुरु हो सकते हैं, लेकिन सच्चे सतगुरु निराकार परमपिता परमात्मा शिव बाबा हैं। वे ही आत्माओं को सत्य ज्ञान देकर अज्ञान के अंधकार से निकालकर सुख, शांति और पवित्रता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मपरिवर्तन और ईश्वरीय शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का श्रेष्ठ अवसर है। कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया तथा सतगुरु शिव बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। उपस्थित भाई-बहनों ने ईश्वरीय महावाक्यों का श्रवण कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज़ परिवार, नगर के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में भाग लेती बीके बहनें

# मखदूम ए फतेहगढ़ के उर्स में झूम उठे जायरीन

▸ दिखा गंगा जमुनी तहजीब का संगम, हुआ पहला कुल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर की एतिहासिक व गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल और सैकड़ों वर्ष पुरानी लोको स्थिति दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में कुरान ख्वानी के साथ उर्स की शुरुआत हुई और पहेली रात बाद नमाजे इंशा तहफ्फुज ऐ सुन्नत कान्फ्रेंस व नातिया मुशायरा में मौलाना शोएब आतीर मदारी कुरआन ए पाक की तिलावत कर तकरीरों का दौर शुरू हुआ। मौलाना प्रोफेसर सय्यद मुक्तिदा हुसैन मदारी सज्जादा नशीन मकनपुर शरीफ ने तकरीर कर कहा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है। ख्वाजा साहब ने इस पैगाम के साथ अपनी खानकाह के सभी धर्मों के लिए बिना जातिवाद के दरवाजे खोले मोहब्बत सभी से नफरत किसी से नहीं, उधर मौलाना नुरूल अरफात मकनपुरी ने शहादत ए इमाम हुसैन और हज़रत मखदूम सय्यद शहाबुद्दीन औलिया तारीखी रोशनी डाली और कहा फतेहगढ़ दरगाह पर चिश्ती, कादरी, मदारी, वारसी व सभी सिलसिलो का संगम है। शायर मुफ्ती शजर अली ने नातिया कलाम पेश करे। हसबी रब्बी जल्लाल्लाह माफी कल भी खैरुल्लाह, नूर ए मोहम्मद सल्लल्लाह हसबी रब्बी जल्लाल्लाह, इनके अलावा अलीगढ़ के मशहूर शायर यूसुफहातिफ और मुकाम और बहुरूनी सज्जादगान, उलमा वा शायरों ने शिरकत की।

फतेहगढ़ दरगाह शरीफ हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया के सज्जादा नशीन पीरजादा शाह मोहम्मद वसीम उर्फ मोहम्मद मियां ने सभी मेहमानों का तहेदिल से इस्तकबाल किया और उर्स की मुबारकबाद पेश की और तहफ्फुज ए अहले सुन्नत कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए मेहमानों को शिल्ड देकर शुक्रिया अदा किया। इमाम ए रब्बानी मुजद्दीद अलिफ सानी शेख अहमद सिरहिंद का पहला किला विभिन्न प्रांतों से आए जायरीनों ने शिरकत दुआएं की। बताया आज रात दूसरा कुल शाह शम्सुद्दीन अलैहि रहमा का होगा। साथ ही दरगाह पर फूल वा चादर पेश की। जिसमे सभी जायरीनों ने हाजिरी दी और अपनी अकीदत पेश की और शाम लंगर भी तकसीम किया गया। इस मौके पर मोहब्बत शाह के खलीफा मुहम्मद फहीम उर्फ राजा मियां कोटा, अंसार साबरी, इसरार साबरी, रफत हुसैन, नियाजी, हनीफ बब्लू, मोहम्मद तनवीर खान, नियजमीर साबरी, मोबीन साबरी, आफताब साबरी, राहुल, राजेश, हरविंदर पंजाब, शिवम आदि मौजूद रहे।



खिताब पेश करते मौलाना

## सूचना के बाद भी देरी से पहुंची वन विभाग की टीम

# घर में घुसा मगरमच्छ, ग्रामीणों ने 4 घंटे तक दिया पहरा

- रेस्क्यू के बाद शारदा नदी में छोड़ा, घटना के बाद गांव में लगाई जागरूकता चौपाल





**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** भीरा वन रेंज के राजपुर गांव में बुधवार तड़के एक मगरमच्छ के घर में घुसने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। परिवार ने रात करीब तीन बजे वन विभाग को सूचना दी, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि टीम करीब चार घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस दौरान लोग डंडे और टॉर्च लेकर घर के बाहर पहरा देते रहे। बाद में वन विभाग ने मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे शारदा नदी में छोड़ दिया। घटना के बाद गांव में मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर जागरूकता गोष्ठी भी आयोजित की गई। राजपुर निवासी राजेश पुत्र गयाप्रसाद के अनुसार, बुधवार तड़के करीब तीन बजे वह बाथरूम जाने के लिए उठे तो घर के अंदर मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ को देखते ही परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के बाद वन विभाग को कई बार फोन किया गया, लेकिन हर बार 'टीम पहुंच रही है' कहकर इंतजार कराया जाता रहा। इसी बीच एहतियात के तौर पर डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सुबह होने तक ग्रामीण घर के बाहर निगरानी करते रहे ताकि मगरमच्छ किसी पर हमला न कर सके। सुबह करीब सात बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित शारदा नदी में छोड़ दिया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि वन क्षेत्राधिकारी रमाकांत सक्सेना का कहना है कि विभाग को सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया, जिसने मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित रेस्क्यू व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र में 24 घंटे सक्रिय रेस्क्यू टीम की मांग की।

## जेल में निरुद्ध हत्या के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में करीब आठ माह पूर्व हुई चर्चित हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध तीन सगे भाइयों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खमरिया पुलिस द्वारा तैयार गैंग चार्ट के आधार पर जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर 2025 को थाना क्षेत्र के डलईपुरवा मजरा महरिया निवासी 55 वर्षीय मुन्ना भार्गव का शव जसवंतनगर-मोहम्मदापुर मार्ग स्थित एक गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। शव गन्ने की पत्तियों से ढका हुआ था और शरीर पर चोटों के निशान पाए गए थे। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन सगे भाइयों रामू, केशव और दीनदयाल पुत्र गोवर्धन भार्गव को हत्या का आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों का गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा गया। अनुमति मिलने के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह के निर्देशन में मामले की विशेष जांच कराई गई थी।

## गुरु पूर्णिमा पर गड़बड़ा धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र के अन्तर्गत गड़बड़ा स्थिति मां शीतला धाम में सोमवार को गुरु पूर्णिमा होने के कारण बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन पूण्य की कामना की। मां शीतला का दर्शन पूजन करने के लिए चार बजे भोर से ही मंदिर परिसर में लाइन लग गई थी। मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही भक्त दर्शन पूजन करने में जुट गए। मां की एक झलक पाते ही श्रद्धालु धन्य हो गए। सोमवार को प्रातःकाल से ही गड़बड़ा धाम में भक्तों का गुलजार लगा रहा। वही दूर दरार से आए श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित सेवटी नदी में आस्था की डुबकी लगाकर कतारबद्ध होकर मां शीतला का दर्शन पूजन किया।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की हुई मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज क्षेत्र के गंगहरा कला गांव के सत्यदेव पाल की 23 वर्षीया पत्नी गंगोत्री देवी की संदिग्ध स्थिति में फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हो गई।अपने घर में फंदे पर लटकी गंगोत्री को स्वजनों ने आनन फानन में फंदे से निकाल कर चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मायके से मृतका की माता और भाई पहुंच गए थे। सभी के मौजूदगी में पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के गंगहरा कला गांव में सत्यदेव पाल की विवाहिता गंगोत्री देवी अबूझहाल में फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। सत्यदेव पाल की चार वर्ष पहले पड़री थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव की गंगोत्री देवी के साथ विवाह हुआ था। शादी के बाद चार वर्ष गुजर गए लेकिन गंगोत्री देवी को कोई संतान नहीं हुई। इसके लिए विवाहिता का उपचार भी चल रहा था। बच्चे ने होने से विवाहिता गंगोत्री उदास रहती थी। स्वजन ने बताया कि मंगलवार को शाम वह सामान्य थी परिवार को भोजन के बाद स्वयं भोजन कर सोने चली गई। बुधवार की भोर चार बजे मकान में सीढ़ी के उपर बने छावनी में कथित रूप से फंदे पर झूल गई। फंदे पर सबसे पहले पति सत्यदेव पाल ने देखा और स्वजनो को जानकारी दी। आनन फानन में फंदे पर से निकाल कर चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां पर मृत घोषित कर दिया। विवाहिता की मौत से घर में कोहराम मच गया। विवाहिता के मायके से माता और भाई रोते बिलखते गंगहरा गांव पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय और लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ पहुंचे। स्वजनो से पुछ ताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विद्यालय जाते समय शिक्षक की हुई मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव निवासी 38 वर्षीय शिक्षक मोहम्मद रमजान कुरैशी की बुधवार सुबह घर से विद्यालय जाते समय रास्ते में अचानक तबीयत बिगड़ गई। जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिक्षक की रास्ते में मौत हो गई।देवहट गांव निवासी मोहम्मद रमजान कुरैशी ड्रमंडगंज स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में अंग्रेजी व कंप्यूटर विषय के अध्यापक थे। बुधवार सुबह घर से विद्यालय जा रहे थे जैसे ही ड्रमंडगंज बाजार पहुंचे तो सीने में अचानक तेज दर्द होने लगा और लड़खड़ा कर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें दौड़कर उठाया और घटना की जानकारी स्वजनों को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे स्वजन व सेंट फ्रांसिस स्कूल के प्रबंधक दिवाकर सिंह आनन फानन में निजी साधन से उपचार हेतु कोरांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने देखते ही शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। दिवाकर सिंह ने बताया कि सरल स्वभाव के शिक्षक मोहम्मद रमजान की अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई थी। चिकित्सक ने दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की बात कही है। मृतक को सात वर्षीया नुजैना व तीन वर्षीया रिफ्त दो पुत्रियां हैं।दस माह पूर्व बड़े भाई इस्लाम की भी हार्ट अटैक से हैदराबाद में मौत हो गई थी। मृतक के माता-पिता की भी मौत हो चुकी है। पति की अचानक मौत से पत्नी रूबी बानों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।शिक्षक के असामयिक निधन पर ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, दिवाकर सिंह, पिंटू खान,जेपी केशरी, मिस्टर अंसारी,रवि चौरसिया,अयूब खान आदि ने गहरा शोक जताया है।

### करंट की चपेट में आई महिला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** बरसात के मौसम में नमी के कारण करंट लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ताजा मामला लालगंज क्षेत्र के चक 65 दुबार कला गांव का है, जहां फराटा पंखे का तार लगाते समय एक महिला करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई।जानकारी के अनुसार राजकली, पत्नी विनय कुमार, उम्र 38 वर्ष, निवासी चक 65 दुबार कला फराटा पंखे का तार प्लग में लगाने जा रही थीं। जैसे ही उन्होंने तार प्लग में डाला, वह करंट की चपेट में आकर वहीं गिर पड़ीं। गिरने की आवाज सुनकर घर वाले मौके पर पहुंचे। किसी तरह तार हटाकर तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद यादव की टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद राजकली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लालगंज में भर्ती कराया। वहां उनका उपचार चल रहा है। बरसात के दिनों में जमीन और दीवारों में नमी होने से करंट उतरने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में बिजली के उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं, प्लग-तार की जांच करते रहें और बच्चों को बिजली के उपकरणों से दूर रखें। स्थानीय लोगों ने भी लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।



### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी सभा नारायण सिंह का 30 वर्षीय पुत्र मुन्नू सिंह बुधवार को खेत पर जाते समय बाइक से अनियंत्रित होकर अपने घर के पास मोड़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहां पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# धौरहरा में स्नान घाट व्यवस्था पर बवाल



**जल में बैठे श्रद्धालुओं को अफसरों ने किया समझाने का प्रयास**

**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा खीरी।** सावन माह की शुरुआत से पहले धौरहरा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जालिमनगर पुल स्थित घाघरा नदी के स्नान घाट की व्यवस्था को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। स्नान घाट बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन द्वारा किए गए वैकल्पिक इंतजामों से असंतुष्ट कुछ श्रद्धालु और स्थानीय लोग विरोधस्वरूप पानी में बैठ गए। सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया।

बताया गया कि हर वर्ष सावन में बड़ी संख्या में शिवभक्त जालिमनगर पुल स्थित घाघरा नदी में स्नान कर जल लेकर विभिन्न शिवालयों के लिए रवाना होते हैं। इस बार पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से स्नान घाट क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था कराई, लेकिन श्रद्धालुओं के एक वर्ग ने इसे अपर्याप्त बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष पवन पाठक सहित स्वामी नंदा नाथ, महंत सालिक राम, अविनाश मौर्य, राकेश यादव, चंद्रमोहन, मोहन यादव, शिवनंदन, रामनिवास और सजन सिंह सहित अन्य लोग पानी में बैठ गए। सूचना पर एसडीएम धौरहरा राशी कृष्णा, नायब तहसीलदार, ईसानगर व धौरहरा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक स्थिति यथावत बनी रही और पुलिस-प्रशासन मौके पर तैनात रहा।

उपस्थित लोगों ने बताया नायब तहसीलदार फिरोजाबाद से जब मंदिर कटान को लेकर प्रभावी इंतजाम करने को कहा गया तो उन्होंने कहा जब कटेगा तो देखा जाएगा। वही बेकल्पिक जल में गंदगी होगी तो ये जल भगवान को कैसे अर्पित होगा ये सवाल जब किया गया तो उन्होंने डीएम साहब से मिलने को कहा।

धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सावन में श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी से बातचीत हो चुकी है और शाम को अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया जाएगा। उधर, एसडीएम और तहसीलदार धौरहरा से आधिकारिक पक्ष लेने का प्रयास किया गया।

## पच्चीस हजार का इनामी बदमाश अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए 25 हजार के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और चोरी से संबंधित ?1700 बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में थाना प्रभारी ईसानगर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मितौला बाजार तिराहे के पास से जियालाल उम्र करीब 53 वर्ष निवासी पूरब बेती मजरा बेती सहदेव थाना ईसानगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी दो भैंस चोरी के मामलों में वांछित था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। पहली घटना में गोडियनपुरवा निवासी श्यामावती की करीब एक लाख रुपये कीमत की भैंस चोरी हुई थी, जबकि दूसरे मामले में बरारी निवासी जितेंद्र कुमार की भैंस चोरी के प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी की संलिप्तता सामने आई। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए।

## रोटरी क्लब गोला मुस्कान ने दतेली में बांटी खुशियां, 400 जरूरतमंदों को मिले वस्त्र

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** रोटरी क्लब गोला मुस्कान ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए शहर से सटे ग्राम दतेली स्थित मंदिर प्रांगण में निःशुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान करीब 400 जरूरतमंद ग्रामीणों को वस्त्र वितरित किए गए। वस्त्र प्राप्त कर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वितरण किए गए वस्त्रों में साड़ियां, पैंट-शर्ट, जींस, बच्चों के कपड़े, लड़कियों एवं महिलाओं के सूट तथा टी-शर्ट शामिल रहे। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाकर उनके जीवन में खुशियां लाना है। ऐसे सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में क्लब की सचिव अनुराधा पुरवार ने महिला सदस्य वंदना गुप्ता एवं नीलू भारती के साथ महिलाओं और बच्चों को वस्त्र वितरित किए। ग्राम प्रधान शाहजहां बानों के पति जहीरुद्दीन ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर रोटेरियन मनोज गोयल, अतुल राजपूत, सचिन रस्तोगी, ऋषु माहेश्वरी, राजीव राजपूत, राजीव गुप्ता, विवेक वर्मा, रोटरेक्ट यूथ के अध्यक्ष गौरीश सिंह, करम सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## करीब दो करोड़ की लागत से बना डिजिटल अध्ययन केंद्र विद्यार्थियों को समर्पित

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** नगर पंचायत निघासन में शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने की पहल के तहत करीब दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक डिजिटल अध्ययन केंद्र का बुधवार को भव्य समारोह के बीच उद्घाटन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, अनूप गुप्ता, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राज राजेश्वर सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह संयुक्त रूप से फीता काटकर अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




उद्घाटन के बाद अतिथियों ने डिजिटल अध्ययन केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध कराई गई आधुनिक सुविधाओं की जानकारी ली।समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि बदलते समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से डिजिटल हो रहा है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल अध्ययन केंद्र विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, ऑनलाइन अध्ययन और ज्ञानवर्धन के लिए महत्वपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के आधुनिकीकरण और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। डिजिटल अध्ययन केंद्र जैसी पहल से ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी महानगरों जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे उनकी प्रतिभा को नई उड़ान मिलेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी केंद्र की स्थापना को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ अध्ययन करने का अवसर मिलेगा और वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन विपिन कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी, सिंगाही नगर पंचायत अध्यक्ष मो0 कय्यूम एवं कर्मचारी, सभासद मुन्ना, उमेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी ने इस केंद्र के सफल संचालन और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री के निर्देश से नौतनवा पीएचसी के नए भवन की राह हुई आसान

- विधायक ऋषि त्रिपाठी की पहल लाई रंग, जर्जर भवन के स्थान पर आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की बढ़ी उम्मीद



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नौतनवा नगर क्षेत्र के लोगों को जल्द ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की सौगात मिल सकती है। वर्षों से जर्जर भवन में संचालित हो रहे नौतनवा पीएचसी के नवनिर्माण की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। क्षेत्रीय विधायक ऋषि त्रिपाठी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भवन निर्माण का मामला उठाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को निर्माण का इस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्देश के बाद क्षेत्रवासियों में नए भवन के शीघ्र निर्माण की उम्मीद और प्रबल हो गई है। नौतनवा पीएचसी का भवन और उसका आवासीय परिसर लगभग 60 वर्ष पुराना हो चुका है। समय के साथ भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है, जिससे यहां मरीजों का उपचार और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी दोनों ही जोखिम के बीच संचालित हो रहे हैं। बरसात के दिनों में भवन की स्थिति और अधिक चिंताजनक हो जाती है तथा किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

विधायक ऋषि त्रिपाठी ने इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए पुराने भवन को निष्प्रयोज्य घोषित कर उसके स्थान पर नए भवन के निर्माण के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी महराजगंज को जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने चार सदस्यीय तकनीकी जांच समिति गठित कर पीएचसी परिसर का स्थलीय निरीक्षण कराया।

## संगीतगुरु को एमएलसी प्रतिनिधि ने किया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर एम एल सी प्रतिनिधि श्रीमती रमा आर पी निरंजन ने संगीतगुरु पं परशुराम पाठक को उनके माँ शारदा संगीत विद्यालय में जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए आर पी निरंजन ने कहा कि जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन संगीत के लिए समर्पित किया हो,और निःशुल्क हजारों शिष्यों को निःशुल्क शिक्षा देकर पूरे देश मे भारतीय संस्कृति तथा भारतीय संगीत का प्रसार किया हो,उंसके सम्मान से सभी का गौरव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि वह शासन से भी सम्मानित कराने के किये प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर एम एल सी प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र पटेल भड़ोकर, विवेक बरसै या, देवेंद्र घोष उपस्थित रहे।

## मैहर घराने की गुरुकुल पीठ में बरसे राग रागनियों के रंग



**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय।** मैहर घराने की गुरुकुल पीठ माँ शारदा संगीत विद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर संगीतगुरु पं परशुराम पाठक के शिष्यों द्वारा गुरुपूजन कर संगीत की राग रागनियों की प्रस्तुतियों ने मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीताचार्य शिवनंदन प्रसाद वशिष्ठ,पूर्व चेयरमैन पं देवेश पालीवाल ,मनोहर राव नेवालकार, प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,मेजर अखिलेश पिपरैया,पी सी सी सदस्य रमेश मौर्य,गायत्री परिवार के तहसील संयोजक सतीश चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ जगमोहन समेले,पूर्व प्रवक्ता शिव कुमार तिवारी, समाजसेवी भगवत नारायण नगरिया आदि अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम के समापन सत्र के अतिथि एम एल सी प्रतिनिधि श्रीमती रमा आर पी निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि उनके प्रतिनिधि पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर रहे। संगीत गोष्ठी के शुभारंभ में नेहा पटेल,शिवानी यादव ने गुरुवंदना से किया। कार्यक्रम में नेहा पटेल ने भजन जिन्दगी तुमको मिली राम गुन गाने को ,शिवानी यादव ने बुंदेली गीत जर जाबै पन्ना को बाजार हमारी ननद हिरा गई बटुआ सी की सुंदर प्रस्तुति दी। शिवानी बबेले ने राग गारा,वृन्दावन से आई रेखा रानी ने वृन्दावन करुणा मई के द्वारा भाव विभोर किया।गजल गायक विवेक बरसै या ने गज़ल दुनियां किसी के प्यार में जन्नत से कम नहीं है की प्रस्तुति से समा बांधा। पं सरजू शरण पाठक के साथ ब्रजेश कुमार बंका पहाड़ी, वेदिका पटेरिया ने सितार वादन प्रस्तुत कर झंकृत किया।उनके साथ तबले पर संगत मऊरानीपुर से आये अखिलेश त्रिपाठी ने की। इसके अलावा दूर दराज से आये कलाकार प्रमोद गोस्वामी, सोनू पटेल,मधु दीक्षित, अंकित पटेल, मनमोहन, अंकुल कुमार,पुष्पेंद्र कुमार,धर्मेन्द्र कौशिक,नमन गौतम,उपेंद्र खरे,हनी नामदेव, कृष्णा गौतम,अंशुल,नमन सोनी,राम जी सेन,बृजेन्द्र शर्मा, अखिलेश भगत, श्रेया सोनी,दिव्यांश सोनी आदि कलाकारों ने गायन वादन से मन मोहा। संचालन शिक्षक नेता आदर्श द्विवेदी ने किया। अंत मे आभार व्यक्त देवेंद्र घोष ने किया। इस मौके पर योग गुरु गंगा प्रसाद श्रृंगीऋषि, ठाकुरदास तिवारी,कैलाश प्रकाश गुप्ता, ओ पी शर्मा,राम बाबू शर्मा,जयप्रकाश बरसै या,सौरभ कुमार अग्रवाल, लाल जी शर्मा, सुनील चौहान, अखिलेश तिवारी सुट्टा,विनय दुवे, इंद्रभूषण द्विवेदी, शैलेन्द्र शर्मा, राघवेंद्र यादव, निर्भय सोनी, दीपक सोनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हेलमेट पहनने वालों का गुलाब से सम्मान, 100 लोगों को नि :शुल्क हेलमेट वितरित

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पंचायत बृजमनगंज द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से बुधवार को विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे 100 वाहन चालकों को आईएसआई मार्का हेलमेट निशुल्क वितरित किए गए। वहीं, हेलमेट पहनकर चलने वाले वाहन चालकों का गुलाब का फूल भेंटकर सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल स्वयं अभियान में शामिल हुए और सड़क पर उतरकर लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल यातायात नियमों का पालन करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। थोड़ी-सी सतर्कता किसी परिवार को बड़े हादसे और अपूरणीय क्षति से बचा सकती है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से हर यात्रा के दौरान हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान पुलिस प्रशासन ने भी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी तथा सुरक्षित यातायात की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली गंभीर चोटें अधिकांश मौतों का कारण बनती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य केवल हेलमेट वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति स्थायी जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि बृजमनगंज क्षेत्र को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित बनाया जा सके। इस दौरान उपनिरीक्षक विजेंद्र मिश्रा, कांस्टेबल बृजेश पाल, सभासद झिनक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया, अनिल मणि, सनी रैना सहित नगर पंचायत के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

